CMYK

ताममान
अधिकतम :33°C
न्यूनतम: 22°C

सेंसेक्स
81,596.63
24,813.45

सोना चांदी
98,250
1,00,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, गुरुवार 22 मई 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 22 अंक 271 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com


विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 23 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित




**पाकिस्तान से अफगानिस्तान तक सड़क बनाएगा चीन**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**पिकलबॉल में हाथ आजमा रहे कोहली व अनुष्का**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# बानू मुश्ताक को मिला इंटरनेशनल बुकर प्राइज



**हार्ट लैंप यह सम्मान पाने वाली कन्नड़ भाषा की पहली पुस्तक, दीपा भष्ठी ने किया अंग्रेजी अनुवाद**

**नई दिल्ली/लंदन।** भारतीय लेखिका, वकील और एक्टिविस्ट बानू मुश्ताक ने अपनी किताब 'हार्ट लैंप' के लिए इंटरनेशनल बुकर प्राइज जीता है। हार्ट लैंप कन्नड़ भाषा में लिखी पहली किताब है, जिसे बुकर प्राइज मिला है।

दीपा भष्ठी ने इसे अंग्रेजी में ट्रांसलेट किया है। बुकर प्राइज के लिए हार्ट लैंप को दुनियाभर की छह किताबों में से चुना गया। यह अवॉर्ड पाने वाला पहला लघु कथा संग्रह (शॉर्ट स्टोरी कलेक्शन) है। दीपा भष्ठी इस किताब के लिए अवॉर्ड जीतने वाली पहली भारतीय ट्रांसलेटर हैं। बानू मुश्ताक और दीपा भष्ठी ने मंगलवार को लंदन के टेट मॉडर्न में हुए कार्यक्रम में अवॉर्ड रिसीव किया। दोनों को 50,000 पाउंड (52.95 लाख रुपये) की पुरस्कार राशि भी मिली है, जो लेखक और ट्रांसलेटर के बीच बराबर-बराबर बांटी जाती है। बानू मुश्ताक ने हार्ट लैंप किताब में दक्षिण भारत में पितृ सत्तात्मक समाज में रहने वाली मुस्लिम महिलाओं की कठिनाइयों को मार्मिक ढंग से दर्शाया है। उन्होंने 1990 से 2023 के बीच, तीन दशकों के दौरान ऐसी 50 कहानियां लिखी थीं। दीपा भष्ठी ने इनमें से 12 कहानियों को चुनकर ट्रांसलेट किया। अवॉर्ड जीतने के बाद मुश्ताक ने कहा कि यह किताब का जन्म इस भरोसे से हुआ है कि कोई भी कहानी कभी छोटी नहीं होती। मानवीय -शेष पृष्ठ दो पर

## भारत का सख्त एक्शन

# पाक उच्चायोग के अफसर को 24 घंटे में देश छोड़ने के आदेश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**भारत ने पाक अफसर को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित किया**

**नई दिल्ली।** भारत ने पाकिस्तानी उच्चायोग में कार्यरत एक अधिकारी को पर्सोना नॉन ग्राटा घोषित कर दिया है और उससे 24 घंटे में देश छोड़ने के लिए कहा है।

भारत ने यह कार्रवाई पाकिस्तानी अधिकारी के अपने कार्यक्षेत्र के इतर अन्य तरह की संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने के कारण की है। पहलगाम हमले के बाद से भारत लगातार संदिग्ध पाकिस्तानी अधिकारियों को देश छोड़ने के आदेश जारी कर रहा है। पाकिस्तान उच्चायोग के प्रभारी को भारत ने बुधवार को इस संबंध में एक डिमार्शे (कूटनीति में दूसरे देश के खिलाफ उठाया गया कदम) जारी किया और उनसे उपरोक्त अधिकारी को 24 घंटे के भीतर देश से बाहर भेजने के लिए कहा गया है। इस संदर्भ में बुधवार को पाकिस्तान उच्चायोग के कार्यवाहक उच्चायुक्त को एक कड़ा आधिकारिक विरोध पत्र जारी किया गया। भारत की ओर से स्पष्ट रूप से निर्देश दिए गए हैं कि पाकिस्तान के कोई भी राजनयिक या अधिकारी भारत में अपने विशेषाधिकारों और दर्जे का किसी भी प्रकार से दुरुपयोग न करें। बता दें कि पर्सोना नॉन ग्राटा किसी भी विदेशी राजनयिक को अवांछित घोषित करने की वह स्थिति होती है। जिसके तहत उसे देश छोड़ने का तुरंत आदेश दिया जाता है।

# छत्तीसगढ़ में 27 नक्सली ढेर

## मुठभेड़ में डेढ़ करोड़ का इनामी नक्सली भी मारा गया, एक जवान शहीद

नारायणपुर, वार्ता

**छत्तीसगढ़ के** चार विभिन्न जिलों के सुरक्षा बलों के जवानों ने बुधवार को हुई मुठभेड़ में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए सुरक्षाबलों ने 27 नक्सलियों को ढेर कर दिया और कई अन्य घायल हुए हैं। वहीं मुठभेड़ में डेढ़ करोड़ रुपये का इनामी खूंखार नक्सली बसव राजू भी मुठभेड़ में मारा गया है। वहीं नक्सली कमांडर रुपेश और कई अन्य बड़े नक्सली नेताओं के भी मारे जाने की खबर है।

मुठभेड़ के दौरान एक जवान भी शहीद हो गया और एक अन्य घायल हो गया है। इस मुठभेड़ में कई बड़े नक्सली लीडर या तो फंसे हुए हैं या फिर मारे गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अबूझमाड़ क्षेत्र में सुबह सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। नारायणपुर जिले के पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने बताया कि जिले के अबूझमाड़ क्षेत्र के माड़ डिवीजन में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) नारायणपुर, डीआरजी दंतेवाड़ा, डीआरजी बीजापुर और डीआरजी कोंडागांव के संयुक्त दल को नक्सल विरोधी अभियान के लिए रवाना किया गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, जिनके पास गृह विभाग का भी प्रभार है, ने बताया कि नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा -शेष पृष्ठ दो पर



### सरकार नक्सलवाद के खात्मे को प्रतिबद्ध : मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने माओवाद की त्रासदी को दूर करने और लोगों के लिए शांति तथा प्रगति का जीवन सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए छत्तीसगढ़ में एक मुठभेड़ में 27 नक्सलियों का खात्मा करने के लिए सुरक्षा बलों की सराहना की है। श्री मोदी ने कहा कि इस महत्वपूर्ण सफलता के लिए हमें अपने बलों पर गर्व है।

### छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई में ऐतिहासिक उपलब्धि: शाह

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में 27 खूंखार नक्सलियों के मारे जाने को नक्सलवाद को खत्म करने की लड़ाई में ऐतिहासिक उपलब्धि करार देते हुए कहा है कि सरकार अगले वर्ष 31 मार्च से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। बुधवार को छत्तीसगढ़ के नारायणपुर में एक ऑपरेशन में, हमारे सुरक्षा बलों ने 27 खूंखार माओवादियों को मार गिराया है, जिनमें सीपीआई-माओवादी के महासचिव, शीर्ष नेता और नक्सल आंदोलन की रीढ़ नंबाला केशव राव उर्फ बसवराजू भी शामिल हैं।

## सोनिया व राहुल गांधी की मुश्किलें बढ़ने के आसार



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी से जुड़े नेशनल हेराल्ड मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गुरुवार को दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में चौथी सुनवाई हुई। ईडी ने कोर्ट को बताया कि, पहली नजर में सोनिया और राहुल के खिलाफ केस बनता है। दोनों ने अपराध की आय से 142 करोड़ रुपये कमाए हैं। ईडी की तरफ से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि आरोपी तब तक अपराध की आय का आनंद ले रहे थे जब तक कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नवम्बर 2023 में नेशनल हेराल्ड से जुड़ी 751.9 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त नहीं कर ली। ईडी की तरफ से दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने कहा कि, इस मामले में 2 से 8 जुलाई तक रोजाना सुनवाई होगी।

## जस्टिस वर्मा कैश कांड: एफआईआर की मांग वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** कैश मामले में घिरे इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ एफआईआर की मांग वाली याचिका बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि ये मामला प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के पास है। आप पहले जाकर उनसे गुहार लगाएं। फिर हमारे पास आएं। सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने इस मामले की सुनवाई की। एफआईआर की मांग वाली याचिका एडवोकेट मैथ्यूज नेडुमपारा ने लगाई थी। दरअसल, जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित घर में 14 मार्च की रात आग लगी थी। उनके घर के स्टोर रूम से 500-500 रुपये के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे।

# वक्फ कानून पर लगातार दूसरे दिन भी हुई सुनवाई

**वक्फ का इस्लाम में जिक्र, लेकिन इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं: केंद्र**

**नई दिल्ली।** वक्फ (संशोधन) कानून की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को लगातार दूसरे दिन सुनवाई हुई।

केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने कोर्ट से कहा कि सरकारी जमीन पर किसी का कोई हक नहीं हो सकता, चाहे वो 'वक्फ बाय यूजर' के आधार पर ही क्यों न हो। एसजी मेहता के मुताबिक अगर कोई जमीन सरकारी है, तो सरकार को पूरा अधिकार है कि वह उसे वापस ले ले, भले ही उसे वक्फ घोषित कर दिया गया हो। किसी भी प्रभावित पक्ष ने अदालत का दरवाजा नहीं खटखटाया। किसी ने भी ये नहीं कहा कि संसद के पास इस कानून को पारित करने का अधिकार नहीं है। वक्फ एक इस्लामी अवधारणा है, इस पर कोई विवाद नहीं है, लेकिन वक्फ इस्लाम का अनिवार्य हिस्सा नहीं है। जब तक यह साबित न हो जाए, बाकी तर्क विफल हो जाते हैं। वक्फ कानून -शेष पृष्ठ दो पर





with you hamesha | xmart by mahindra | *Price indicated is Ex-Showroom price of MX1 petrol variant (All India). Terms of offer may be altered/amended/withdrawn without prior notice. Accessories shown are not part of standard equipment. *T&C apply. To book online visit auto.mahindra.com.

BAJRANG MOTORS — KUMAR AUTOWHEELS PVT.LTD.

| BAJRANG MOTORS | | | | | KUMAR AUTOWHEELS PVT.LTD. | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| HALDWANI | PITHORAGARH | ALMORA | BAGESHWAR | CHAMPAWAT | RUDRAPUR | KASHIPUR | KHATIMA | SITARGANJ |
| 7617595006<br>9997191416 | 7060201577 | 9997051025 | 8126177772 | 8126177778 | 8192835111<br>8449101234 | 8449904477 | 8191899023 | 8193899109 |

## संक्षिप्त समाचार

### खड़गे-राहुल ने बुकर पुरस्कार जीतने पर दी बानो मुश्ताक को बधाई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी सांसद शशि थरूर ने कन्नड़ लेखिका बानु मुश्ताक को प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीतने पर बुधवार को प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और कहा कि लेखिका ने देश तथा कन्नड़ भाषा का नाम रोशन किया है। खड़गे ने कहा कि भारत को बानू मुश्ताक पर बहुत गर्व है, जिन्होंने लघु कथा संकलन – 'हार्ट लैंप' के लिए प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीतने वाली पहली कन्नड़ लेखिका बनकर इतिहास रच दिया है। यह उल्लेखनीय साहित्यिक उपलब्धि है, जिसने कन्नड़ और भारत दोनों को वैश्विक स्तर पर सम्मानित किया है।

### करंट लगने से चार मरे, तीन गंभीर

**गाजीपुर।** उत्तर प्रदेश में गाजीपुर जिले के मरदह क्षेत्र में पूजन समारोह की तैयारी के दौरान करंट लगने से चार लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पीपनार नरवर गांव निवासी सुरेन्द्र पंथी के यहां काशीदास पूजन के तैयारी के दौरान पांडाल बनाते समय हाई वोल्टेज लाइन से विद्युत तार से बांस के स्पर्श होने से सात लोग झुलस गये। सभी घायलों को मऊ स्थित फातिमा चिकित्सालय लाया गया जहां चिकित्सकों ने छोटेलाल यादव (35), रविंद्र यादव (29), गोरख यादव (23) और अमन यादव (19) को मृत घोषित कर दिया। सभी मृतक पीपनार नरवर गांव के निवासी है।

### अपराध नियंत्रण पर भाजपा के सभी दावे झूठेः अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है और अपराध नियंत्रण के भाजपा सरकार के सभी दावे झूठे साबित हो रहे हैं। यादव ने बुधवार को एक बयान में कहा कि कानून व्यवस्था और अपराध को लेकर भाजपा सरकार का जीरो टॉलरेंस का दावा जीरो हो चुका है। महिलाओं के साथ हत्या, लूट, बलात्कार की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। भाजपा सरकार की नाकामी से महिला अपराध में यूपी नंबर वन बन गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में उत्तर प्रदेश में कोई भी सुरक्षित नहीं है। गरीबों के साथ अन्याय, अत्याचार की घटनाएं भी लगातार बढ़ती जा रही है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। धरातल पर कोई कार्य नहीं हो रहा है।

### ऑपरेशन सिंदूरः जवानों के पराक्रम को किया सलाम

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने बुधवार को पुंछ जिले में सेना के जवानों के बीच पहुंच कर उनके शौर्य एवं पराक्रम को सलाम किया और कहा कि धर्म की जीत हुई है और अधर्म ने उनके हथियारों एवं पराक्रम के आगे घुटने टेक दिए हैं। सिन्हा ने लिखा, 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान सेना के वीर जवानों के अदम्य साहस व वीरता के लिए उन्हें सलाम। पुंछ में जवानों से बातचीत के दौरान मैंने उनकी अजेय शक्ति को याद किया, जिसने भारत के लिए निर्णायक जीत सुनिश्चित की। उन्होंने कहा कि धर्म की जीत हुई है और अधर्म ने आपके हथियारों एवं पराक्रम के आगे घुटने टेक दिए हैं।

# जय हिंद सभाओं में सरकार से पूछेंगे सवालः कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता

■ ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर जवानों को करेंगे सलामः रोहित चौधरी

कांग्रेस ने बुधवार को कहा कि पार्टी 24 से 31 मई तक देश के कई स्थानों पर जय हिंद सभाएं आयोजित करेगी, जिनमें पहलगाम हमले के बाद आतंकवादियों के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई के दौरान सेना की बहादुरी को सलाम करके खुफिया तंत्र की विफलता को लेकर सरकार से सवाल पूछे जाएंगे।

कांग्रेस पूर्व सैनिक विभाग के प्रमुख कर्नल रोहित चौधरी और विंग कमांडर अनुमा आचार्य ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी ने निर्णय लिया है कि 24 से 31 मई तक लोगों के बीच जाकर 'जय हिंद' सभाएं आयोजित की जाएंगी। यह सभाएं दो चरणों में आयोजित होंगी, जिसके पहले चरण में 16 शहर चुने गए हैं, जहां जय हिंद' सभाएं की जाएंगी। इन सभाओं के जरिये सैनिकों की वीरता को नमन किया जाएगा। ये सभाएं राज्य और जिला स्तर पर होंगी, जिनमें हमारे सैनिकों की वीरता को नमन किया जाएगा। उन्होंने पहलगाम हमले को सुरक्षा की सबसे बड़ी विफलता और गृह मंत्रालय की नाक. ामी करार देते हुए कहा कि सरकार को बताना चाहिए कि यह हमला कैसे हुआ और फिर भारत ने इसके खिलाफ कैसे 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि करीब एक महीने से देश काफी मुश्किल दौर से गुजर रहा है, इसलिए कांग्रेस ने यह निर्णय लिया है। इन सभाओं से संवाद स्थापित करके सरकार से सवाल पूछे जाएंगे कि पहलगांव में खुफिया तन्त्र विफल कैसे हुआ। अब तक आतंकवादी अब तक पकड़े क्यों नहीं गए और उन्हें पकड़ने के लिए सरकार क्या योजना बना रही है। सवाल है कि पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई को अचानक क्यों रोका गया और अमे. रिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कैसे दावा किया कि व्यापार के कारण उन्होंने संघर्ष विराम करवाया।

### मोदी ने सांसदों को विदेश जाने से पहले रोका हताशा में फिर किया शुरू : जयराम रमेश



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सत्ता के जोश में पहले परंपराओं को बंद करते रहे, लेकिन जब छवि के धूमिल होने के संकट से घिरे तो फिर सांसद प्रतिनिधिमंडल विदेश भेजने का सिलसिला शुरु कर दिया है। कांग्रेस ने कहा की विदेश में गहरे संपर्क स्थापित करने के लिए 1950 में ही सांसदों के प्रतिनिधिमंडल को विदेश भेजने का सिलसिला शुरू हो गया था, लेकिन मोदी ने सत्ता में आने के बाद जोश दिखाते हुए इस क्रम को बंद किया और अब हताशा में इस क्रम को फिर से शुरू करते हुए सांसदों को विदेश भेज रहे हैं। पार्टी के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने बुधवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि वर्ष 1950 के दशक से, विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों को हर साल अक्टूबर और नवंबर में न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में प्रतिनिधिमंडल के रूप में भेजा जाता था। मोदी ने 2014 से इस परंपरा को बंद कर दिया, लेकिन अब जब वे हताश हैं और उनकी छवि वैश्विक स्तर पर धूमिल हो गई है, तो उन्हें अचानक सर्वदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडलों के बारे में सोचना पड़ा।

# दिल्ली-एनसीआर में बारिश, ओले गिरे

नई दिल्ली, वार्ता



80 किमी की रफ्तार से हवा चलने से खम्भे और पेड़ उखड़े कई इलाकों की बिजली गुल

दिल्ली- एनसीआर में बुधवार की शाम करीब 7 बजे से अचानक मौसम बदल गया। देर रात तक तेज आंधी के साथ बारिश हो रही है। कई इलाकों में 80 किमी की रफ्तार से हवा चलने से पेड़ उखड़ गए। बिजली के पोल भी गिर गए, जिसकी वजह से कई इलाकों में बिजली गुल गई। कुछ जगहों पर ओले गिरने की भी खबर है।

दिल्ली के अलावा पश्चिमी उप्र, मध्य प्रदेश समेत 30 राज्यों के कुछ इलाकों में आंधी-बारिश हो रही है। इनमें हरियाणा, असम, मेघालय, गोवा और कर्नाटक के समुद्री इलाके शामिल हैं। गोवा में लगातार दूसरे दिन भारी बारिश जारी है। साथ ही 60 ाउची की रफ्तार से हवा चल रही है। बीते 24 घंटों में उत्तर गोवा के पेरनेम में 207 उउ से ज्यादा बारिश दर्ज हुई है। मौसम विभाग (आईएमडी) ने दोनों जिलों उत्तर और दक्षिण गोवा में आज आरेंज अलर्ट जारी किया था, फिर दोपहर में इसे बढ़ाकर रेड अलर्ट में बदल दिया गया। राज्य सरकार ने वाटरफाल, जंगल और ट्रैकिंग स्पाट पर एंट्री बैन कर दी है।

विभाग ने गुरुवार के लिए बारिश का आरेंज अलर्ट और इसके बाद 27 मई तक यलो अलर्ट जारी किया है। इंडिगो एयरलाइन ने कहा, श्भारी बारिश के चलते आज गोवा की फ्लाइट्स प्रभावित हो सकती हैं। एयरपोर्ट जाने से पहले फ्लाइट का स्टेटस जरूर चेक करें। वहीं, उत्तर प्रदेश में भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है। हीट वेव और गर्मी से जुड़ी बीमा. रियों के लिए राजधानी लखनऊ के अस्पतालों में कोल्ड वार्ड बनाए गए हैं। हीट वेव मरीजों के लिए 20 बेड रिजर्व हैं, जिसमें 10 इमरजेंसी के लिए हैं। लोगों को दोपहर 12 बजे से 4 बजे तक घर से न निकलने की सलाह दी गई है।

# छुट्टियों में वकील काम नहीं करना चाहतेः सीजेआई

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहाः जज वेकेशन में भी होते हैं, लेकिन पेंडिंग केसों के लिए न्यायपालिका पर ठीकरा फूटता है

**नई दिल्ली।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (सीजेआई) बीआर गवई ने बुधवार को कहा कि वकील छुट्टियों के दौरान काम करना नहीं चाहते, लेकिन केसों के बढ़ते बोझ (बैकलॉग) के लिए जजों को जिम्मेदार ठहराया जाता है।

दरअसल, सीजेआई गवई और जस्टिस ऑगस्टीन जार्ज मसीह की बेंच एक मामले की सुनवाई कर रही थी। तब एक वकील ने अपनी याचिका की सुनवाई गर्मी की छुट्टियों के बाद करने की मांग की। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक नोटिफिकेशन जारी किया है, जिसमें बताया गया है कि 26 मई से 13 जुलाई तक अदालत आंशिक रूप से काम करती रहेगी। इस दौरान हर हफ्ते 2 से 5 बेंच बैठेंगी। खास बात यह है कि खुद सीजेआई समेत सुप्रीम कोर्ट के पांच जज छुट्टियों में भी केसों की सुनवाई करेंगे, जबकि पहले ऐसा नहीं होता था। पहले केवल दो वैकेशन बेंच होती थीं और सीनियर जज छुट्टियों में कोर्ट नहीं आते थे। छुट्टियों में भी सीजेआई गवई भी कोर्ट आएंगे 26 मई से एक जून तक सीजेआई गवई, जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस जेके माहेश्वरी मामलों की सुनवाई करेंगे। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री सोमवार से शुक्रवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक खुली रहेगी। शनिवार, रविवार और सार्वजनिक छुट्टियों पर रजिस्ट्री बंद रहेगी। सुप्रीम कोर्ट में 83 हजार केस पेंडिंग, अब तक की सबसे बड़ी संख्या देश की सर्वोच्च अदालत सुप्रीम कोर्ट में 82,831 केस पेंडिंग हैं। यह अब तक पेंडिंग केसों की सबसे बड़ी संख्या है। अकेले 27,604 पेंडिंग केस पिछले एक साल के अंदर दर्ज हुए हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सुप्रीम कोर्ट में 2024 में 38,995 नए केस दर्ज किए गए।

## संस्थागत व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ की जाएंः सीएम

# सभी मंडलों में बनेंगे दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही

■ वर्तमान में 1680 बच्चों को आवासीय शिक्षा प्रदान की जा रही

**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की समीक्षा करते हुए कहा कि कुछ अराजक तत्व सुनियोजित ढंग से दिव्यांगजनों के विद्यालयों और शिवविद्यालयों में भ्रम फैलाकर उन्हें अवांछित और समाजविरोधी गति. विधियों की ओर ले जाने की को. शिश कर रहे हैं। हमें छात्रों की सुरक्षा और मानसिक-सामाजिक संरक्षण सुनिश्चित करना होगा। उन्होंने निर्देश दिए कि इन संस्थानों में सहायता के नाम पर प्रस्ताव देने वाली बाहरी संस्थाओं की पृष्ठभूमि की गहन जांच-पड़ताल के बाद ही उनकी अनुमति दी जाए।

बैठक में ये भी जानकारी दी गई कि अब तक प्रदेश में 15 लाख दिव्यांगजन यूडीआईडी पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं, जिनमें अधिकांश को यूनिक आईडी कार्ड निर्गत किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी 18 मंडल मुख्यालयों पर 'दिव्यांग पुनर्वास केंद्रों' की स्थापना प्राथमिकता के आधार पर की जाए, ताकि पुनर्वास, शिक्षा और कौशल विकास से संबंधित सेवाएं स्थानीय स्तर पर ही सुलभ हो सकें। अधिक. ारियों ने बैठक में ये भी जानकारी दी कि दिव्यांगजन पेंशन योजना के अंतर्गत वर्तमान में 11.04 लाख लाभार्थियों को 1300 करोड़ रुपए की पेंशन राशि वितरित की गई है, जबकि कुष्ठरोग पीड़ित लगभग 12 हजार व्यक्तियों को 3000 रुपए प्रतिमाह की दर से सहायता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि राज्यस्तरीय अभियान चलाकर ये पता लगाया जाए कि किन पात्र व्यक्तियों को अभी तक पेंशन नहीं मिल रही है, साथ ही जो अपात्र लाभ ले रहे हैं, उन्हें भी चिह्नित कर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पिछले वित्तीय वर्ष में 35,136 दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, ब्रेल किट्स जैसे सहायक उपकरणों के लिए 28.93 करोड़ की सहायता दी गई है। मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल योजना के अंतर्गत 270 अत्यंत दिव्यांगजन को दो लाख रुपए तक की मशीनें उपलब्ध कराई गईं। सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार की तरफ से चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्रदेश के लाभार्थियों तक पूरी तत्परता से पहुंचें, ये सुनिश्चित किया जाए। दिव्यांगजनों को राज्य परिवहन निगम की बसों में निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। बैठक में जानकारी दी गम्र कि बीते वित्तीय वर्ष में 31 लाख से अधिक दिव्यांगजनों ने इस सुविधा का लाभ उठाया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के सभी बचपन डे केयर सेंटरों, मान. सिक मंदित आश्रय केंद्रों, समेकित विद्यालयों और 'ममता', 'स्पर्श' और 'संकेत' विद्यालयों का निरीक्षण किया जाए। यहां अध्ययन कर रहे बच्चों से संवाद स्थापित कर उनकी आवश्यकताओं, आकांक्षाओं और अभिभावकों की अपेक्षाओं को समझते हुए संस्थागत व्यवस्थाएं और अधिक सुदृढ़ की जाएं। इन विद्यालयों में शिक्षकों के खाली पदों को भरा जाए और जब तक रेगुलर नियुक्ति न हो तब तक अन्य वैकल्पिक व्यवस्था से योग्य युवाओं की सेवाएं ली जाएं। इन युवाओं को भविष्य की चयन प्रक्रियाओं में वेटेज प्रदान किया जाना चाहिए। सीएम ने कहा कि ये योजना तभी प्रभावी हो सकती है, जब नवजात स्तर से ही उपचार प्रारम्भ हो। उन्होंने निर्देश दिए कि हाल ही में योजना से लाभान्वित 214 बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति का फालोअप करते हुए उनके परिवारों से संवाद स्थापित किया जाए।

### यूपी के मदरसों में अब मैथ, साइंस भी जरूरी

योगी सरकार के मंत्री दानिश ने दी जानकारी

**लखनऊ।** यूपी के मदरसों में अब बच्चे मैथ, साइंस और कम्प्यूटर की शिक्षा भी ग्रहण करेंगे। यह जानकारी योगी सरकार में मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने दी। उन्होंने कहा कि मदरसे में पढ़ने वाला बच्चा दीन और इस्लाम की बेहतर तालीम के साथ अन्य चीज भी जाने इसको लेकर हमारी कोशिश है, दीनी तालीम के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा को भी हम उन्हें दें। इन तमाम विषयों को देखते हुए मुख्यमंत्री ने कुछ दिनों पहले बैठक ली। उन्होंने कहा कि बेहतर करिकुलम के साथ अब मदरसे की शिक्षा को हम डिजाइन करने जा रहे हैं। दानिश ने कहा कि मदरसे में एनसीईआरटी के कोर्स को जोड़ने जा रहे हैं। उन्होंने साफ किया कि दीनी तालीम के साथ कहीं कोई छेड़छाड़ नहीं होगी, पर उसके साथ-साथ आधुनिक शिक्षा को भी जोड़ेंगे, स्पोर्ट्स एक्टिविटी को जोड़ेंगे। इसमें कंप्यूटर लैब, साइंस लैब डेवलप करेंगे। मदरसे में स्किल डेवलपमेंट सेंटर को बढ़ावा देंगे। मदरसे में कैरियर गाइडेंस के लिए करियर काउंसिल प्रोग्राम लगाएंगे। यहां पढ़ने वाली बच्चियों के लिए बेहतर भविष्य से कैसे उनको कनेक्ट किया जाए, इसको लेकर काम करेंगे। उन्होंने कहा की हम एक विशेष करिकुलम, एक नीति बनाने जा रहे हैं। सीएम ने इसको लेकर स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मदरसा शिक्षा को बेहतर और बेहतरीन बनाना है।

## अर्थ व्यापार

# लिवाली की बदौलत गिरावट से उबरा बाजार

मुंबई, वार्ता



विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत पिछले लगातार तीन सत्रों की गिरावट से उबरकर बुधवार को शेयर बाजार आधे प्रतिशत से अधिक उछल गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 410.19 अंक अर्थात 0.51 प्रतिशत की छलांग लगाकर 81,596.63 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 129.55 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की तेजी के साथ 24813.45 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.90 प्रतिशत उछलकर 44,786.03 अंक और स्मॉलकैप 0.51 प्रतिशत मजबूत होकर 51,200.19 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4115 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2291 में तेजी जबकि 1685 में गिरावट रही, वहीं 139 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2941 कंपनियों के शेयरों में से 1753 में लिवाली जबकि 1095 में बिकवाली हुई, वहीं 93 के भाव स्थिर रहे। बीएसई में कंज्यूमर ड्यूरेबल्स में 0.64 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर अन्य 20 समूहों में लिवाली हुई। इससे कमोडिटीज 0.29, सीडी 0.66, ऊर्जा 0.27, एफएमसीजी 0.29, वित्तीय सेवाएं 0.67, हेल्थकेयर 0.93, इंडस्ट्रियल्स 1.35, आईटी 0.59, दूरसंचार 1.24, यूटिलिटीज 0.37, ऑटो 0.73, बैंकिंग 0.27, कैपिटल गुड्स 1.65, धातु 0.46, तेल एवं गैस 0.53, पावर 0.78, रियल्टी 1.58, टेक 0.81, सर्विसेज 0.50 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.66 प्रतिशत मजबूत रहे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.16, जर्मनी का डैक्स 0.49 और जापान का निक्केई 0.61 प्रतिशत लुढ़क गया। वहीं हांगकांग का हैंगसेंग 0.62 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.21 प्रतिशत मजबूत रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 141 अंक की तेजी के साथ 81,327.61 अंक पर खुला और मजबूत लिवाली के दम पर थोड़ी देर बाद ही 81,327.61 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया।

### बारामूला भारी मात्रा में जब्त प्रतिबंधित पदार्थ नष्ट

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की बारामुला पुलिस ने बुधवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में करोड़ों रुपये मूल्य के प्रतिबंधित पदार्थ और नशीली दवाओं को नष्ट कर दिया। पुलिस ने बताया कि जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी बारामुला ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 52ए के तहत भारी मात्रा में जब्त नशीली दवाओं और मादक पदार्थों को नष्ट कर दिया। पुलिस ने बताया कि उरी, क्रेरी, शीरी, बारामूला, बोनियार और पट्टन पुलिस स्टेशनों के 33 मामलों में जब्त प्रतिबंधित पदार्थों को नष्ट कर दिया गया। नष्ट किए गए पदार्थों में 1.270 किलोग्राम हेरोइन, 1.703 किलोग्राम चरस, 13 किलोग्राम पोस्ता भूसा, 20.121 किलोग्राम गांजा, अल्प्राजोलम 0.5 मिलीग्राम 340 गोलियां शामिल है।

# खाद्य तेलों में टिकाव, अरहर दाल महंगी

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा, जबकि मांग निकालने से अरहर दाल महंगी हो गई वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहनः** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 25 रिंगिट की गिरावट के साथ 3895 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं जून का अमे. रिकी सोया तेल वायदा 0.52 सेंट चढ़कर 50.02 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और पिछले स्तर पर पड़े रहे। गुड़-चीनीः मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहनः दाल-दलहन के बाजार में अरहर दाल में 100 रुपये प्रति क्विंटल तक की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल और उड़द दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाजः अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहनः चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 7650-7750, मूंग दाल 9850-9950, उड़द दाल 9250-9350, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3550-3650 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ः चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये। खाद्य तेल : सरसों तेल 15385 रुपये, मूंगफली तेल 17802 रुपये, सूरजमुखी तेल 16703 रुपये, सोया रिफाइंड 14652 रुपये, पाम ऑयल 14066 रुपये और वनस्पति तेल 15677 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बानू मुश्ताक..** .. अनुभव के ताने-बाने में हर धागा मायने रखता है। ऐसी दुनिया में जो अक्सर हमें बांटने करने की कोशिश करती है, साहित्य उन खोई हुई पवित्र जगहों में से एक है, जहां हम एक-दूसरे के दिमाग में रह सकते हैं, भले ही कुछ पन्नों के लिए ही क्यों न हो। 5 किताबें, जो बुकर प्राइज की रेस में थी- ऑन द कैलकुलेशन ऑफ वॉल्यूम, लेखक- सोलवेज बैले, ट्रांसलेटर- डेनिश से बारबरा जे. हैवलैंड, स्मॉल बोट, लेखक- विंसेंट डेलेक्रोइक्स, ट्रांसलेटर- हेलेन स्टीवेंसन, अंडर द आई ऑफ द बिग बर्ड, लेखक- हिरोमी कावाकॉमी, ट्रांसलेटर- आसा योनेडा, परफेक्शन, लेखक- व्हिन्सेन्जो लैट्रोनिको, ट्रांसलेटर- सोफी ह्यूजेस, ए लेपर्ड-स्किन हैट, लेखक- ऐनी सेरे, ट्रांसलेटर- मार्क हचिंसन। 2022 में गीतांजलि श्री के उपन्यास रेत समाधि (टाम्ब ऑफ सैंड) को इंटरनेशनल बुकर प्राइज से सम्मानित किया गया था। 2022 में गीतांजलि श्री के उपन्यास रेत समाधि (टाम्ब ऑफ सैंड) को इंटरनेशनल बुकर प्राइज से सम्मानित किया गया था। इससे पहले 2022 में भारत की राइटर गीतांजलि श्री ने उपन्यास टाम्ब ऑफ सैंड के लिए प्रतिष्ठित बुकर प्राइज जीता था। टाम्ब ऑफ सैंड बुकर जीतने वाली हिंदी की पहली किताब थी। इसका अंग्रेजी अनुवाद डेजी राकवेल ने किया है। गीतांजलि श्री का उपन्यास हिंदी में 'रेत समाधि' नाम से पब्लिश हुआ था। गीतांजलि श्री का उपन्यास दुनिया की उन 13 पुस्तकों में शामिल था, जिन्हें पुरस्कार की लिस्ट में शामिल किया गया था। पुरस्कार की घोषणा 7 अप्रैल 2022 में लंदन बुक फेयर में की गई थी। 2025 से पहले यह किसी भी भारतीय भाषा में अवॉर्ड जीतने वाली पहली किताब थी।

**छत्तीसगढ़ में ...** सीमावर्ती इलाके में बड़ा ऑपरेशन जारी है। सुरक्षाबलों को प्राप्त जानकारी के आधार पर ऑपरेशन को अंजाम दिया गया है। इसमें जवानों को बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। अब तक 27 नक्सली मारे जाने की सूचना मिली है। वहीं इस ऑपरेशन में रूपेश से भी बड़े कमांडर फंसे हुए हैं। ऑपरेशन अभी भी जारी है। इसके साथ ही गृह मंत्री ने यह भी जानकारी दी है कि मुठभेड़ में एक जवान शहीद और कुछ जवान घायल भी हुए हैं। मारे गए सभी माओवादियों के शव जवानों के द्वारा बरामद कर लिए गए हैं। इस मामले की पुष्टि बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने की है। श्री सुंदरराज ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले के ओरछा थाना क्षेत्र में स्थित अबूझमाड़ इलाके में बुधवार को सुरक्षाबल के जवानों और माओवादियों के बीच जबरदस्त मुठभेड़ हुई है। इस मुठभेड़ में जवानों ने 27 माओवादियों को मार गिराया है। मुठभेड़ के बाद जवानों ने घटनास्थल से मारे गए सभी 27 माओवादियों के शवों को भी बरामद कर लिया है। इसके साथ ही जवानों ने घटनास्थल से माओवादियों के कई हथियार भी बरामद किया है। वहीं इस मुठभेड़ में डीआरजी के एक जवान की शहादत के साथ कुछ जवान घायल भी हुए है। घायल जवानों को तत्काल मेडिकल हेल्प प्रदान की गई है। घायल जवानों की स्थिति खतरें से बाहर है। बस्तर आईजी ने इस घटना में माओवादी संगठन के कई बड़े लीडरों के मारे जाने और घायल होने की भी आशंका जताई हैं। बताया गया कि अभी भी उक्त इलाके में जवानों के द्वारा सर्च ऑपरेशन जारी है। मुठभेड़ स्थल पर नक्सलियों के शीर्ष कमांडरों को भी सुरक्षाबलों ने घेर लिया है। इनमें नक्सली लीडर रुपेश और विकल्प के भी फंसे होने की जानकारी सामने आई है। इन दोनों पर सुरक्षा एजेंसियों को लंबे समय से नजर थी और अगर इनकी गिरफ्तारी या मुठभेड़ में मारे जाने की पुष्टि होती है तो यह नक्सल विरोधी अभियान में यह एक बड़ी कामयाबी होगी। दक्षिण बस्तर क्षेत्र के उप पुलिस महानि. रीक्षक कमलोचन कश्यप ने बताया कि नारायणपुर, बीजा. पुर, दंतेवाघ तथा कोंडागांव जिले के स्थानीय जिला रिजर्व पुलिस के जवान इन चारों जिलों के सीमावर्ती क्षेत्र में लगातार नक्सलियों से मुठभेड़ जारी है। जिला रिजर्व पुलिस के जवान स्थानीय होने के कारण में इलाके के भौगोलिक स्थिति से परिचित है। अबुझमाड़ क्षेत्र में एक करोड़ का इनामी नक्सली नेता जनरल सेकेटी डुबाला केशव राव उर्फ राजू समेत तीस से अधिक नक्सली मारे जाने की खबर है। पुलिस ने बताया कि कोंडागांव, नारायणपुर व बीजापुर के सीमा क्षेत्र इलाके में मुठभेड़ जारी है।

**वक्फ कानून...** के खिलाफ लगी याचिकाओं पर सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच सुनवाई कर रही है। केंद्र की तरफ से सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता और याचिकाकर्ताओं की तरफ से कपिल सिब्बल पैरवी कर रहे हैं। मेहता ने कहा था, सुनवाई उन तीन मुद्दों पर हो, जिन पर जवाब दाखिल किए हैं। नए वक्फ कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट सिर्फ 5 मुख्य याचिकाओं पर ही सुनवाई कर रहा है। इसमें एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी की याचिका शामिल है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि यह ऐसा मामला नहीं है, जहां मंत्रालय ने एक बिल बनाया और बिना सोच-विचार के वोटिंग कर दी गई हो। कुछ याचिकाकर्ता पूरे मुस्लिम समुदाय की ओर से नहीं बोल सकते। आपके पास जो याचिकाएं आई हैं, वे ऐसे लोगों ने दायर की हैं जो सीधे इस कानून से प्रभावित नहीं हैं। उन्होंने आगे कहा कि किसी ने यह नहीं कहा कि संसद को यह कानून बनाने का अधिकार नहीं था। संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की 96 बैठकें हुई और हमें 97 लाख लोगों से सुझाव मिले, जिस पर बहुत सोच-समझकर काम किया गया।

# यूपी में 14 आईएएस इधर से उधर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने चार जिलाधिकारियों समेत भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 14 अधिक. ारियों का तबादला कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि अपर मुख्य सचिव वित्त दीपक कुमार को मौजूदा दायित्व के साथ साथ कृषि उत्पादन आयुक्त का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, जबकि हरदोई के जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह को बलिया का जिलाधिकारी बनाया गया है। वहीं बलिया के मौजूदा डीएम बलिया प्रवीण कुमार लक्षकार को संयुक्त प्रबंध निदेशक यूपी जल निगम (शहरी) के पद पर स्थानांतरित किया गया है। जिलाधिकारी महाराजग. ंज अनुनय झा को हरदोई का नया डीएम बनाया गया है, जबकि अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) संतोष कुमार शर्मा अब महाराजगंज के नए जिलाधिकारी होंगे। सिद्धार्थ नगर के मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) जयेंद्र कुमार को अयोध्या तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) और नगर आयुक्त अयोध्या के पद पर स्थानांतरित किया गया है। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गोरखपुर मृणाली अविनाश जोशी को सीडीओ सिद्धार्थ नगर के पद पर तैनात किया गया है। संस्कृति विभाग में विशेष सचिव रविन्द्र कुमार-1 को कृषि विभाग में इसी पद पर भेजा गया है। संयुक्त प्रबंध निदेशक यूपी जल निगम ज्ञानेन्द्र सिंह को डीएम पीलीभीत बनाया गया है। संजय कुमार सिंह को संस्कृति विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है। उपाध्यक्ष अलीगढ़ विकास प्राधिकरण अपूर्वा दुबे को निदेशक राज्य नगरीय विकास प्राधिकरण (सूडा) बनाया गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# एक देश एक चुनाव से सशक्त होगा लोकतंत्र: मुख्यमंत्री

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून** 'एक देश एक चुनाव' हमारे लोकतंत्र को और अधिक सशक्त, प्रभावी और समावेशी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। हमारी चुनाव प्रणाली विविधताओं के बावजूद प्रभावी और मजबूत रही है, लेकिन अलग-अलग समय में चुनाव होने से बार-बार आचार संहिता लगती है, इसके चलते राज्यो के सारे काम ठप पड़ जाते हैं। जब भी चुनाव आता है, तो बड़ी संख्या में कार्मिकों को मूल कार्य से हटाकर चुनाव ड्यूटी में लगाना पड़ता है। ये बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कही है।

"एक देश, एक चुनाव" विषय पर संयुक्त संसदीय समिति के साथ संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को मसूरी रोड स्थित एक होटल में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष पी. पी. चौधरी एवं समिति के सभी सदस्यगणों का स्वागत और अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले तीन सालों में राज्य में विधानसभा,




■ संयुक्त संसदीय समिति की बैठक में बोले मुख्यमंत्री पुष्कर धामी , संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष पी. पी. चौधरी भी संवाद में हुए शामिल

लोकसभा और निकाय चुनावों की आचार संहिता के कारण 175 दिन तक राज्य की प्रशासनिक मशीनरी नीतिगत निर्णय लेने की प्रक्रिया से वंचित रही। छोटे और सीमित संसाधनों वाले राज्य के लिए ये 175 दिन शासन व्यवस्था की दृष्टि से महत्वपूर्ण होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन का पूर्ण व्यय भार राज्य सरकार वहन करती है और लोकसभा निर्वाचन का व्यय भार केंद्र सरकार द्वारा उठाया जाता है। दोनों चुनाव एक साथ कराए जाएं तो राज्य और केंद्र सरकार पर व्यय भार समान रूप से आधा-आधा हो जाएगा। दोनों चुनाव एक साथ कराने से कुल व्यय में लगभग 30 से 35 प्रतिशत तक की बचत होगी। इसका उपयोग राज्य के स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, जल, कृषि एवं महिला सशक्तिकरण जैसे अनेक क्षेत्रों में किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड के दुर्गम क्षेत्रों में मतदान केंद्रों तक पहुंचना कठिन होता है, जिसके कारण चुनाव की प्रक्रिया में अधिक समय और संसाधन लगते हैं। पर्वतीय क्षेत्रों में मतदाताओं के लिए चुनाव में भाग लेना भी चुनौतीपूर्ण होता है, बार -बार चुनाव होने से लोगों में मतदान के प्रति रुझान कम होता है और मतदान प्रतिशत भी घटता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में जून से सितंबर का समय चारधाम यात्रा के साथ-साथ, बारिश का भी होता है, ऐसे में चुनावी कार्यक्रम होने से बहुत समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा जनवरी से मार्च तक वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही के समय भी चुनावी प्रक्रिया निर्धारित नहीं की जानी चाहिए।

फरवरी-मार्च के माह में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट बोर्ड परीक्षाएं होने से प्रशासनिक संसाधनों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड जैसे पहाड़ी और विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले राज्यों में "एक देश एक चुनाव" महत्वपूर्ण है।

# कांग्रेस ने 'वन नेशन वन इलेक्शन' के प्रस्ताव को किया खारिज

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** वन नेशन वन इलेक्शन के बिल पर जनता , राजनैतिक दलों , सामाजिक संगठनों की राय जानने को देहरादून पहुंची संयुक्त संसदीय समिति की सर्वदलीय बैठक में उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस की ओर से दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को एक होटल में आयोजित सर्वदलीय बैठक में पहुंचा जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन व प्रशासन सूर्यकांत धस्माना व प्रदेश के पूर्व मंत्री नवप्रभात ने प्रदेश कांग्रेस पार्टी का पक्ष रखते हुए जोरदार तरीके से वन नेशन वन इलेक्शन के बिल का विरोध किया। धस्माना ने संयुक्त संसदीय समिति से कहा कि भारत एक संघीय ढांचे वाला देश है जिसमें त्रिस्तरीय सरकार केंद्र राज्य व स्थानीय निकाय सरकारें हैं व तीनों सरकारों के कार्य क्षेत्र अधिकार ,विषय व मुद्दे अलग अलग हैं, उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य में देश में जनता जन प्रतिनिधियों को



दलित आधार पर चुनौती है और बहुमत वाले दल के नेता को राज्य का मुख्यमंत्री व केंद्र में लोक सभा में बहुमत वाले दल के नेता को प्रधानमंत्री चुना जाता है।

धस्माना ने कहा कि बहुमत खो जाने के बाद जो विकल्प होते हैं उनमें असफल हो जाने पर बच्चे हुए कार्यकाल के लिए विधानसभा का क्या होगा और अगर केंद्र में प्रधानमंत्री बहुमत खो देते हैं तब सारे विकल्प बंद होने पर क्या लोकसभा के साथ देश भर की सभी विधानसभाओं में भी चुनाव होगा यह एक जटिल प्रश्न है। पूर्व मंत्री नवप्रभात ने कहा कि केंद्र

■ प्रदेश कांग्रेस के दो सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने की संयुक्त संसदीय समिति से मुलाकात, देश के संघीय ढांचे व संविधान के खिलाफ है वन नेशन वन इलेक्शन का प्रस्ताव

सरकार को बजाय वन नेशन वन इलेक्शन की जगह देश के सभी चुनावों के लिए प्रत्येक मतदाता का एक वोटर कार्ड व एक वोटर लिस्ट जो लोकसभा विधानसभा व स्थानीय निकाय तीनों में मान्य हो उस पर काम करना चाहिए इस व्यवस्था को करना चाहिए जिससे बार बार हर चुनाव के लिए अलग अलग वोटर लिस्ट बनाने के झंझट से मुक्ति मिलेगी और समय पैसा मानव श्रम सब की बचत होगी। पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त संसदीय समिति को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस की ओर से अपना मांग पत्र सौंपा।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति परीक्षा पैटर्न लागू करने की तैयारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने बुधवार को सचिवालय में शिक्षा विभाग की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने विभाग के क्रियाकलापों पर अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत परीक्षा पैटर्न एवं अन्य प्राविधानों को समाहित करने के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। इस अवसर पर सचिव रविनाथ रमन एवं अपर सचिव रंजना राजगुरू सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।




### भारत दर्शन योजना में 5 हजार छात्रों का लक्ष्य

मुख्य सचिव ने माध्यमिक शिक्षा के अंतर्गत भारत दर्शन योजना को विस्तारित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस वर्ष कम से कम 1 हजार बच्चों को भारत दर्शन यात्रा करायी जाए, जिसे अगले वर्ष बढ़ाकर 5000 करने का लक्ष्य रखा जाए। यह बच्चों के अन्वेषण एवं कौशल के लिए एक महत्त्वपूर्ण योजना है। उन्होंने भारत दर्शन यात्रा के दिवसों को बढ़ाकर 7 दिन किए जाने के भी निर्देश दिए। कहा कि भारत के प्रतिष्ठित विज्ञान एवं तकनीकी संस्थानों के साथ ही सैन्य प्रतिष्ठानों के भ्रमण कार्य आयोजित कराए जाएं।

### क्लस्टर स्कूल भवनों के लिए एक माह में डीपीआर

मुख्य सचिव ने प्रस्तावित 559 क्लस्टर विद्यालयों के निर्माण में तेजी लाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अगले एक माह में सभी चिन्हित क्लस्टर विद्यालय भवनों की डीपीआर तैयार कर प्रस्तुत किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक के दौरान ही फोन के माध्यम से शिक्षा विभाग द्वारा चयनित कार्यदायी संस्थाओं के विभागाध्यक्षों को एक माह में डीपीआर तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्मार्ट क्लासेज एवं कम्प्यूटर लैब निर्माण कार्यों की डीपीआर भी एक माह में तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण कार्यों में तेजी लाए जाने के लिए

■ मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने की शिक्षा विभाग की समीक्षा

विभागीय निदेशकों को जिलाधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं से समन्वय के लिए जनपदों का दौरा किये जाने के निर्देश भी दिए।

### प्रत्येक कार्य की टाइम लाइन हो निर्धारित: मुख्य सचिव

मुख्य सचिव ने विद्यालयों के लिए सभी प्रस्तावित हॉस्टल फैसिलिटी की डीपीआर भी एक माह में तैयार किये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्मार्ट क्लासेज हेतु कम्प्यूटर लैब के लिए एक समर्पित हैड खोले जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में देरी न हो इसके लिए प्रत्येक कार्य की समयसीमा निर्धारित की जाए, साथ ही सचिव, अपर सचिव एवं महानिदेशक स्तर पर लगातार कार्यों की समीक्षा की जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के भीतर आवासीय विद्यालयों को बढ़ाए जाने पर भी फोकस किया जाए।

# चार शहरों के खेल ढांचे को एकीकृत कर दिया नया नाम

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के चार शहरों में पूरे खेल ढांचे को एकीकृत करके उन्हें नया नाम दिया गया है। देहरादून के रायपुर स्थित सभी खेल अवस्थापनाओं को अब रजत जयंती खेल परिसर के नाम से जाना जाएगा।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि रजत जयंती खेल परिसर में रायपुर देहरादून स्थित महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम और अन्य सभी खेल अवस्थापनाएं शामिल होंगी। इसी तरह गौलापार हल्द्वानी स्थित इंदिरा गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, हॉकी ग्राउंड, तरण ताल, मल्टीपरपज हॉल व अन्य सभी खेल अवस्थनाओं को मिलाकर अब मानसखंड खेल परिसर के नाम से जाना जाएगा।

खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि रुद्रपुर स्थित मनोज सरकार स्टेडियम, साइकिलिंग वैलोड्रोम और अन्य खेल अवस्थनाओं को मिलाकर शिवालिक खेल परिसर नाम दिया गया है। इसी तरह हरिद्वार के रोशनाबाद स्थित वंदना कटारिया हॉकी स्टेडियम, मल्टीपरपज हॉल, तरण ताल और अन्य सभी खेल अवस्थनाओं को एकीकृत रूप से योगस्थली खेल परिसर के नाम से जाना जाएगा।

■ रायपुर स्पोर्ट्स कॉलेज और क्रिकेट स्टेडियम अब बन गया रजत जयंती खेल परिसर, स्पोर्ट्स लिगेसी प्लान में खेल परिसरों को अत्याधुनिक बनाया जाएगा



खेल मंत्री ने बताया कि नई स्पोर्ट्स लिगेसी प्लान के तहत सरकार खेल परिसरों में कई नई सुविधाएं लाने की तैयारी कर रही है, यहां राष्ट्रीय अंत. रराष्ट्रीय स्तर की कोचों की नियुक्ति भी की जाएगी।

इसे देखते हुए खेल परिसरों को एकीकृत किया गया है। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि स्पोर्ट्स लिगेसी प्लान के तहत देश के कई राज्यों के खेल ढांचे का अध्ययन कर सबसे बेहतर कोचिंग और सपोर्टिंग स्टाफ का स्ट्रक्चर तैयार किया गया है। इसमें साई जैसे संस्थानों की भी मदद ली जा रही है।

# सख्त दिखीं विधानसभा अध्यक्ष अधिकारियों को लगाई फटकार

**कोटद्वार ।** विधानसभा अध्यक्ष एवं कोटद्वार विधायक ऋतु खण्डूडी भूषण ने कोटद्वार विधानसभा क्षेत्र में स्थित खो नदी के किनारे बनी बाढ़ सुरक्षा दीवार का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि नदी में गंदा पानी, कूड़ा-कचरा डालना और सुरक्षा दीवारों पर अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अध्यक्ष ने बताया कि पूर्व में खो नदी में उफान के कारण क्षेत्र में काफी नुकसान हुआ था, जिसे देखते हुए आपातकालीन राहत कार्यों के अंतर्गत बाढ़ सुरक्षा दीवार का निर्माण कराया गया। किंतु आज निरीक्षण के दौरान यह सामने आया कि ब्लूमिंग वेल स्कूल के पीछे कुछ लोगों ने सुरक्षा दीवार से मिलाकर अपने मकानों की दीवारें खड़ी कर ली हैं, जो स्पष्ट रूप से अतिक्रमण की श्रेणी में आता है। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए और सख्त लहजे में कहा कि अतिक्रमण को किसी भी हाल में सहन नहीं किया जाएगा।

# भारत से हारने की खुशी में मुनीर को पाक ने पहनाया हार: महाराज

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश के लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण,पर्यटन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने कहा है कि भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तानी एयर बेस और आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के साथ-साथ पाक को भारत से करारी शिकस्त मिली है।

अपनी बर्बादी पर पर्दा डालने के लिए पाकिस्तान में भारत से मिली हार की खुशी में फील्ड मार्शल असीम मुनीर को हार पहनाकर पांच सितारा रैंक दूसरे फील्ड मार्शल के पद पर प्रमोशन कर दिया। पाक की इस करतूत के बाद वह पूरी दुनिया में हास्य का पात्र बन गया है।

कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने पाक सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने 'द्वि-राष्ट्र सिद्धांतश पर तंज कसते हुए कहा कि जिस प्रकार से पाकिस्तान में बलूचिस्तान, सिंध, पंजाब और पीओके के लोग स्वतंत्र होने की

■ 'द्वि-राष्ट्र सिद्धांत नहीं चतुर्थ राष्ट्र सिद्धांत की बात करें पाक सेना प्रमुख



दशकों से मांग कर रहे हैं उसे देखते हुए पाक सेवा प्रमुख मुनीर को अब ष्चतुर्थ राष्ट्र सिद्धांतष की बात पर अमल करना चाहिए।

महाराज ने कहा कि पहलगाम की घटना के बाद भारत ने स्पष्ट कर दिया था कि वह पाक स्थित आतंकी ठिकानों और सैन्य ठिकानों को निशाना बनायेगा, लेकिन जिस प्रकार से पाकिस्तान ने अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर को निशाना बनाने की असफल कोशिश की उससे सिद्ध हो गया है कि उसका इरादा हमारे रिहाइशी इलाकों पर हमला करने का था, परन्तु हमारी सेना ने पाक के नापाक एवं कुत्सित मंसूबों को भांप कर उसके षडयंत्र की हवा निकालकर रख दी।

उन्होंने कहा कि यह भारत अब पहले वाला भारत नहीं है। यह प्रधानमंत्री मोदी का भारत है, सशक्त सैन्य शक्ति सम्पन्न भारत है, आधुनिक तकनीकी से लैस एक शक्तिशाली और समृद्ध भारत है और यदि उसे कोई छेढ़ेगा तो वह उसे छोड़ेगा नहीं। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने दुनिया को इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण दे दिया है।

# बदला मौसम का मिजाज, बारिश व ओलावृष्टि ने बढ़ाई परेशानी

## बारिश से यमुनोत्री हाईवे पर खरादी में आधे घंटे यातायात रहा बाधित

**उत्तरकाशी/पौड़ी/देहरादून।** उत्तराखंड में मौसम ने अचानक करवट ली है। मंगलवार देर रात और बुधवार को हुई मूसलधार बारिश, तेज आंधी और ओलावृष्टि ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। कहीं पहाड़ दरकने लगे तो कहीं पेड़ गिरने से सड़कें बंद हो गईं। खेतों में खड़ी फसलें भी बर्बादी की कगार पर पहुंच गई हैं।

### उत्तरकाशी में बारिश बनी मुसीबत, मलबे में फंसे वाहन

उत्तरकाशी जिले के बड़कोट के खराड़ी क्षेत्र में तेज बारिश के बाद मलबा आ गया, जिससे मुख्य मार्ग पर यातायात पूरी तरह ठप हो गया। सड़क के दोनों ओर सैकड़ों वाहन फंसे हैं और लोग घंटों से फंसे हुए हैं। हालांकि, राहत की बात यह रही कि किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। जिले में दोपहर बाद हो रही बारिश के साथ आये दिनों हो रही ओलावृष्टि से काश्तकारों को भारी नुकसान पहुंच



रहा है। बुधवार को हुई अतिवृष्टि से यमुनोत्री हाईवे पर खरीद के पास भारी मलवा आने से एक घंटे तक हाइवे पर लंबा जाम लगा। सूचना पर एन एच ने हाईवे से मलवा हटाया जिसके बाद हाईवे पर आवाजाही शुचारू हुई। वहीं बारिश से बड़कोट दुबाटा सहित अन्य स्थानों पर बारिश ने कहर बरपाया है।वहीं बारिश के साथ यमुना घाटी में ओलावृष्टि से बागवानी व नगदी फसले बर्बाद बड़कोट और पूरी यमुनाघाटी पाली, बढ़ाता , पुजार गांव, कुथनौर, हलना, नकोडा कपोला खनेड़ा स्यालना भनसाड़ी नंदगांव, पूरे गीठ पट्टी और धार मंडल क्षेत्र कुर्सिल, स्यालव , सुकन गोल आदि में किसानों के फसलें भंयकर ओलावृष्टि होने से चौपट हो गई है। जिससे किसान निराश और हताश हैं। सामाजिक कार्यकर्ता महावीर सिंह पंवार ने बड़कोट तहसील प्रशासन और सरकार से किसानों की क्षतिपूर्ति आंकलन करने और उचित मुआवजा देने का अनुरोध किया है।

### रामनगर में गिरे गोलियों जैसे ओले, लोग हुए जख्मी

## पौड़ी में उफनाई नदी, किनारे बसे लोगों को अलर्ट जारी

पौड़ी के बीरोंखाल क्षेत्र में भारी बारिश के चलते रसिया महादेव के पास कहानी नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया। नदी का रौद्र रूप देखकर इलाके में दहशत फैल गई। प्रशासन ने सतर्कता बरतते हुए किनारे बसे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचने की सलाह दी है। पौड़ी शहर के सर्किट हाउस, श्रीनगर रोड और कंडोलिया में तेज आंधी के कारण कई बड़े पेड़ सड़क पर गिर गए। इससे मुख्य मार्ग बंद हो गया और आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई। एक वाहन पेड़ की चपेट में आकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। राहत और बचाव कार्य में प्रशासन की टीमें जुटी हैं।

रामनगर में बुधवार शाम मौसम का मिजाज अचानक बिगड़ गया। तेज हवाओं के साथ आई बारिश के बीच बड़े-बड़े ओले गिरने लगे। ओलों की मार से कई लोगों को सिर और शरीर पर हल्की चोटें आईं। टिन शेड, दुकानें और वाहन भी इससे नहीं बच सके। खेतों में लगी फसलों को भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

स्थानीय लोगों ने बताया कि वर्षों बाद ऐसी ओलावृष्टि देखी गई है। दुक. ानदारों के मुताबिक, ग्राहक भी दुकानों में फंस गए।

### मौसम विभाग की चेतावनी, अगले 24 घंटे रहें सतर्क

मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे तक मौसम के ऐसे ही बने रहने की संभावना जताई है। लोगों को सावधानी बरतने और अनावश्यक घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है।

# आत्मनिर्भरता की तस्दीक हैं हस्तशिल्प उत्पाद: डॉ. रावत



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून/अल्मोड़ा।** प्रभारी मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने अल्मोड़ा जनपद भ्रमण के दौरान बुधवार को सुबह षहिमाद्रि हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट को-ऑपरेटिव सोसायटी, दीनापानीष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सोसायटी द्वारा निर्मित उत्पादों का अवलोकन किया और यहां कार्यरत 48 महिला कर्मियों से संवाद कर उनके अनुभव को लेकर चर्चा की। उन्होंने यहां तैयार किए जा रहे उत्पादों की सराहना की।

प्रभारी मंत्री डॉ धन सिंह ने कहा कि इन महिलाओं की मेहनत और कौशल से तैयार किये गए हस्तशिल्प उत्पाद वास्तव में सराहनीय हैं। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह प्रयास अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण को लेकर सरकार विभिन्न कार्यक्रमों का क्रियान्वयन कर रही है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी अल्मोड़ा आलोक कुमार पांडेय, जिलाध्यक्ष भाजपा महेश नयाल, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, मुख्य विकास अधिकारी दिवेश शाशनी, पूर्व डीसीबी चेयरमैन ललित लटवाल, सहकारिता विभाग के उप निबंधक कुमाऊं हरीश चंद्र खंडूड़ी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# ताई का कत्ल करने वाला युवक गिरफ्तार

**कोटद्वार ।** नगरनिगम कोटद्वार के सिगड्डी में सोमवार देर रात एक युवक ने जमीन को लेकर हुए विवाद में अपने ताऊ और ताई पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इससे ताई की मौत हो गई, जबकि ताऊ गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना को अंजाम देने के बाद हत्यारे ने खुद पुलिस को इसकी सूचना दी। इस पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।पुलिस के अनुसार, कृपाल सिंह मेहरा और कुंदन सिंह मेहरा सगे भाई हैं। दोनों के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। जिस कारण विवाद हो गया। इस दौरान बीच बचाव के लिए वहां पहुंचीं कृपाल की पत्नी 58 वर्षीय नंदी देवी भी राहुल के गुस्से का शिकार हो गईं। राहुल ने उन पर भी डंडे से कई वार किए। शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों ने गंभीर घायल पति-पत्नी को कोटद्वार बेस अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने नंदी देवी को मृत घोषित कर दिया जबकि कृपाल को हायर सेंटर रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक कोटद्वार रमेश तनवार ने बताया कि मृतका के पुत्र की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# मसूरी विधानसभा क्षेत्र में सीवर एवं पेयजल समस्याओं का निस्तारण शीघ्र करें विभाग: जोशी

**शाह टाइम्स मुख्य संवाददाता**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सीवर एवं पेयजल संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए पेयजल निगम एवं जलसंस्थान के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए।

कैबिनेट मंत्री ने अधिकारियों को पेयजल योजनाओं को दीर्घकालिक एवं स्थायी समाधान के रूप में विक. सित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विभागीय समन्वय और आपसी सहयोग के माध्यम से ही जनहित की योजनाओं को प्रभावी रूप से कार्यान्वित किया जा सकता है।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने किशन नगर वार्ड 12 में सीवर और पेयजल संबंधी समस्याओं को प्राथमिकता से लेते हुए अधिकारियों



को निर्देश दिए कि इन समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र ही एक ठोस व दीर्घकालिक योजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि आम जनमानस को मूलभूत सुविधाएं देना सरकार की जिम्मेदारी है और इस दिशा में कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मंत्री जोशी ने संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने और जल्द से जल्द कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अधिकारियों ने अवगत कराया कि मसूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर सीवर कार्यों की योजना बनाई गई है। इनमें जाखन, दून विहार एवं आर्य नगर के लिए रुपये 962 लाख, शक्ति कॉलोनी के लिए रुपये 275 लाख, पथरियापीर एवं नीलकंठ विहार के लिए रुपये 1390 लाख तथा रविंद्रपुरी क्षेत्र के लिए रुपये 270 लाख की लागत से सीवर कार्य प्रस्तावित हैं। मंत्री जोशी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन सभी कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कर गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को शीघ्र लाभ मिल सके।

बैठक में पार्षद नंदनी शर्मा, पेयजल निगम के मुख्य अभियंता अनुपम रतन, अधीक्षण अभियंता मिशा सिन्हा तथा जलसंस्थान के अधिशासी अभियंता संजय सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

# गंगोत्री -यमुनोत्री धाम में 22 दिनों में 4 लाख से ज्यादा भक्तों ने किए दर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी :** उत्तराखंड चारधाम यात्रा 2025 अपने चरम पर है। 30 अप्रैल से शुरू चारधाम यात्रा में अब तक 4 लाख 7 हजार 108 से ज्यादा श्रद्धालु ने गंगोत्री-यमुनोत्री धाम के दर्शन कर चुके हैं। 22 दिनों में गंगोत्री 196200 यमुनोत्री धाम 210908

दोनों धामों में कुल 4 लाख 7 हजार 108 तीर्थ यात्रियों ने दर्शन किए हैं।

दोनों धामों में हर दिन 20 हजार से ज्यादा श्रद्धालु यात्रा कर रहे हैं। सबसे ज्यादा भक्त गंगोत्री धाम में पहुंच रहे हैं। बुधवार को श्रद्धालुओं ने चारधाम यात्रा की उत्तरकाशी जिले में गंगोत्री और यमुनोत्री तीर्थ धाम है। यह चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों की आमद बढ़नी शुरू हो गई है। ऑफलाइन पंजीकरण से संयुक्त रोटेशन यात्रा व्यवस्था समिति की यात्रियों को लेकर रवाना होने वाली बसों की संख्या में भी इजाफा दर्ज किया जा रहा है। यात्रियों की आवा. जाही बढ़ने से निर्भर व्यवसायियों के चेहरे भी मुस्कान नजर आ रही है। यमुनोत्री धाम में श्रद्धालुओं की संख्या: 30 अप्रैल से शुरू हुई चारधाम यात्रा की शुरुआत यमुनोत्री और गंगोत्री धाम से हुई। वहीं 22 दिनों तक अभी तक यमुनोत्री धाम में दो लाख दो हजार 1 श्रद्धालु मां यमुना के दर्शन कर चुके हैंघ्। आज बुधवार को 10 हजार 320 श्रद्धालुओं ने यमुनोत्री धाम के दर्शन किए। इन 22 दिनों में यमुनोत्री धाम के लिए 16 हजार 457 वाहनों से तीर्थ यात्री जानकीचट्टी पहुंचे। जानकीचट्टी से यमुनोत्री धाम तक बुजुर्ग एवं दिव्यांग तीर्थ यात्रियों को सुगमता से दर्शन कराने के लिए 16,188 घोड़े-खच्चर एवं 15,233 डंडी व 6,524 कंडी की सेवा उपलब्ध करायी गई। गंगोत्री धाम में श्रद्धालुओं की संख्या: 30 अप्रैल को खुले गंगोत्री धाम के कपाट के बाद तीन सप्ताह बाद 196200 हजार 18 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। वहीं बुधवार को 9 हजार 812 श्रद्धालुओं ने मां गंगे के दर्शन किए। जिसमें 5275 पुरुष, 4317 महिलाएं और 220 बच्चे शामिल हैं।इन 22 दिनों में 18 हजार 549 वाहनों से तीर्थ यात्री गंगोत्री धाम पहुंचे।

## एक नजर

### पुरातन छात्र परिषद का गठन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** राजाराम सरस्वती विद्या मन्दिर में पुरातन छात्र परिषद का गठन किया गया, जिसमें पूर्व छात्र जिला संयोजक उधम सिंह नगर विजयपाल, विद्यालय के व्यवस्थापक जीडी मठपाल और विद्यलाय के प्रधानाचार्य त्रिवेन्द्र चौहान उपस्थित रहे, जिसमें प्रधानाचार्य द्वारा कार्यक्रम का विषय सामाजिक क्षेत्र में हमारा दायित्व, व्यवस्थापक द्वारा पूर्व छात्रों के सन्मुख विद्यालय का परीक्षाफल बताया गया और पूर्व छात्र कैसे बढ़-चढ़ कर विद्यालय में अपना योगदान दे सकते हैं, इसके बारे में बताया गया। कार्यक्रम में विजयपाल के द्वारा कार्यकारणी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष अमित सनवाल, उपाध्यक्ष अंकित गोयल, सचिव शैलेष अरोरा, संयुक्त सचिव इशांक अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अनीश शर्मा को दायित्व दिया गया।

### पत्रकार अशोक लोहनी के पिता का निधन

**बागेश्वर।** पत्रकार अशोक लोहनी के पिता 89 वर्षीय महेश्वर दत्त लोहनी का निधन हो गया है। बुधवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे उन्होंने अपने पैतृक गांव ढुंगाधारा में अंतिम सांस ली। अपराह्न तीन बजे सरयू व गोमती संगम पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। चिता को मुखाग्नि उनके पुत्र अशोक लोहनी ने दी। संगम पर पहुंचकर दर्जा मंत्री शिव सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक ललितऽर्स्वाण, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष कवि जोशी, उपाध्यक्ष हेम जोशी समेत पत्रकारों में सुरेश पांडेय, घनश्याम जोशी, देवेंद्र पांडेय, गो. विंद मेहता, सुंदर सुरकाली, महीप पांडे समेत जुगल कांडपाल, प्रकाश साह, मनोज ओली आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मानसून तैयारियों को लेकर डीएम ने दिए निर्देश

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने मानसून की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने सभी विभागों को अलर्ट मोड पर रहने, संसाधनों को दुरुस्त रखने और आपदा से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए। डीएम ने फोन ऑन रखने, आपदा उपकरणों की जांच और कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने को कहा। दूरस्थ क्षेत्रों में खाद्यान्न, दवाएं, ईंधन आदि का अग्रिम भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सड़क, बिजली और पानी की आपूर्ति बाधित होने पर त्वरित रिस्पॉन्स का आदेश दिया गया। सड़क विभाग को जेसीबी की तैनाती और वैकल्पिक मार्गों की पहचान करने को कहा गया। विद्युत, जल और पशुपालन विभाग को पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने के निर्देश मिले। वन विभाग को ट्रैकर्स को अलर्ट करने और ट्रैकिंग पर रोक लगाने के लिए कहा गया। सिंचाई विभाग को जल पुलिस चौकी स्थापित करने और चेतावनी बोर्ड लगाने के निर्देश मिले। सभी विभागों को आपसी समन्वय और सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान के आदेश दिए गए। डीएम ने लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी। बैठक में एडीएम, एसडीएम, विभागीय अधिकारी और आपदा प्रबंधन अधिकारी मौजूद रहे।

### सेना में भर्ती के लिए दिया प्रशिक्षण

**बागेश्वर।** सेवानिवृत मेजर प्रिया पालनी द्वारा भारतीय सेना में अधिकारी बनने का सपना देखने वाले युवाओं को मिशन चेंज मेकर्स के तहत निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पालनी अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन कर रही हैं। बागेश्वर नगर के पालनीकोट निवासी सेवानिवृत्त मेजर प्रिया पालनी ने बताया कि इस मुहिम का मुख्य लक्ष्य युवाओं को सही दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि 19 दिसंबर 2024 को सेवानिवृत होने के बाद सेना ने अधिकारी बनने का सपना देखने वाले पहाड़ के युवाओं के लिए उन्होंने ऑनलाइन नि:शुल्क प्रशिक्षण शुरू किया। इससे पहले भी कई युवाओं को वह प्रशिक्षण दे चुकी हैं।

### तारा दत्त अध्यक्ष व किशोर सिंह बने उपाध्यक्ष

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड पूर्व पैरामिलिट्री कल्याण समिति ने बुधवार को नगर निगम सभागार में बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान सभी सदस्यों ने पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में सरकार द्वारा चलाए गए आपरेशन सिंदूर का समर्थन किया। साथ ही प्रत्येक जिले में पैरामिलिट्री कल्याण बोर्ड का गठन करने, पैरामिलिट्री के लिए विशेष वेतन स्वीकृत करने समेत अन्य मांगें रखी गई। बैठक के दौरान नई कार्यकारिणी का भी गठन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से तारा दत्त शर्मा को अध्यक्ष, किशोर सिंह अधिकारी को उपाध्यक्ष, दीवान सिंह बोरा को सचिव, किशन सिंह खनी को कोषाध्यक्ष चुना गया। बैठक की अध्यक्षता निवर्तमान अध्यक्ष मनोहर सिंह नेगी व संच. ालन रुप सिंह बिष्ट ने किया। यहां संरक्षक केबी पांडे, दरबान सिंह बोहरा, हेमंत कुमार पंत, हर्षवर्द्धन चौधरी, जगदीश चंद्र, त्रिलोक सिंह कड़ाकोटी, आरपी जोशी, दिवान सिंह बिष्ट, हीरा सिंह रावत, किशन सिंह मेहता, श्याम सिंह, गणेश सिंह बिष्ट, आरसी खुल्बे आदि मौजूद रहे।

### रानीखेत उर्स कमेटी की ओर से प्रतियोगिता

**अल्मोड़ा।** रानीखेत उर्स कमेटी की ओर से बुधवार को हजरत कालू सैयद बाबा की दरगाह के समीप कला तथा निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नगर के बच्चों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में कला वर्ग के तहत तीन तथा निबंध प्रतियोगिता में दो वर्ग बनाए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र कुमार पंत एवं संच. ालन मोहम्मद नासिर, हसीना सिद्दीकी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मोहम्मद मारूफ, अरशद हुसैन, धीरज कुमार, मनीष कुमार, अमन खा़न, इरशान आदि ने मौजूद रहे।

# संचार क्रांति के प्रणेता को नमन

## पुण्यतिथि पर पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी का कांग्रेसियों ने किया भावपूर्ण स्मरण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा/रानीखेत।** भारत रत्न और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की बुधवार को पुण्यतिथि पर याद किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्व. गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर्र श्रद्धार्जलि दी।

उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। पार्टी दफ्तर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि भारत रत्न राजीव गांधी का देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। कहा कि स्व. राजीव गांधी दूरदर्शी नेता थे, संचार के क्षेत्र में आज देश ने जो भी उपलब्धियां हासिल की हैं, वो सभी उनकी वृहद और दूरदर्शी सोच कर परिणाम है। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों पर चलने की शपथ लेते हुए देश की तरक्की में अपनी



भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। यहां नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, पूरन रौतेला, परितोष जोशी, महेश चंद्र आर्या, विनोद वैष्णव, अजीत कार्की, आनंद सिंह बिष्ट, नारायण दत्त पांडे, गीता मेहरा, शोभा जोशी, निर्मल रावत, सुभांशु रौतेला, बाल विक्रम सिंह रावत, पवन मेहरा, जगदीश तिवारी, मनोज बिष्ट, रोहित रौतेला, अमित बिष्ट आदि मौजूद रहे। वहीं, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि बुधवार को शहादत दिवस एवं पहलगाम हमले में शहीदों की स्मृति के रूप में मनाई गई। इस दौरान यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर लगाया। साथ ही स्व. गांधी के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया।

यहां यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष अध्यक्ष दीपक कुमार, नगर अध्यक्ष जगदीश तिवारी, जिला उपाध्यक्ष इसरार अहमद, प्रदेश सचिव गोपाल मोहन भट्ट, किरण आर्या, आशीष भारती, अंकित चंद्र, गौरव कुमार, प्रदीप मेहता, अब्दुल अमन, चंदन मेहता, मनोज मेहरा, जुल्फिकार अहमद, भगवान भोजक, कमल मेहता, राहुल कुमार आदि लोग मौजूद रहे। इधर, भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 34वीं पुण्यतिथि पर रानीखेत कांग्रेस कमेटी के पदाधिका. रियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर राजीव गांधी पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जहां सभी ने पुष्प अर्पित कर स्व. राजीव गांधी के योगदान को याद किया। सभा में वक्ताओं ने स्व. गांधी के राष्ट्र निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान, विशेष रूप से सूचना प्रौद्योगिकी और पंचायती राज व्यवस्था को मजबूत करने के प्रयासों को रेखांकित किया। कार्यक्रम में पीसीसी सदस्य कैलाश पांडे, ब्लॉक प्रशासक हीरा सिंह रावत, ब्लॉक अध्यक्ष गोपाल सिंह देव, कॉर्डिनेटर कुलदीप कुमार, महिला जिलाध्यक्ष गीता पवार, नगर महिला अध्यक्ष नेहा माहरा, विश्व विजय सिंह माहरा, चंदन बिष्ट, सुरेंद्र पवार, मीडिया प्रभारी सोनू सिद्दीकी, गोपाल माहरा, गौरव रावत, दिनेश चंद्र पांडेय आदि रहे।

### दावत में खिलाने के लिए लाया गया 20 किलो गौमांस बरामद

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** शादी में खिलाने के लिए लाये गये 20 किलो गौमांस को गौ संरक्षण स्क्वायड, किच्छा की टीम ने पकड़ लिया। मामले में आईटीआई थाना पुलिस ने तीन के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौ संरक्षण स्क्वायड, किच्छा प्रभारी एसआई प्रवीण सिंह ने बताया कि मंगलवार को वह हेड कांस्टेबल दीवान नाथ, प्रमोद कुमार, कांस्टेबल राज कुमार व नीरज कुमार के साथ पैगा क्षेत्र में गश्त कर रहे थे कि ग्राम शिवलालपुर पहुंचने पर मुखबिर ने सूचना दी कि आज ग्राम गुलड़िया में पीपल के पेड़ के उस पार दो मकानों के बीच में खाली प्लाट में शादी की पार्टी चल रही है, जहां दावत में गाय का मांस काटा जा रहा है। उन्होंने इसकी सूचना पैगा चौकी प्रभारी को दी, जिस पर पैगा चौकी प्रभारी दीवान सिंह बिष्ट कांस्टेबल सुरेश चंद्र के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर गई तो देखा कि तालाब के बगल में दो मकानों के बीच में शादी के लिए खाना तैयार हो रहा था। सामने खाली खेत में टैन्ट लगा था। एक लाल रंग के टब में 3 व्यक्ति छुरी व सूजे से मांस काट व धो रहे थे जो पुलिस टीम को देखते ही पीछे की तरफ मौहल्ले में भाग गये। कांस्टेबल सुरेश चन्द्र, राजकुमार तथा हेड कांस्टेबल प्रमोद कुमार ने तीनों व्यक्तियों को पहचान कर बताया कि भागे हुए तीनों व्यक्ति रियासत पुत्र शहादत निवासी ग्राम गुलड़िया तथा फरीदनगर, ठाकुरद्वारा निवासी इस्तकार पुत्र सगीर और युसूफ हैं, जिन्हें वे पूर्व से पहचानते हैं। बरामद गौ मांस को सरकारी वाहन में रखे इलेक्ट्रॉनिक तराजू में तोलने पर गौ मांस का वजन करीब 20 किलो निकला। मौके पर मौजूद मुन्नू शाह ने पूछताछ करने पर बताया कि आज यहां रियासत प्रधान के भांजे की शादी थी। पशु चिकित्साधिकारी मुकेश कुमार मौके पर पहुंचे और बरामद मांस का निरीक्षण कर बताया कि उक्त मांस गौ वंशीय पशु का है।

## गन्ना मूल्य भुगतान की समीक्षा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** आयुक्त, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग, उत्तराखण्ड प्रकाश चन्द्र दुम्का द्वारा बुधवार को पेराई सत्र 2024-25 के अवशेष गन्ना मूल्य के भुगतान की समीक्षा की गई। समीक्षा उपरान्त आयुक्त द्वारा पाया गया कि जनपद हरिद्वार की निजी क्षेत्र की चीनी मिल लिब्बरहेड़ी द्वारा कुल देय गन्ना मूल्य रूपये 354.80 करोड़ के सापेक्ष रूपये 312.16 करोड़ गन्ना मूल्य का भुगतान किया गया है एवं रूपये 42.64 करोड़ गन्ना मूल्य अवशेष है।

इस सम्बन्ध में चीनी मिल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एलएस लाम्बा द्वारा 25 मई, 2025 तक रूपये 17.00 करोड़, 30 मई/01 जून, 2025 तक रूपये 15 करोड़ एवं माह जून के प्रथम सप्ताह में शेष 10 करोड़ गन्ना मूल्य का भुगतान किये जाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। आयुक्त द्वारा मिल प्रबन्धन को उनके द्वारा अवगत कराई गई तिथियों अन्तर्गत गन्ना मूल्य का भुगतान किये जाने के निर्देश दिये गये। जनपद ऊधमसिंह नगर की सहकारी क्षेत्र की चीनी मिल बाजपुर द्वारा कुल देय गन्ना मूल्य रूपये 86.05 करोड़ के सापेक्ष रूपये 34.14 करोड़ गन्ना मूल्य का भुगतान किया गया है एवं रूपये 51.91 करोड़ गन्ना मूल्य अवशेष है। चीनी मिल के प्रभारी मुख्य गन्ना अधिकारी खीमानन्द सनवाल ने बताया कि अवशेष गन्ना मूल्य के भुगतान हेतु शासन स्तर से रूपये 25.98 करोड़ की धनराशि ऋण के रूप में प्राप्त हुई है तथा मिल द्वारा अपने संसाधनों से रूपये 0.82 करोड़ का भुगतान किया जा रहा है। प्रधान प्रबन्धक, चीनी मिल, बाजपुर को निर्देशित किया गया कि अविलम्ब गन्ना समितियों को इस धनराशि का भुगतान सुनिश्चित करें।

## बैठक में केजीसीसीआई ने की10 वर्ष तक आयकर में छूट देने की मांग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** केजीसीसीआई अध्यक्ष अशोक बंसल द्वारा होटल मनु महारानी, नैनीताल में सोलहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरविन्द पनगढ़िया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उत्तराखण्ड के औद्योगिक विकास एवं केंद्रीय सहायता योजनाओं के संदर्भ में महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए गए। केजीसीसीआई अध्यक्ष अशोक बंसल द्वारा 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष, डॉ. अरविन्द पनगढ़िया से आईडीएस-2017 योजना में प्रक्रियात्मक सुधार, लंबित सब्सिडी का शीघ्र भुगतान और योजना की अवधि 2035 तक बढ़ाने की मांग की गयी तथा राज्य



में स्थापित उद्योगों को ब्याज उपादान और 10 वर्ष तक आयकर में छूट देने का अनुरोध किया गया। श्री बंसल द्वारा अवगत कराया गया कि उत्तराखण्ड में विषम भौगोलिक परिस्थितियों की वजह से औद्योगिक लागत अधिक होने के कारण विशेष अनुदान, कॉमन फैसिलिटी सेंटर और मार्केटिंग हब की आवश्यकता है। इसके साथ ही आपदा प्रभावित उद्योगों के पुनर्वास के लिए विशेष प्रावधान और बीमा प्रीमियम पर 50 प्रतिशत सब्सिडी की भी मांग की गयी। इस अवसर पर केजीसीसीआई के प्रति. निधिमण्डल में अध्यक्ष श्री बंसल के साथ चैम्बर के महासचिव आरके गुप्ता भी शामिल थे।

### प्रभारी मंत्री ने हिमाद्रि हैंडलूम का किया निरीक्षण

**अल्मोड़ा।** प्रभारी मंत्री डा. धन सिंह रावत ने अल्मोड़ा जनपद भ्रमण के दौरान बुधवार को हिमाद्रि हैंडलूम एंड हैंडीक्राफ्ट को-ऑपरेटिव सोसायटी डीनापानी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सोसायटी द्वारा निर्मित उत्पादों का अवलोकन किया और यहां कार्यरत 48 महिला कर्मियों से संवाद कर उनके अनुभव को लेकर चर्चा की। उन्होंने यहां तैयार किए जा रहे उत्पादों की सराहना की। शाम करीब 05 बजे प्रभारी मंत्री डा. धन सिंह ने कहा कि इन महिलाओं की मेहनत और कौशल से तैयार किये गए हस्तशिल्प उत्पाद वास्तव में सराहनीय हैं। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में यह प्रयास अत्यंत प्रेरणादायक है।

## समय पर दफ्तर पहुंचें कर्मी: डीएम

- जिलाधिकारी ने किया विभिन्न पटलों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगाई ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित विभिन्न पटलों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली का जायजा लिया और अधिकारियों व कर्मचारियों को समय पर कार्यालय आने तथा अनिवार्य रूप से बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज करने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिक. ारी ने बायोमैट्रिक उपस्थिति दर्ज करने में आने वाली परेशानियों को दूर करने के लिए आई स्कैनर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही



बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिक. ारी ने नजारत, एनआईसी सहित अन्य पटलों का औचक निरीक्षण किया और बायोमैट्रिक उपस्थिति प्रणाली सहित अन्य व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न पंजिक. ाओं का रखरखाव भी उचित तरीके से करने के निर्देश दिए। जिलाधिक. ारी ने समस्त विभागाध्यक्षों को भी निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने कार्यालयों में बायोमैट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करें और इसकी नियमित निगरानी करें। इस दौरान अपर जिला. धिकारी एनएस नबियाल, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी भगत सिंह भौर्याल मौजूद रहे।

## तिरंगा शौर्य सम्मान यात्रा निकाली



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** कपकोट नगर में विधायक सुरेश गढ़िया के नेतृत्व में भारतीय सेना के ऑपरेशन सिंदूर सफलता के उपलब्ध में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा मंडलखेत, कपकोट बाजार, शिवालय, पुल बाजार, चिराबगड़ होते हुए भराड़ी बाजार पहुंची। इसके बाद ब्लॉक मुख्यालय के बाद हरसीला तक यात्रा निकाली गई। यहां हुई सभा में विधायक गड़िया ने कहा कि आतंकवाद को पनाह देने वालों को छोड़ा नहीं जाएगा। आतंकवाद के खिलाफ भारत सरकार ने सेना को खुली छूट दी गई थी। जिसके चलते सेना ने आतंकियों के अड्डों को नेस्तनाबूद किया है। तिरंगा यात्रा में दर्जा राज्य मंत्री भूपेश उपाध्याय, पूर्व कैबिनेट मंत्री बलवंत सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विक्रम शाही, राम सिंह कोरंगा, प्रभा गढ़िया, हरीश मेहरा, बसंती देव, गिरीश जोशी, तारा कपकोटी, अंकित ऐठानी आदि मौजूद रहे।

## 7475.70 लाख की जिला योजना को मंजूरी, विकास कार्य होंगे तेज

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 7475.70 लाख रुपये की जिला



योजना को मंजूरी दे दी गई है। बुधवार को कलक्ट्रेट में आयोजित जिला योजना समिति की बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी मंत्री डा. धन सिंह रावत ने की। स्वीकृत राशि में सामान्य मद में 5715.70 लाख, एससीएसपी में 1737.30 लाख और टीएसपी में 22.70 लाख रुपये शामिल हैं। योजना के तहत जल संस्थान, लोनिवि, पर्यटन, चिकित्सा, शिक्षा, कृषि, पशुपालन, पेयजल सहित विभिन्न विभागों को धनरा. शि आवंटित की गई है। डीएम आलोक कुमार पांडे ने बताया कि जनप्रतिनिधियों के प्रस्तावों को प्राथमिकता देते हुए योजना में शामिल किया गया है। जागेश्वर क्षेत्र को प्री-वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जाएगा, और हर ब्लॉक में एक आदर्श स्कूल की स्थापना की जाएगी। बैठक के दौरान विधायक मदन बिष्ट और मनोज तिवारी ने बुकलेट न मिलने और प्रस्तावों की अनदेखी पर नाराजगी जताते हुए बैठक का बहिष्कार किया, हालांकि बाद में वे पुन: शामिल हुए। इससे पहले प्रभारी मंत्री ने सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय में 26 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले कला एवं विज्ञान संकाय भवन का शिलान्यास किया। बैठक में रानीखेत विधायक डा. प्रमोद नैनवाल, जागेश्वर विधायक मोहन सिंह मेहरा, मेयर अजय वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल, नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट सहित कई अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## विवि और इडी इंडिया के बीच एमओयू

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय अल्मोड़ा और स्टेरलाइट इडी इंडिया फाउंडेशन शिक्षा के क्षेत्र में शोध, शैक्षिक और अकादेमिक आयामों को लेकर कार्य करेंगे। इसके लिए दोनों संस्थानों के बीच एमओयू हुआ है। बुधवार को इडी इंडिया और एसएसजे विवि के बीच शोध व शैक्षिक गति. विधियों को लेकर एमओयू हस्ताक्षर हुए। एमओयू में विवि की ओर से कुलपति प्रो.



सतपाल सिंह बिष्ट और इडी इंडिया फाउंडेशन की ओर से एंटनी नेल्लीस्सेरी ने हस्ताक्षर किए। इस दौरान विवि के कुलसचिव डा. देवेंद्र सिंह बिष्ट ने शिक्षा क्षेत्र में आगामी कार्यों के लिए चर्चा की। अकादेमिक, शैक्षिक, शोध व विकास, सामुदायिक सहभागिता पर भी बात की गई। इडी इंडिया फाउंडेशन के एंटनी नेल्लीस्सेरी ने कहा कि विश्वविद्यालय के सहयोग से शिक्षा के क्षेत्र शोध, शैक्षिक व अकादेमिक आयामों को लेकर भविष्य में कार्य किए जायेंगे। उन्होंने एमओयू होने पर बधाइयां दीं। यहां फाउंडेशन की स्टेट हेड भारती गुप्ता, परियोजना समन्वयक नरेंद्र जोशी, डा. ललित चंद्र जोशी, वैयक्तिक सहायक विपिन जोशी, गोविंद मेर आदि रहे।

## 10 कार्टून में मिले नशे के 24 सौ कैप्सूल, युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** पुलिस ने एक युवक को नशे के कैप्सूल के 10 कार्टन बॉक्स के साथ गिरफ्तार किया है। एसएसआई अनिल जोशी ने बताया कि वे एसआई सुनील सुतेड़ी, कां. सचिन कुमार व अमरदीप के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इस दौरान एक मुखबिर ने उन्हें सूचना दी कि एक लड़का मिलन बैंकट हॉल के पास एक गत्ते की पेटी लेकर खड़ा है, जिसमें नशे की गोलियां हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए जैसे ही वे मिलन बैंकट हॉल के पास पहुंचे तो देखा कि एक युवक अपने हाथ में गत्ते की पेटी पकड़े खड़ा है। पुलिस को देखते ही उसने गत्ते की पेटी अपने पैरों के पास रख दी और भागने की कोशिश करने लगा जिस पर पुलिसकर्मियों ने दौड़कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम अनस पुत्र जरीफ निवासी ग्राम मानपुर, उत्तर प्रदेश हाल निवासी मझरा, वार्ड नं. 22, काशीपुर बताया। उसने बताया कि इस पेटी में नशे की गोलियां है। जिन्हें उसके भाई ने किसी को देने के दी थी, जो कि यहीं पर लेने आयेगा। जिसके बाद एसएसआई जोशी ने ड्रग इंस्पेक्टर को फोन कर मौके पर बुलाया।

इसके पश्चात सीनियर ड्रग इंस्पेक्टर नीरज कुमार खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तराखण्ड की ड्रग इंस्पेक्टर टीम मीनाक्षी बिष्ट, पूजा रानी, हर्षिता, पंकज पंत, निधि शर्मा, शुभम कोटनाला, पूजा जोशी, अर्चना गहतोड़ी के साथ मौके पर आये। पूछताछ करने पर पकड़े गये युवक अनस ने बताया कि यह डिब्बा मेरे भाई मौ. शमीम ने घर पर रखा था, वह आज देहरादून गया है, उसने मुझसे कहा कि यह माल मिलन बैंकट हॉल के पास एक व्यक्ति आयेगा उसे दे देना, मैं उसे देने आया था। गत्ते की पेटी को खोलने पर इसके अन्दर10 कॉर्टन बाक्स में कुल 2400 कैप्सूल मिले हैं। मौके पर मौजूद औषधि निरीक्षकों की टीम ने बताया कि इन कैप्सूलों को बिना किसी चिकित्सक के सलाह के न तो कोई अपने कब्जे में रख सकता है और न बेच सकता है, इन कैप्सूलों का प्रयोग लोग नशे के रूप में भी करते है, इसमें मौजूद ट्रामाडोल एनडीपीएस की श्रेणी में आता है। जिसके बाद युवक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 22, 8 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। मामले की जांच एसआई मनोज सिंह धोनी के हवाले की गई है।

## एशियन जुजित्सु चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम जॉर्डन रवाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** 22 से 26 मई तक जॉर्डन के अमान शहर में आयोजित होने वाली 9वीं एशियन जुजित्सु चैंपियनशिप 2025 में हिस्सा लेने के लिए भारत की 40 सदस्यीय टीम रवाना हो गई है। इस प्रतियोगिता में 27 देशों के 1200 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। भारतीय टीम में उत्तराखंड से 9 खिलाड़ी शामिल



हैं, जिनमें हल्द्वानी की नव्या पांडे, वैभव पड़ियार, ममता उपाध्याय, देहराद. ून के शुभम कुमार, हरिद्वार के करुणानिधि पांडे, रुद्रपुर की रूनु शर्मा, आकृति कौर, क्षितिज सिंह और जसपुर की काजल सिंह शामिल हैं। टीम के मुख्य कोच विनय कुमार जोशी और टीम मैनेजर अमित अरोड़ा होंगे। खिलाड़ी नेवाजा, फाइटिंग, कांटैक्ट और डुओ शो स्पर्धाओं में प्रतिभाग करेंगे। खिलाड़ियों की उपलब्धि पर सांसद अजय भट्ट, विधायक सुमित हृदयेश सहित कई जनप्रतिनिधियों और खेल संगठनों ने बधाई दी है।

## तीन अलग अलग घटनाओं में तीन लोग घायल

- दो का जिला अस्पताल में चल रहा उपचार, एक हायर सेंटर किया रेफर

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** बता दें कि मंगलवार देर शाम से मध्य रात्रि तक तीन अलग अलग घटाओं ने पीड़ित ग्रामीण उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचे। जिले के मजबे निवासी 35 वर्षीय दीप जोशी पुत्र प्रेम बल्लभ देर शाम अपने घर के पास आलू के खेत में काम कर रहे थे। तभी अचानक जंगली सुअरों का झुंड वहां आ गया। ग्रामीण उन्हें देख दूसरे खेत में भगा। इस दौरान उनके पाव में गंभीर चोट आ गई। तभी घर के अन्य सदस्यों ने शोर मचाकर सुअरों को भगाया। जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल लाया गया। यहां प्रथमिक उपचार केबाद ग्रामीण को भर्ती किया गया है। वही दूसरी घटना में गरुड़ से कुकुड़ मई को आने वाले मोटर मार्ग में एक कार दुर्घटना ग्रस्त हो गई। जिसमें सवार पति पत्नी कार के साथ ही खाई में जा गिरे। घटना में महिला को अंदरूनी चोट आई है। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार कार में सवार 27 वर्षीय नीमा देवी व पति संजय कुमार अपने घर दुदिला को जा रहे थे। तभी रोड में अचानक उन्हें जानवर दिखाई दिए। उन्हें बचाने के चक्कर में कार खाई में जा गिरी। दुर्घटना में महिला बुरी तरह जख्मी हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार केबाद उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। एक और मामले में जिले के बिजौरीझाल निवासी 45 वर्षीय कमला देवी पत्नी राजेंद्र सिंह ने अज्ञात कारणों से घर में रखा जहरीला पदार्थ गटक लिया। महिला की हालत बिगड़ने पर उन्हें तत्काल जिला अस्पताल लाया गया। जहां डाक्टरों ने महिला का प्राथमिक उपचार कर उन्हें वार्ड में भर्ती किया गया है। घटना केबाद मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला से पूछताछ की गई। हालांकि अभी महिला किसी प्रकार की बात बताने में सहमत नहीं दिखी।

**ग्राम पंचायत विकास अधिकारी न्याय पंचायत सरकड़ा, वि०ख० बाजपुर ( उ०सिं० नगर )**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्यपाल महोदय उत्तराखंड की ओर से ग्राम पंचायत जगन्नाथपुर विकासखंड बाजपुर जिला उधम सिंह नगर में ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत निम्न निर्माण कार्य कराया जाना है जिस हेतु निविदाएं ग्राम पंचायत जगन्नाथपुर में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 25/05/2025 के अपराह्न 1 बजे तक आर्मंत्रित की जाती है जो कि उसी दिन अपराह्न बजे तक निविदा समिति द्वारा निविदा दाताओं अथवा उनके मनोनीत प्रतिनिधियों की उपस्थिति/अनुपस्थिति में खोली जाएगी। निविदा की बिक्री के दिनांक 25/05/2025, 11 बजे पूर्वान्ह तक की जाएगी। यदि कोई आपूर्ति कर्ता निविदा पर पत्र डाक से मांगना चाहता है तो वह निविदा का मूल्य एवं डाक व्यय समय से भेज कर प्राप्त कर सकते हैं। विलंब से डाक प्राप्त होने पर विभाग जिम्मेदार नहीं होगा। निविदा के प्राप्त के साथ रु0 10 के स्टांप पेपर एवं एक रुपए की रसीदी टिकट के साथ हस्ताक्षर युक्त संलग्न होना चाहिए। निविदा क्रय करने से पूर्व निविदा मूल्य की 0.5 प्रतिशत धरोहर राशि एनएससी, डाकघर बचत बैंक, राष्ट्रीयकृत बैंक की एफडी के रूप में अधोहस्ताक्षरी के पद नाम से बंधक करते हुए जमा करना अनिवार्य होगा। इस संबंध में विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा को स्वीकृत करने या अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा एवं इसमें किसी प्रकार का वाद-विवाद स्वीकार नहीं होगा

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैद्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायतघर मरम्मत कार्य। | 4 लाख | 2000.00 | 500.00+ जीएसटी | 1 माह | 10 दिन |

**ग्राम पंचायत विकास अधिकारी** **ग्राम प्रधान**

# आवेदन आए, तो याद आ गए मानक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम हल्द्वानी में सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के नाम पर शुरू की गई पर्यावरण मित्रों की नियुक्ति प्रक्रिया को निगम ने अचानक रोक दिया है। इस फैसले से उन सैकड़ों युवाओं को गहरा झटका लगा है, जो नगर निगम में नौकरी की उम्मीद लगाए बैठे थे। नगर निगम ने हाल ही में स्फाई कर्मचारियों की कमी का हवाला देकर 76 नए पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। इस पर करीब 300 से अधिक आवेदन जमा हो चुके थे। लेकिन अब निगम को जनसंख्या अनुपात के आधार पर नियुक्ति मानक याद आ गए हैं, जिसके चलते पूरी प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है। नगर आयुक्त ऋचा सिंह के अनुसार, केंद्र व राज्य सरकार द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार प्रत्येक 500 की आबादी पर एक स्फाई कर्मचारी नियुक्त किया जा सकता है। हल्द्वानी की कुल जनसंख्या लगभग 4.50 लाख है, और वर्तमान में नगर निगम में 1,022 सफाई कर्मी कार्यरत हैं, जो कि मानकों के अनुसार पर्याप्त हैं। ऐसे में नियमानुसार नए कार्मिकों की नियुक्ति नहीं की जा सकती। नगर निगम की पिछली बोर्ड बैठक में पार्षदों द्वारा वार्डों में सफाई कर्मियों की कमी का मुद्दा उठाया गया था। इसके आधार पर ही पर्यावरण मित्रों की भर्ती का प्रस्ताव पारित किया गया और आवेदन मांगे गए। लेकिन अब निगम ने यू-टर्न लेते हुए पूरी प्रक्रिया पर रोक लगा दी है। इस अप्रत्याशित फैसले से वे सैकड़ों उम्मीदवार खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं, जो लंबे समय से नौकरी की तलाश में थे और नगर निगम से उम्मीद लगाए बैठे थे। आवेदकों का कहना है कि यदि मानक पहले से तय थे, तो फिर आवे. दन आमंत्रित ही क्यों किए गए? नगर आयुक्त ऋचा सिंह ने यह जरूर स्पष्ट किया है कि नगर की सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के लिए वैकल्पिक उपायों पर काम किया जा रहा है, लेकिन फिलहाल नए पर्यावरण मित्रों की नियुक्ति नहीं होगी।

# मास ओपन टेनिस टूर्नामेंट 7 से

- एक लाख रुपए होगी टूर्नामेंट की ईनामी राशि
- स्वर्गीय वेद प्रकाश गुप्ता के परिवार द्वारा प्रायोजित की गई प्रतियोगिता
- देशभर से नामी ग्रामीण टेनिस खिलाड़ी लेंगे भाग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चुना खान स्थित ऑप्टिमम टेनिस अकैडमी द्वारा बीएलएम अकैडमी, स्वर्गीय बीएस रावत मेमो. रियल वेलफेयर सोसायटी और वेद प्रकाश गुप्ता मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में एक लाख रुपये इनामी मांस ओपन टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट 31 मई से 6 जून तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें देशभर से नामी ग्रामीण टेनिस खिलाड़ी भाग लेंगे। इस आयोजन के तहत टेनिस खेल में नवोदित खिलाड़ियों की रुचि को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 7 जून से 13 जून तक सुपर सीरीज बॉयज एंड गर्ल्स टूर्नामेंट का आयोजन भी किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को वेद प्रकाश गुप्ता मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी की ओर से डेरिंग अलाउंस के रूप में 700 की राशि प्रदान की जाएगी। इस टूर्नामेंट की कुल इनामी राशि 1,00,000 रहेगी, जिसे स्वर्गीय वेद प्रकाश गुप्ता के परिवार द्वारा प्रायोजित किया गया है। टूर्नामेंट के सचिव अवनीश रस्तोगी ने प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि ऑप्टिमम टेनिस अकैडमी वर्ष 2024 में भी अंतरराष्ट्रीय आईटीएफ और फैंस इवेंट का सफल आयोजन कर चुकी है। उन्होंने बताया कि टूर्नामेंट में आइटीएफ द्वारा चयनित रेफरी एटोन डिसूजा की निगरानी में चार अंपायरों की टीम तैनात की जाएगी, ताकि आयोजन की निष्पक्षता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। अवनीश रस्तोगी ने आगे बताया कि एशियाई टेनिस संघ द्वारा सितंबर 2025 में 16 वर्ष आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए एक विशेष प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जो अक्टूबर में आयोजित होगी। प्रेस वार्ता के दौरान जिला अध्यक्ष डा. समीर वर्मा, बीएलएम अकैडमी के डायरेक्टर सचिन, कुमार पांडे, साकेत अग्रवाल, ललित जोशी, रजत जोशी और देवेंद्र सिंह रावत भी उपस्थित रहे।

# उमेश नैनवाल हत्याकांड गवाह की अदालत में पेशी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चर्चित उमेश नैनवाल हत्याकांड में बुधवार को मुख्य

- कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही तैनात
- बीते वर्ष 8 अक्टूबर को गोली मारकर की गई थी उमेश नैनवाल की हत्या
- घटना के रामलीला में पात्र निभा रहे बेटे का वीडियो बना रहे थे उमेश

गवाह को भारी पुलिस सुरक्षा के बीच न्यायालय में पेश किया गया। गवाही को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, क्योंकि यह गवाह मुकदमे में बेहद अहम माना जा रहा है। गौरतलब है कि 8 अक्टूबर 2023 को मुखानी थाना क्षेत्र के रामलीला मैदान में उमेश नैनवाल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना उस समय हुई जब उमेश रामलीला कार्यक्रम में अपने बेटे की भूमिका का वीडियो बना रहे थे। यह हत्याकांड सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में हुआ था, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया था। पुलिस जांच में सामने आया कि हत्या की साजिश उमेश के अपने भाई दिनेश नैनवाल ने रची थी। पुलिस ने दिनेश को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि उसका साथी दीपक 15 अक्टूबर को रुद्रपुर से पकड़ा गया था। करीब तीन माह पहले इस मामले में पुलिस ने अदालत में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। बुधवार को मामले की गवाही निर्धारित थी। अभियोजन पक्ष की ओर से एक महत्वपूर्ण गवाह को कोर्ट में पेश किया गया। गवाह की सुरक्षा को लेकर कोर्ट परिसर में चार पुलिसकर्मी और छह से अधिक निजी सुरक्षा कर्मी तैनात रहे। गवाह की पहचान गुप्त रखने के लिए भी सतर्कता बरती गई।

# न बिजली मिल रही, न पानी

- गौलापार के ग्रामीणों का एसडीएम कोर्ट में प्रदर्शन
- सुविधाएं न मिलने पर दी आंदोलन की चेतावनी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गौलापार क्षेत्र के सुल्तान नगरी के ग्रामीणों ने बुधवार को एसडीएम कोर्ट पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि शासन द्वारा क्षेत्र को प्राधिकरण में तो शामिल कर लिया गया है, लेकिन बुनियादी सुविधाएं अब तक नहीं दी जा रही हैं, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि वे चार-चार पीढ़ियों से क्षेत्र में निवास कर रहे हैं, लेकिन उन्हें न तो मालिक. ाना हक मिला है और न ही जल, बिजली जैसी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। सड़कों की स्थिति भी बदहाल है और विकास कार्यों के नाम पर सिर्फ आश्वासन मिल रहे हैं। प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों का कहना था कि यदि उन्हें प्राधिकरण में शामिल किया गया है तो सरकारी सुविधाएं भी उसी स्तर पर दी जानी चाहिए, अन्यथा यह अन्यायपूर्ण है। ग्रामीणों ने स्पष्ट मांग की कि यदि सुविधाएं नहीं दी जा सकतीं तो क्षेत्र को प्राधिकरण से पूर्ण रूप से हटाया जाए। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने एसडीएम एपी बाजपेई को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। इस विरोध प्रदर्शन में हंसा देवी, कुंदन सिंह बिष्ट, लक्ष्मण, शांति देवी सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि अब केवल आश्वासनों से काम नहीं चलेगा, सरकार को धरातल पर काम करके दिखाना होगा।

## विरोध के चलते बंद हुई वाइनशॉप

**हल्द्वानी।** चोरगलिया में हाल ही में खुली देसी शराब की दुकान को जनविरोध के चलते प्रशासन ने बंद करवा दिया है। लंबे समय से स्थानीय लोग दुकान के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। विरोध को देखते हुए बुधवार को प्रशासनिक टीम ने मौके पर पहुंचकर दुकान को सील कर दिया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने हाल ही में घोषणा की थी कि जिन क्षेत्रों में शराब की दुकान का विरोध हो रहा है, वहां दुकानें बंद कराई जाएंगी। इसी क्रम में चोरगलिया क्षेत्र की दुकान को भी बंद करने के आदेश दिए गए। बुधवार को उपजिलाधिक. ारी राहुल शाह आबकारी विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने दुकान में मौजूद शराब का स्टॉक मिलान कर जांच की और बाकी बचा स्टॉक कब्जे में लेकर दुकान को बंद करवा दिया।

# पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान

- 175 बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन किया
- 12 भवन स्वामियों का किया कोर्ट चालान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एसएसपी के निर्देश पर जिलेभर में चलाए जा रहे सत्यापन अभियान के तहत हल्द्वानी पुलिस ने बुधवार को राजपुरा क्षेत्र में सघन किरायेदार सत्यापन अभियान चलाया। इस अभियान में 175 बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। क्षेत्राधिकारी लालकुआं दीपशिखा अग्रवाल और प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार यादव के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने यह अभियान राजपुरा इलाके में चलाया। अभियान के दौरान जब यह सामने आया कि कई मकान मालिकों ने अपने किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराया है, तो 12 भवन स्वामियों के खिलाफ धारा 83 पुलिस एक्ट के अंतर्गत कोर्ट चालान किए गए। प्रत्येक मकान मालिक पर 10-10 हजार रुपये का चालान किया गया। सत्यापन के दौरान पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों को चौकी राजपुरा लाकर आवश्यक पूछताछ की और उनसे सत्यापन फॉर्म भरवाए। पुलिस विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# वार्ड 8 में पानी के लिए हाहाकार

- कई कालोनियों में पेयजल समस्या बरकरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वार्ड नंबर 8 के अंतर्गत आने वाले जगदंबा नगर, जोहार नगर और बैंक कॉलोनी में पानी की समस्या लगातार बनी हुई है। क्षेत्रवासियों को हर दूसरे-तीसरे दिन जलापूर्ति ठप होने का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर भीषण गर्मी में यह समस्या लोगों के लिए भारी परेशानी का कारण बन रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जल विभाग को कई बार शिकायत देने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। जब भी शिकायत की जाती है, उसी समय पानी आ जाता है, लेकिन कुछ ही दिनों बाद जलापूर्ति फिर से बंद हो जाती है। क्षेत्रीय पार्षद रवि वाल्मीकि ने बताया कि वह स्वयं कई बार जल संस्थान और संबंधित विभाग से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन विभाग कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा। उन्होंने चेता. वनी दी है कि यदि जल्द ही जलापूर्ति की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन किया जाएगा। रवि वाल्मीकि ने कहा, गर्मी के इस दौर में पानी की मांग बहुत अधिक है और विभाग की लापरवाही लोगों को रोजमर्रा की ज़िंदगी में कठिनाइयों में डाल रही है। अगर यही हालात रहे तो वार्ड के नागरिकों की ओर से बड़ा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। स्थानीय नागरिकों ने भी जलापूर्ति की अनियमितता को लेकर अपनी नारा. जगी जाहिर की है।

# 10वीं-12वीं के मेधावी सम्मानित

- बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मिला सम्मान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल हल्द्वानी में बुधवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड दिल्ली द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान कक्षा 10 के 13 तथा कक्षा 12 के 10 छात्रों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यालय की ओर से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई और उन्हें आगे भी निरंतर परिश्रम करते रहने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. प्रवीन्द्र कुमार रौतेला ने समारोह को संबोधित करते हुए विद्यार्थियों की मेहनत और प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा, यदि आज हम एक छात्र के रूप में कठिन परिश्रम करते हैं, तो भविष्य में वह सब कुछ पा सकते हैं, जिसकी हम कल्पना करते हैं। आज का आलस्य भविष्य की कठिनाइयों को जन्म देता है, इसलिए सतत प्रयास और मार्गदर्शन सफलता की कुंजी है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय प्रशासक एससी मिश्रा, महेश चंद्र जोशी और कोऑर्डिनेटर प्रदीप मित्रा ने छात्रों को उनके अभिभावकों के साथ प्रतीक चिन्ह प्रदान किए। कार्यक्रम का संच. ालन करते हुए अकादमिक कोऑर्डिनेटर बीबी जोशी ने कहा कि जो विद्यार्थी जीवन में लगातार सीखते रहते हैं और अपनी कार्यकुशलता को विकसित करते हैं, वे कभी भी अपने लक्ष्य से पीछे नहीं रहते। सम्मानित होने वालों में कक्षा 10 की जिया मेहता, कार्तिक जोशी, आर्यन धपोला, लक्षित बनकोटी, गौरव शर्मा, आलोक ममगाई, माहि तिवारी, रबिन्द्र रावत, ओजस्वित श्रीवास्तव, तियांशी पटेल, कविता बेलवाल, मानवी वर्मा, मोहित पन्त और कक्षा 12 की छात्राओं में मानसी भट्ट, दिव्यांजलि पाण्डेय, तन्वी पन्त, राशि पाण्डेय, वरुण कुमार, प्रांजल त्रिपाठी, अवंतिका शुक्ला, साक्षी बनकोटी, जतिन सनवाल, खुशी जोशी, अभिषेक श्रीवास्तव, अधिवक्ता श्याम सुंदर बेलवाल, पुष्कर सिंह राजपूत, सुनीता तिवारी, रुचिता पांडे आदि उपस्थित रहे।

# झमाझम बारिश, उमस भरी गर्मी से मिली राहत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गर्मी और उमस की मार झेल रहे लोगों के लिए बुधवार का दिन राहत भरा रहा। दोपहर बाद शहर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में जोरदार बारिश होने से मौसम खुशनुमा हो गया। जोरदार बारिश और तेज हवाओं के चलने से कई दिनों से गर्मी झेल रहे लोगों ने राहत की सांस ली। मौसम की करवट से तापमान में खासा गिरावट आई। मौसम विभाग ने भी गरज के साथ बारिश की संभावना जताई थी। बीते कुछ दिनों से 40 डिग्री तापमान और उमस ने लोगों को बेहाल कर रखा था। गर्मी और उमस के बीच बिजली कटौती आग में घी डालने का काम रही थी। बुधवार को मौसम ने करवट ली। सुबह से ही घने बादल और हवाओं के चलने से मौसम खुशनुमा बना रहा। शाम करीब चार बजे तेज हवाओं का दौर शुरू हो गया और कुछ देर बाद जोरदार बारिश शुरू हो गई। करीब 15 मिनट तक मेघ जमकर बरसे। मौसम का रूख बदलने से अधिकतम तापमान 35 और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार 26 मई तक हल्की से मध्यम बारिश के आसार बने रहेंगे।

# दर्जनों लोग भीम आर्मी में शामिल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भीम आर्मी द्वारा आयोजित सदस्यता अभियान के तहत गोलछा कंपाउंड स्थित कार्यालय में एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें नफीस अहमद खान के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। इस कार्यक्रम में आज़ाद समाज पार्टी के कुमाऊं क्षेत्र प्रभारी लेखराज गौतम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सभा की अध्यक्षता सिराज अहमद ने की और संचालन नफीस अहमद खान ने किया। मुख्य अतिथि लेखराज गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहेब डक्ष भीमराव अंबेडकर ने जो वोट की ताकत हमें दी है, उसका सही इस्तेमाल हम नहीं कर पा रहे हैं, जिसके कारण देश को तोड़ने वाले लोग सत्ता में पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि आज देशभर में हर ओर हाहाकार मचा हुआ है। जिन लोगों ने अपनी जिंदगीभर की कमाई लगाकर घर बनाए थे, उन्हें अतिक्रमणकारी बताकर बुलडोज़र से तोड़ा जा रहा है। दशकों से सड़क किनारे व्यापार करने वालों को भी निशाना बनाया जा रहा है। दलितों और मुसलमानों पर अत्याचार बढ़ रहे हैं, और समाज में न्फरत की खाई को और गहरा किया जा रहा है। गौतम ने कहा, अगर हम सभी मिलकर वोट का सही इस्तेमाल करेंगे तो बहुजनों को सत्ता में पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता। हमें एकजुट होकर सत्ता में बदलाव लाना होगा। अगर हम चंद्रशेखर के हाथों को मजबूत करेंगे और बूथ स्तर पर कमेटियां बनाएंगे, तो आने वाले समय में राजनीति का केंद्र आज़ाद समाज पार्टी ही होगी। सभा में नफीस अहमद खान ने भी अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि सभी अम्बेडकरवादी संगठनों को एकजुट होकर बहुजन समाज के अधिकारों की रक्षा के लिए नगीना सांसद चंद्रशेखर आज़ाद को सत्ता के शीर्ष पर पहुंचाना चाहिए। उन्होंने 2027 के चुनावों में आज़ाद समाज पाट्ल के बिना किसी भी सरकार के गठन की संभावना को नकारते हुए सभी से एकजुट होकर काम करने का आहवान किया। इस कार्यक्रम में कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिनमें फ़िरोज़ खान, उमर भाई, लक्ष्मी नारायण, जीवन आर्य, पीआर टम्टा, सुन्दरलाल, आरपी गंगोला, कमाल, सुनीता प्रसाद आदि थे।

## फांसी लगाकर युवती ने जान दी

**हल्द्वानी।** अज्ञात कारणों के चलते बनभूलपुरा में एक किशोरी ने ग़ांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। वह घर के भीतर परिजनों को फंदे से लटकी मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। बनभूलपुरा के इंदिरानगर निवासी 17 वर्षीय सिफा पुत्री मो. शाहिद चार भाई बहनों में तीसरे नंबर की थी। परिजनों के अनुसार सुबह 11 बजे परिवार के अन्य सदस्य पहली मंजिल पर थे और स्फा भूतल के कमरे में थी। स्फा काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं आई तो परिजन कमरे में गए। वहां स्फिांदे से लटकी थी। परिजन उसे तुरंतफंदे से उतारकर एसटीएच लेकर आए, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। किशोरी के आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं लग सका है। एसओ नीरज भाकुनी ने बताया कि मामले की जांच की जाएगी।

# ऐपण से सुसज्जित होंगी दुकानें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम ने शहर की सांस्कृतिक विरासत को संजोते हुए एक नई पहल की शुरुआत की है।

- नगर निगम की दुकानों को मिलेगा नया रूप चरणबद्ध ढंग से शुरू हुआ कार्य



निगम की दुकानों को अब पारंपरिक ऐपण कला से सुसज्जित आकर्षक बोर्डों के माध्यम से सजाया जा रहा है। इस कार्य की शुरुआत हो चुकी है और इसे चरणबद्ध रूप में आगे बढ़ाया जाएगा। निगम के अधिका. रियों के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य न केवल दुकानों को आकर्षक स्वरूप देना है, बल्कि उत्तराखंड की पारंपरिक लोक कला एपण को जन-जन तक पहुँचाना और उसका संरक्षण करना भी है। नगर निगम की यह सांस्कृतिक पहल शहर की पहचान को एक नया आयाम देगी। पहले चरण में चयनित दुकानों पर एपण कला से युक्त बोर्ड लगाए जा चुके हैं, जिन्हें स्थानीय कलाकारों द्वारा तैयार किया गया है। आने वाले समय में सभी निगम दुकानों को इस कला से सजाने की योजना है। नगर निगम ने यह भी संकेत दिया है कि भविष्य में अन्य सार्वजनिक स्थलों को भी इस लोक कला से सजाने की संभावनाएं तलाशी जाएंगी।

# मुख्य अपहरणकर्ता फरार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बहुचर्चित इंजीनियर तुषार लोहनी अपहरण कांड में पुलिस अब तक मुख्य साजिशकर्ताओं तक नहीं पहुंच सकी है। अपहरण की साजिश रचने वाले आलोक तिवारी और उसका ममेरा भाई कपिल तिवारी अब भी फरार हैं। हालांकि पुलिस ने इस केस में शामिल तीन अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 6 मई की सुबह की है, जब मुखानी थाना क्षेत्र के तल्ली बमौरी निवासी इंजीनियर तुषार लोहनी का उस वक्त अपहरण कर लिया गया, जब वह सुबह टहलने निकला था। आरोपियों ने कालाढूंगी रोड स्थित ईएनटी हॉस्पिटल के पास से उसे अगवा किया और 50 लाख रुपये की फिरौती मांगी। तुषार और आरोपी आलोक तिवारी ने मिलकर एक स्टार्टअप शुरू किया था, जो विफल हो गया। इसके बाद आलोक तिवारी ने तुषार पर 50 लाख रुपये का दबाव बनाना शुरू कर दिया और बात न बनने पर अपहरण की साजिश रच डाली। तुषार को पुलिस ने 11 मई को उत्तर प्रदेश के बांदा जिले से घायल हालत में बरामद किया। इस मामले में पुलिस ने अब तक दयाशंकर तिवारी, अंकुर कुमार और विनय प्रताप को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। ये तीनों आरोपी बांदा और इटावा जिले के रहने वाले हैं। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी के अनुसार, आलोक और कपिल तिवारी लगातार अपनी लोकेशन बदल रहे हैं, जिससे उनकी गिरफ्तारी में देर हो रही है। लेकिन पुलिस टीमें लगातार उनके पीछे हैं और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# बनबसा के लिए निकले युवक को बरगला कर अपने साथ ले गए लुटेरे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बस अड्डे पर बनबसा की बस का इंतजार कर रहे युवक को दो शातिर बरगला कर अपने साथ ले

- चोरगलिया के जंगल में 10 हजार लूटे, पीटकर सड़क किनारे फेंका

गए। चोरगलिया के जंगल में लुटेरों ने झूठ बोलकर उसे बस से उतार लिया। उसे लूटा और बुरी तरह पीटने के बाद सड़क किनारे फेंक कर फरार हो गए। इस मामले में हल्द्वानी कोतवाली पुलिस ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। चायखान अल्मोड़ा निवासी सुरेश शाही बीती 13 मई को घर से बनबसा जाने के लिए निकला था।

अल्मोड़ा से रात करीब पौने 12 बजे सुरेश हल्द्वानी बस अड्डा पहुंचा। यहां वह बनबसा की बस का इंतजार कर रहा था, तभी दो शातिर उसके पास पहुंचे। उससे पूछा कि वह कहां जा रहा है। शातिरों को पता लगा कि वह बनबसा जा रहा है तो उन्होंने अपना परिचय देते हुए बताया कि वह नेपाल के रहने वाले हैं और वह भी बनबसा जा रहे हैं। उसे बरगलाया और कहाकि क्यों न वह उनके साथ चले। दोनों ने सुरेश को एक बस बैठा लिया। चोरगलिया के जंगल में बस पहुंचते ही शातिरों ने सुरेश से यह कहते हुए बस रुकवा ली कि वह गलत बस में बैठ गए हैं। जिसके बाद सुरेश भी शातिरों के साथ बस से उतर गया। बस के रवाना होते ही शातिरों ने सुरेश पर हमला बोल दिया। उसे बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। उससे 10 हजार रुपए और बैग लूट लिया, जिसमें उसके सारे कपड़े थे। पिटाई से युवक बेसुध हुआ तो उसे वहीं छोड़कर फरार हो गए। मामले में कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपते हुए सुरेश के भाई अनिल ने बताया कि घटना के बाद वह किसी तरह लिफ्ट लेकर हल्द्वानी पहुंचा। यहां अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराया और वापस अल्मोड़ा लौट गया। कोतवाल राजेश कुमार यादव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है। जहां से युवक आरोपियों के साथ गया था, वहां लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पौधारोपण आंदोलन जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को लेकर जारी किया जा रहा राज्य में अनूठा आंदोलन बुधवार को 320वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण से जोड़ने के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत बुधवार को पर्यटकों ने पौधारोपण किया वहीं दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पलेटा स्थित धूसाखान शिव मंदिर परिसर में पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर हर सिंह, वेद प्रकाश, शेर सिंह सहित निगम कर्मी उपस्थित रहे। दिनेश गुरु रानी ने कहा कि मांगों को लेकर उनका पौधारोपण आंदोलन जारी रहेगा।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# होली चाईल्ड स्कूल में समरकैंप शुरू



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** होली चाइल्ड स्कूल के प्रांगण में कन्डीशनिंग कैम्प 'द कूल्स-2025' का उद्घाटन बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम से हुआ। इस कैंप में अलग-अलग स्पोर्ट्स और एक्टीविटी का समावेश किया गया है। विद्यालय का लक्ष्य बच्चों को गर्मी की छुट्टियों का सदुपयोग और अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ियों को तैयार करना है।

बच्चों को विद्यालय के स्पोर्ट्स एरिना में स्थित मिनी ओलम्पिक साईज पूल में कन्डीशनिंग कैम्प के दौरान तैराकी विधाओं में बेसिक ज्ञान के साथ पानी के ऊपर फ्लोटिंग, बेलेंसिंग, फ्री स्टाइल, ब्रेस्ट स्ट्रोक, बैक स्ट्रोक, बटर फ्लाई, डाइविंग इत्यादि का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त बच्चों को डांस, म्यूजिक, पेंन्टिग, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, फायरलेस कुकिंग इत्यादि का प्रशिक्षण इस कैम्प के माध्यम से दिया जाएगा। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी पूजा बत्रा, विनय बत्रा, प्रधानाचार्य मिंटू दुबे, उप-प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार जोशी व मंजू अधिकारी, एचओडी फिजिकल एजूकेशन शिक्षक एवं तैराकी कोच सुधाकर सिंह, तैराकी कोच विल्सन मैसी, बैडमिन्टन कोच शिवांग श्रीवास्तव, क्रिकेट कोच पलाश भारद्वाज, फुटबाल कोच सूरज बिस्वाश, नृत्य शिक्षिका शीतल खुराना, कला शिक्षिका हिमानी शर्मा, संगीत शिक्षक हेरोशित मण्डल, फायरलेस कुकिंग शिक्षिका तरन्नुम खान तथा समस्त शिक्षक वर्ग उपस्थित रहे।

# लूटकांड का फरार इनामी चढ़ा पुलिस के हत्थे

■ लूट कांड के बाद लंबे समय से फरार चल रहे थे हल्द्वानी निवासी अभियुक्त



शाह टाइम्स संवाददाता

**सितारगंज।** लूट कांड को अंजाम देने के पश्चात लंबे समय से फरार चल रहे हल्द्वानी निवासी इनामी अभियुक्त को पुलिस ने शक्तिफार्म क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेजा।

वार्ड नंबर 6 निवासी गुड्डू सक्सेना पुत्र पूरनलाल द्वारा 1 फरवरी को कोतवाली पुलिस को शिकायत दर्ज कराई गई थी कि अज्ञात अभियुक्त द्वारा उसके भाई राकेश की चाय, परचून के खोखे में जाकर हथियार से जान से करने के नियत से उसके सर में वार कर उसे लहू लुहान कर खोखे में रखे तीन हजार रुपए नगद एवं तीन मोबाइल फोन, पैन कार्ड आदि लूट लिए गए। घटना के गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना के त्वरित अनावरण हेतु आरो. पियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। जिसके क्रम में गठित पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास लगे लगभग डेढ़ सौ सीसीटीवी कैमरो के फुटेज के अवलोकन व सर्विलांस के माध्यम से अभियुक्तों की शिनाख्त व तस्दीक की कार्रवाई की गई।

सीसीटीवी कैमरो के अवलोकन व जांच पड़ताल के पश्चात घटना में, हल्द्वानी निवासी 24 वर्षीय विकास पाल पुत्र जानकी पाल उर्फ राजू पाल, रोहित पाल पुत्र प्रमोद पाल एवं चेतन सिंह बिष्ट पुत्र नरसिंह बिष्ट का नाम प्रकाश में आया। 4 फरवरी को विकास पाल उर्फ मुर्गा पुत्र जानकी को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया जा चुका है।

रोहित पाल एवं चेतन सिंह बिष्ट लगातार फरार चल रहे थे, जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार दबिश दी जा रही थी। दोनों फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पांच हजार रुपए की इनाम राशि घोषित की गई थी। 20 मई की रात्रि मुखबिर की सूचना पर इनामी अभियुक्त रोहित पाल उर्फ छोटू को शक्ति फार्म क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से चोटिल राकेश कुमार का लूये गये पैन कार्ड बरामद किया गया। पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि वह स्मैक नशे के आदी हैं, घटना के दिन भी स्मैक खरीदने के लिए जा रहे थे, उनके पास पैसे कम होने के कारण एकांत में चाय का खोखा देखा, तीनों ने चाय पीने के पश्चात, खोखा एकांत में एवं सुबह का समय आवाजाही कम होने के कारण तीनों ने मिलकर लूटने की योजना बनाई थी।

गल्ले से पैसे, मोबाइल फोन आदि को लूटने के पश्चात जब उनका विरोध किया गया तो दुकान के पास में ही पड़ी कुल्हाड़ी से उसे घायल कर मौके से फरार हो गए। पुलिस एक अन्य फरार अभियुक्त चेतन सिंह बिष्ट की गिरफ्तारी के लिए प्रयास में जुटी है। गिरफ्तारी टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक विक्रम सिंह धामी, उप निरीक्षक प्रकाश चंद्र भट्ट, राकेश सिंह रोंकली, सुरेंद्र सिंह दानू, कांस्टेबल चंद्र प्रकाश, किरन मेहता, गिरीश चंद्र, अमित जोशी, भवान सिंह एवं कपिल कुमार शामिल थे।

## एक नजर

### छात्र -छात्राओं को किया जागरूक

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** महिला कल्याण विभाग द्वारा बुधवार को इंद्रा कॉलोनी वार्ड नम्बर-05 स्थित गोविंद विद्या मंदिर इंटर कालेज में जागरूकता अभियान चलाया गया । इस अभियान मे बाल कल्याण समिति सदस्य उमेश सिंह, चंद्रकला राय द्वारा छात्र -छात्राओं को बाल कल्याण समिति बच्चों के अधिकारों के लिए कैसे काम करती है,



किशोर न्याय बोर्ड का काम का उद्देश्य,बाल अधिकार, पोक्सो एक्ट,बाल श्रम,बाल विवाह ,शिक्षा का अधिकार अधिनियम, नशा मुक्ति एवं नशा का हमारे जीवन पर किस प्रकार दुष्प्रभाव पड़ता है के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। वहीं ऐसे बच्चे जो असुरक्षित परिवेश में रह रहे हो या देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता की श्रेणी या किसी भी प्रकार के जोखिम / अपराध / दुर्व्यव्हार का शिकार हो सकते हैं, ऐसे बच्चों से संबंधित जानकारी जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर संपर्क कर सकते हैं। जागरूकता अभियान मेंचाइल्ड हेल्पलाइन से (केंद्र समन्वयक) चांदनी रावत, केस वर्कर गोविन्द सिंह पांगती, प्रधानाअध्यापिका गोल्डी अधिकारी, विद्यालय स्टाफ एवं 110 छात्र -छात्राएं उपस्थित रहे।

### उत्तराखंड मीडिया क्लब खटीमा का किया विस्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** उत्तराखंड मीडिया क्लब खटीमा की एक बैठक का आयोजन बुधवार को पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में किया गया। जिसकी अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष दीपक फुलेरा ने की तथा संचालन क्लब के महासचिव गोरखनाथ ने किया।



बैठक में पिछली बैठे की कार्यवाही पर समीक्षा की गई। तत्पश्चात संगठन के कार्यकाल, संगठन के विस्तार, संगठन हेतु बायलॉज, सदस्यता शुल्क, संगठन की कोष हेतु मासिक शुल्क, संगठन को मजबूत करने तथा पत्रकार हितों सहित कई महत्वपूर्ण बिंद. ओं पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। वहीं बैठक में सर्व सहमति से खटीमा के वरिष्ठ पत्रकार हीराचंद राजपूत को क्लब का संरक्षक, मुस्तकीम मलिक को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सूरज गुसाईं को उपाध्यक्ष, इश्तियाक अंसारी को मीडिया कोऑर्डिनेटर, उत्तम कुमार को कोषाध्यक्ष तथा परमजीत सिंह पम्मा को सहायक कोषाध्यक्ष बनाया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को उपस्थित सभी पत्रकारों ने फूल माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। बैठक में क्लब के संरक्षक हीरा चंद राजपूत, अध्यक्ष दीपक फुलेरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मुस्तकीम मलिक, मीडिया कोऑर्डिनेटर इश्तियाक अंसारी, सदस्य पत्रकार हरेंद्र प्रसाद तथा गगन सिंह आदि ने पत्रकारों के हितों की सुरक्षा, स्वतंत्र स्वच्छ निष्पक्ष व निर्भीक पत्रकारिता आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपने विचार व्यक्त करते हुए समस्त पत्रकारों का मार्गदर्शन किया तथा उनका प्रेरित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार हीराचंद राजपूत, सुनील सैनी, शंकर पलियाल, एसके राय, अरविंद कुमार सहित क्लब के समस्त पत्रकार उपस्थित रहे।

### आज निकाली जाएगी भव्य एवं विशाल तिरंगा यात्रा

शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** जामा मस्जिद में गुरुवार को एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें ऑपरेशन सिंदूर की एतिहासिक सफलता पर भारतीय सेना के सम्मान में निकली जाने वाली तिरंगा यात्रा को भव्य एवं सफल बनाने हेतु तिरंगा यात्रा के संयोजक अमित पांडे, भाजपा जिला महामंत्री सतीश गोयल व जामा मस्जिद के प्रशासक कामिल खान के बीच विस्तार से चर्चा किया गया।

चर्चा के उपरांत निर्णय लिया गया कि गुरुवार को आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा का जामा मस्जिद पर स्वागत किया जाएगा। इसके साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि तिरंगा यात्रा में अल्पसंख्यक मोर्चा व मुस्लिम समाज के लोग भी सहभागिता कर तिरंगा यात्रा को सफल बनाएंगे। बैठक में जामा मस्जिद के प्रशासक कामिल खान, तिरंगा यात्रा संयोजक अमित पांडे, भाजपा जिला मंत्री सतीश गोयल, हफीजुर्रहमान, जफर खान, कासिम खान, शारिक रजा, कफील अहमद तथा आलम तहसीनी आदि मौजूद रहे।

### नशे की हालत में मिला रामपुर रोडवेज डिपो का बस चालक, बस सीज

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर ।** सीपीयू ने बुधवार सुबह रुद्रपुर परिवहन निगम परिसर के पास से रामपुर रोडवेज डिपो के बस चालक को नशे की हालत में पकड़ लिया। पुलिस ने रामपुर डिपो की बस सीज कर चालक को कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। पुलिस के मुताबिक, बुधवार सुबह करीब 10 बजे सीपीयू प्रभारी गोधन सिंह अपनी टीम के साथ नियमित गश्त पर निकले थे। टीम को परिवहन निगम परिसर के करीब नैनीताल हाईवे पर रामपुर रोडवेज डिपो की एक बस नो-पार्किंग जोन में खड़ी दिखाई दी, जिसकी वजह से डीडी चौक पर जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। अनाउंसमेंट के बाद भी बस नहीं हटाने पर सीपीयू कर्मी बस चालक के पास गए। सीपीयू प्रभारी ने बताया कि बस चालक एटा चुंगी अलीगढ़ निवासी चरण सिंह के पास जाने पर वह नशे में लग रहा था। अल्कोहल मीटर से जांच करने पर चालक के शराब के नशे में होने की पुष्टि हुई।

**एम.के. वाटर प्रूफिंग**

मकान की वाटर प्रूफिंग, छत का टपकना, दीवारों पर सीलन आना, लिन्टर पर दारार से पानी आना, बेसमेन्ट में पानी या सीलन आना, किचन व बाथरूम लिकिज होना, फ्लोर ओपोक्सी व ब्रिक ओवा भी किया जाता है। प्रो. महबूब भाई

बिलासपुर रोड, रुद्रपुर (ऊ.सिंह नगर)
मो.: 9012051994, 6399038125

# एक महिला सहित तीन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**नानकमत्ता ।** पुलिस ने तहरीर के आधार पर एक महिला सहित तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया है।

बुधवार को पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रेम कौर पत्नी स्व. प्रेम सिंह ग्राम गिधौर, ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि 19 मई 2025 को सुबह करीब 8:00 बजे का वाक्या है कि ग्राम गिधौर निवासी हरजिन्दर सिंह उर्फ लाली पुत्र बग्गा सिंह, छीलों वाई पत्नी बग्गा सिंह, आर्यन सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह एक राय होकर मेरे देवर ग्राम गिधौर निवासी गुरमीत सिंह पुत्र कशमीर सिंह के घर में घुस आये तथा धमकियां देने लगे कि प्रेम कौर का लडका कुलदीप सिंह जो कि गिधौर निवासी बलजीत सिंह पुत्र कुलवंत सिंह के इलाज कराने को आ जा रहा है। हम लोगों ने बलजीत सिंह को मारपीट कर घायल किया है।

बोला अगर प्रेम कौर का लडका कुलदीप सिंह बलजीत सिंह के साथ आना जाना व उसका इलाज कराता है तो उसे भी हम लोग जान से मार देंगे। तहरीर में महिला का आरोप है ग्राम गिधौर निवासी कक्का सिंह पुत्र बग्गा सिंह झगड़ा करने को उकसा रहा है, तथा गांव में हत्या की घटना कराना चाह रहा है।

बताया है कि उक्त हरजिन्दर सिंह उर्फ लाल जोकि थाने का हिस्ट्रीसिटर है, तथा कक्का सिंह पर गैगेस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज है, दोनों लोग नशा तस्कर हैं, जो बड़े पैमाने पर नशा का कारोबार करते हैं।

पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के विरुद्ध धारा 351 (2), व 52 के तहत अभियोग पंजीकृत किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# छात्रों और उनके अभिभावकों का किया सम्मान



शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** मदर इण्डिया पब्लिक स्कूल में हाईस्कूल और इण्टर मीडिएट के बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों और उनके अभिभावकों को सम्मानित किया गया।

इस सम्मान समारोह में विद्यालय प्रबन्धन द्वारा स्कूल टॉपर और 90 प्रतिशत से ऊपर अंक पाने वाले छात्रों और अभिभावकों को आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधिका रश्मि विज, गौरव विज, डौली विज और प्रधानाचार्य महेश चन्द्र उनियाल द्वारा स्मृतिचिन्ह भेंट कर विद्यार्थियों और अभिभावकों को सम्मानित किया। इस अवसर पर तेजेन्द्र कौर, क्रितिका बत्रा, दिपयंती, केकेजोशी, जसपाल रन्धावा, प्रदीप पाण्डे, अमीर हसन, विकास पंत, शशिकांत ओझा, अनुभव जैन, विशाल काण्डपाल, विक्रम सिह, रविन्द्रपाल सिंह, अजय एवं सभी अध्यापक व अध्यापिकाओं ने उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भाजपा पदाधिकारियों का किया स्वागत

शाह टाइम्स संवाददाता

**बाजपुर।** कुंडेश्वरी मंडल में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मपाल सिंह जाटव के आवास पर मंडल विस्तार कार्यकारिणी का स्वागत व सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपानेता राजेश कुमार ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता समर्पित निष्ठावान तरीके से जनता और पार्टी की सेवा करता रहा है और सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। वह जनता के बीच में जाकर नरेंद्र मोदी की केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को बताता है और उनका प्रचार प्रसार करता है। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं को पुष्प माला माला पहनाकर स्वागत किया गया। यहां कौशल्यपुरी मंडल अध्यक्ष गुरमुख सिंह, महामंत्री मंगल सिंह रावत, कश्मीर सिंह, उपाध्यक्ष वरिष्ठ मान सिंह, निशा चौहान, अवतार सिंह नेगी, देवकी देवी, पिंकी, ओंमकार सिंह,लीला खाटी, ललित कौर, देवेंद्र सिंह, रघुवीर सिंह, रिक्की समेत दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ की बैठक संपन्न



शाह टाइम्स संवाददाता

**किच्छा।** देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ की प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में ठेका प्रथा बंद कर सीधी भर्ती करने, बरसों पुराने कर्मचारियों को नियमितीकरण करने, पुरानी पेंशन बहाली समेत तमाम मुद्दो पर चर्चा हुई। इन मुद्दों पर शीघ्र मुख्यमंत्री से मिलने का निर्णय लिया गया।

देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ की एक प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया जिसमें तमाम कर्मचारियों के हितों के लिए विचार विमर्श किया गया। प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में प्रदेश सरकार से एक स्वर में मांग की गई की ठेका प्रथा बंद कर सीधी भर्ती की जाए बरसों पुराने कर्मचारियों के नियमित. ीकरण उपनल द्वारा भेजे जा रहे हैं सफाई नायकों पर रोक लगाते हुए निकायो में कार्यवाह सफाई नायकों को स्थाई सफाई नायक बनाये जाने, वन टाइम सेटलमेंट व्यवस्था को समाप्त करते हुए रिक्त पड़े मृतक आश्रितों को के पदो को भरते हुए आश्रितों को नौकरी दी जाए। आदि बिंदुओं पर चर्चा करते हुए करते हुए मुख्यमंत्री से उक्त मुद्दों पर बात करने का निर्णय लिया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री से वार्ता के बाद जल्द समाधान न होने पर आंदोलन करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने कहा कि हम सभी को कर्मचारी के हितों को देखते हुए शीघ्र मुख्यमंत्री से वार्ता के लिए समय लेना चाहिए ताकि कर्मचारियों के हितों की मांगों को मुख्यमंत्री से शीघ्र पूरा कराया जा सके तथा उसका जी ओ से शीघ्र बनवाया जा सके। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कोषाध्यक्ष कल्लू चरन ने की। बैठक का संचालन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नितिन चरन ने किया इस मौके पर संघ के प्रदेश अध्यक्ष राहत मसीह, प्रदेश महासि. चव राजपाल पवार, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमरदीप वाल्मीकि, प्रदेश सचिव जितेन्द्र देवांतक, संगठन मंत्री अमित कुमार, जिला अध्यक्ष विनोद कुमार, शाखा अध्यक्ष कैलाश वाल्मीकि,रामू भारती,लक्ष्मण चौहान, जय प्रकाश, विश्वाश, सोनू मुल्तानी, सुमित सौदा, सुनील रोतकी, मनोहर लाल, विजय पाल, दीपक चंदेल, माइकल, मुकेश, धीरज, रमेश, राजू, विवेक, अरुण, सूरज,अंकित, राजेश, प्रदीप, मोहन लाल आदि थे।

# विजयी खिलाड़ियों को सम्मानित किया



शाह टाइम्स संवाददाता

**किच्छा।** अंडर 7 बालिका वर्ग में चार राउंड खेल कर अदिति सिंह बिष्ट (नैनीताल) ने चार में से दो अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि ईशगुन कौर चंदोर (देहरादून) डेढ़ अंक लेकर दूसरे स्थान पर रही। ओपन वर्ग में चार राउंड के बाद नक्ष चौहान (हरिद्वार) ने चार में से चार अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान और कियान सिंघल (देहरादून) ने तीन अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया।

अंडर 17 बालिका वर्ग में चार राउंड खेलने के बाद शैराली पटनायक (देहरादून) ने चार में से चार अंक लेकर प्रथम स्थान और ईशिका बांगा (ऊधम सिंह नगर) ने तीन अंक लेकर दूसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 ओपन वर्ग में पांच राउंड खेलने के बाद सद्भव रौतेला (बागेश्वर) ने पांच में से साढ़े चार अंक लेकर प्रथम स्थान व अरमान सिंह बक्शी (देहरादून) ने भी साढ़े चार अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। देवभूमि चौस एसोसिएशन के महासचिव संजीव चौधरी, भारतीयम इंटर नेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य रश्मि आंनद ने विजयी खिलाड़ियों को ट्राफी, कैश पुरस्कार व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर संजीव चौधरी ने बताया कि अंडर 7 आयु वर्ग के विजयी खिलाड़ी उड़ीसा में एक जनू से होने वाली राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता उत्तराखंड राज्य का प्रति. निधित्व करेंगे। भारतीयम इंटर नेशनल स्कूल की प्रधानाचार्य रश्मि आंनद ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है। इस मौके पर स्कूल के उप प्रधानाचार्य भूपेन्द्र सिंह, देवभूमि चौस एसोसिएशन की कोषाध्यक्ष सीमा सिंह, चीफ आर्विटर मत्युंजय सिंह, आर्विटर रुपेश कुमार, अवि सिंह, मोरिशी सिंह, आर्यन सिंह, पवन कुमार, साबतयार खान आदि मौजूद रहे।

# केआईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस की कैरियर काउंसलिंग आयोजित



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** केआईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के द्वारा भागीरथी होटल, टनकपुर में एक व्यापक कैरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया। जिसका उद्देश्य क्षेत्र के इच्छुक छात्रों का मार्गदर्शन करना था।

कार्यक्रम में लगभग 80 छात्रों ने भाग लिया। काउंसलिंग में होटल प्रबंधन, बैंकिंग और वित्तीय प्रबंधन, बीएससी, आईटी एवं बीसीए और पत्रकारिता एवं जनसंचार सहित प्रमुख कार्यक्रम शामिल थे। संबंधित विभागों के विशेषज्ञों और संकाय सदस्यों ने पाठ्यक्रम संरचनाओं, कैरियर की संभावनाओं और उद्योग की मांगों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। सत्र इंटरैक्टिव और जानकारीपूर्ण था। जिसमें छात्रों और अभिभावकों ने शैक्षणिक और व्यावसायिक मार्गों पर प्रदान की गई स्पष्टता पर संतुष्टि व्यक्त की।

प्रभावशाली परामर्श के परिणामस्वरूप लगभग 15 छात्रों ने संस्थान द्वारा प्रस्तावित विभिन्न कार्यक्रमों में स्पॉट प्रवेश प्राप्त किया। केआईटीएम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने दूरस्थ छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अपना आधिकारिक सेंटर टनकपुर के भागीरथी होटल को बनाया है, जिसमें चंपावत, टनकपुर के छात्र एवं छात्राओं को परामर्श एवं प्रवेश की प्रक्रिया को सुनिश्चित किया जाएगा।

# भूतपूर्व स्व. प्रधानमंत्री राजीव गांधी के शहादत दिवस पर रक्तदान

शाह टाइम्स संवाददाता



**खटीमा।** यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नरेंद्र आर्या के नेतृत्व में भारत के भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के शहादत दिवस पर बुधवार को न्यू लाइफ लाइन ब्लड बैंक में और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नरेंद्र आर्य, विक्रम बुंगला, सतपाल राणा, विजय चंद, जगत भंडारी, मनोज कोहली, बीज्जू चंद तथा गोपाल चंद आदि ने रक्तदान किया। आपको बता दें कि यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नरेंद्र आर्या भूतपूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के शहादत दिवस पर तथा अपने जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं के साथ प्रतिवर्ष रक्तदान कर रक्तदान महादान को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाते हैं।

इस अवसर पर खटीमा विधायक तथा उप नेता प्रतिपक्ष भुवन चंद्र कापड़ी, ब्लॉक अध्यक्ष विनोद चंद, मान चंद, पूरन मेहता, उमेश चंद, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अरविंद कुमार, रोहित गंगवार, राहुल बिष्ट, शुभम भंडारी तथा हिमांशु बिष्ट आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने रखा मौन



शाह टाइम्स संवाददाता

**रामनगर।** कुमाऊं मंडल की अपनी यात्रा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने रामनगर के शहीद भगत सिंह चौक पर आधे घंटे का मौन रखा । मौन के उपरांत उन्होंने कहा कि रिस्पना, विंदाल में एलिवेटेड रोड बनाए जाने का समाच. ार आ रहा है, इसका स्वागत हैं, परन्तु इसकी जद में बसे हुए लोग चिंतित और व्यथित हैं।

इन लोगों से कहना चाहता हूं कि हमारी सरकार में मलिन बस्तियों का सर्वेक्षण कराया गया और उसके उपरांत हमारे कार्यकाल में 2016 में जो कानून पास हुआ, मलिन बस्तियों में रहने वाले लोगों को मालिकाना हक देने का ,उस कानून के प्रभाव में आने तक जो भी लोग उपत्यकाओं में बसे हुए हैं वह उत्तराखंड के कानून से संरक्षित हैं, उनका बिना मुआवजा दिए या उचित स्थान पर पुनर्वासित किये, उनको हटाया नहीं जा सकता।

इन बस्तियों के नेतागण हाईकोर्ट से प्रोटेक्शन हासिल कर सकते हैं। हल्द्वानी के बनभूलपुरा और ढोलक बस्ती में रहने वाले लोगों को यह प्रोटेक्शन मिला है और इसी कानून के तहत, विधानसभा द्वारा पारित कानून के तहत ही मिला है तो चिंता करने की जरूरत नहीं है। रावत ने कहा कि सरकार ने एलिवेटेड रोड की घोषणा तो कर दी परंतु बड़ी संख्या में जो लोग इस योजना से बेघर होंगे उनके लिए पुनर्वास की कोई योजना अभी तक सामने नहीं रखी है। रावत ने कहा कि मेरा यह मौन राज्य सरकार को सजग करने की दिशा में कदम है। रावत ने यह भी कहा कि उनके कार्यकाल में वर्ग 4 से लेकर वर्ग 10 (ख) तक की जमीनों के पट्टे धारकों को हमारी सरकार में मामूली मुआवजा लेकर जमीन का मालिकाना हक दिया गया था।

सत्तर से अस्सी हजार लोग उससे लाभान्वित भी हुए परंतु एक से डेढ़ लाख लोग उस समय छूट गए शायद उन तक सरकार की यह योजना नहीं पहुंच पाई होगी ।अब सुनने में आ रहा है कि ऐसे लोगों को नोटिस दिए जा रहे है जो कि सरासर नाइंसाफी है।

इस पर राज्य सरकार को तुरंत फैसला लेना होगा वरना आंदोलन झेलना पड़ेगा। रावत ने कहा कि उन्होंने शहीद भगत सिंह का चौराहा इस मौन व्रत के लिए इसलिए चुना क्योंकि भगत सिंह हमेशा गरीबों शोषितों और वंचितों के अधिकारों को संरक्षित करने के लिए जाने जाते हैं।

# जिन मदों में धनराशि आवंटित हुई, उसी में करें खर्चः डीएम

■ जिले में होने वाले कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए दिशा निर्देश



शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी की अध्यक्षता में बुधवार को जिला कार्यालय कक्ष में जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास निधि से वर्ष 2024-25 में जनपद के अन्तर्गत विभिन्न विकास कार्यों हेतु कार्यदायी संस्थाओं को अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष किए जाने वाले कार्यों की प्रगति की समीक्षा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में विधायक डीडीहाट बिशन सिंह चुफाल द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत प्राप्त प्रस्तावों की जानकारी जिलाधिकारी से लेते हुए कुछ योजनाओं में विकास कार्य खनिज फाउण्डेशन न्यास निधि से वर्ष 2024-25 में योजनाओं को सम्मिलित करने के भी निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए है कि जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास निधि से वर्ष 2024-25 में जनपद के अन्तर्गत जिन विभागों को विभिन्न विकास कार्यों हेतु धनराशि जिन मदों में धनराशि आवंटित होगी, उन कार्यों की टेंडर प्रक्रिया शीघ्र सुनिश्चित करें साथ ही कहा कि जिन कार्यों के वर्क आर्डर हो गए हैं उन कार्यों पर शीघ्र कार्य प्रारंभ करना सुनिश्चित करें। साथ ही पूर्ण किए गए कार्यों की वीडियोग्राफी फोटोग्राफी के साथ ही यूसी उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा जो कार्य जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास निधि से किए जा रहे है उन स्थानों पर कार्य का नाम एवं मद लागत युक्त बोर्ड भी लगाना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी को उप जिलाधिकारियों के नेतृत्व में की टीम गठित करते हुए जिला खनिज फाउण्डेशन न्यास निधि की अंतर्गत कार्यों की गुणवत्ता का स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी योगेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियंता जल निगम आरएस धर्मशक्तू, मुख्य शिक्षाधिकारी हरक राम कोहली, जिला खान अधिकारी मयंक आर्य, आदि संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## प्रवेश उत्सव एवं बाल सभा समिति का हुआ शपथ ग्रहण समारोह



शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर।** दयानंद इंटर कॉलेज टनकपुर में प्रवेश उत्सव एवं बाल सभा समिति का शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया।

बुधवार को दयानंद इंटर कॉलेज में नवीन बच्चों का प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमें सबसे पहले विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ कर्म यज्ञ के द्वारा विद्यारंभ संस्कार किया गया। विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष धर्मपाल आर्य ने नव प्रवेशित छात्रों का स्वागत कर शुभकामनाएं दी। इसी के साथ बाल सभा समिति का सर्व सम्मति से गठन किया गया। जिसमें बालसभा समिति के सदस्यों को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई। साथ ही इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा 2025 में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया । जिसमें प्रथम स्थान आयुष कश्यप, द्वितीय स्थान मनीष पांडे और तृतीय स्थान आंचल बोहरा का रहा। बालसभा समिति में अध्यक्ष कौशल शर्मा, मुख्य अतिथि दीपा, विशिष्ट अतिथि आयुष कश्यप रहे। विद्यालय के प्रबंधक डा. मनुश्रवा आर्य के द्वारा नवीन बच्चों को उपहार देकर सम्मानित किया गया । विद्यालय में पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान जूनियर वर्ग में हर्षिता, द्वितीय स्थान पर दीक्षिता शर्मा और तृतीय स्थान पर मान्यागिरी गोस्वामी रहीं । इसी प्रकार सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर प्रतीक्षा व अक्षिता, द्वितीय स्थान पर बेअंत और तृतीय स्थान पर इशिका रहीं । विद्यालय की प्रधानाचार्या माहेश्वरी पांडे के द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

## एक नजर

### जागरूकता कार्यक्रम में बच्चों को कानूनी जानकारी

शाह टाइम्स संवाददाता

**पिथौरागढ़।** पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के निर्देशन में जनपद पिथौरागढ़ की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) एवं जिला बाल कल्याण समिति द्वारा संयुक्त रूप से राजकीय जूनियर हाईस्कूल मंडप में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में एएचटीयू टीम से उप निरीक्षक बीसी मासीवाल (प्रभारी), मुख्य आरक्षी तारा बोनाल, हे.का. दीपक खनका एवं हे.का. प्रेम बल्लभ छिमवाल तथा बाल कल्याण समिति से लता पंत उपस्थित रहीं। साथ ही विद्यालय के प्रधानाचार्य हरीश पांडे एवं समस्त शिक्षण स्टाफ कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को मानव तस्करी, बाल श्रम, बाल विवाह, नशा मुक्ति, महत्वपूर्ण टोल-फ्री नंबरों की जानकारी ख्र बच्चों को पुलिस सहायता, चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) सहित अन्य आवश्यक टोल-फ्री नंबरों की जानकारी दी गई, ताकि किसी संकट की स्थिति में वे मदद ले सकें। यह कार्यक्रम बच्चों को उनके अधिकारों एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रही।

### सिमरन चन्द का सीए बनने का सपना

शाह टाइम्स संवाददाता



**पिथौरागढ़।** टनकपुर सेन फ्रान्सिस 12वीं और एमडीएम 2023, का गौरव स्कूल टॉपर सिमरन चन्द सीए बनना चाहती है। सिमरन चन्द ने 93.8 प्रतिशत अंक पाकर रामी चन्द की होनहार पोत्री, सतीश, आशा चन्द की पुत्री, दादा स्व. रामी चन्द एवं आमबाग का नाम किया रोशन।

### ऑनलाइन स्टोर को 'सर्व' के रूप में किया रीब्रांड

शाह टाइम्स संवाददाता

**हल्द्वानी।** अमेजन फैशन ने जेन जी को खास तौर पर ध्घ्यान में रखते हुए अपने ऑनलाइन स्टोरफ्रंट को एक बार फिर से लॉन्च किया है। इस स्टोरफ्रंट को इससे पहले नेक्स्ट जेन स्टोर के नाम से जाना जाता था। अब इसे नए स्टाइलिश स्ध्वरूप में 'सर्व' के नाम से पेश किया गया है।

'सर्व' सिर्फ एक ऑनलाइन स्टोर नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां हमेशा लेटेस्ट ट्रेंड, स्टाइल और खुद को एक्सप्रेस करने के नए तरीके मिलते हैं। इस ऑनलाइन स्टोर पर जेन जी ग्राहकों की संख्या में 3 गुना का इजाफा देखने को मिला है। अमेजन फैशन इंडिया के डायरेक्टर निखिल सिन्हा ने कहा, अब हम 'सर्व' के साथ उस वादे को निभा रहे हैं जो हमने अपने जेन जी ग्राहकों के साथ किया था।

### भूमि दानदाता की चार वर्ष तक की गई कोशिश रंग लाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर।** भूमि दानदाता के द्वारा चार वर्ष तक की गई कोशिश रंग लाई है। अटल उत्कृष्ट गवर्नमेंट गर्ल इंटर कॉलेज अब राम रतन लाल भगवत सरन अटल उत्कृष्ट राजकीय बालिका इंटर कॉलेज टनकपुर के नाम से जाना पहच. ाना जाएगा। इस संबंध में उपसचिव/ संयुक्त सचिव एएफआई सीबीएसई की ओर से नाम जोड़ने का पत्र जारी किया गया है।

जानकारी के अनुसार विद्यालय की प्रधानाचार्य विनीता जोशी एवं भूमि दान दाता के पौत्र अनिल सरन अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2021 में लाला राम रतन लाल भगवत सरन जीजीआईसी को सीबीएसई के तहत अटल उत्कृष्ट स्कूलों में शामिल किया गया था। अधिकारियों की लापरवाही के चलते उनके दादा राम रतन लाल और पिता भगवत सरन का नाम हटाकर अटल उत्कृष्ट जीआईसी कर दिया गया था। उसके बाद वर्ष 2021 यानी विगत चार वर्षों से संबंधित अधिकारियों को पत्राचार कर भूमि दाताओं के नाम जोड़ने की मांग की जा रही थी। अग्रवाल के द्वारा लगातार चार वर्षों तक की गई करवाई रंग लाई है। इस संबंध में उपसचिव तथा संयुक्त सचिव ने जीजीआईसी का नाम राम रतन लाल भगवत सरन अटल उत्कृष्ट किए जाने के निर्देश जारी किए हैं।

### आइकन स्कूल में समर कैंप का आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता



**रुद्रपुर।** आइकन स्कूल में समर कैंप का सफल आयोजन किया जा रहा है। इस कैंप का उद्देश्य छात्रों को गर्मी की छुट्टियों में रचनात्मक गतिविधियों और नई चीजें सीखने के अवसर प्रदान करना है। समर कैंप में विभिन्न रोचक गतिविधियां कराई जाएंगी। जैसे कि कला एवं शिल्प, नृत्य, संगीत, योग, खेलकूद, विज्ञान प्रयोग, आध्यात्मिक ज्ञान और व्यक्तित्व विकास। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया है। मैनेजिंग डायरेक्टर तरुण कश्यप ने उद्घाटन सत्र में सभी छात्रों को शुभकामनाएं दीं और कहा, समर कैंप बच्चों के समग्र विकास के लिए एक उत्तम माध्यम है, जिससे वे न केवल नई चीजें सीखते हैं बल्कि आत्मनिर्भर और रचनात्मक भी बनते हैं।

### करंट लगने से दो गायों की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**टनकपुर।** बारिश के बाद क्षेत्र में विद्युत पोल में करंट आने से दो गायों की मौत हो गई। जिसके चलते स्थानीय लोगों ने संबंधित विभाग के प्रति नाराजगी व्यक्त की है।

इस संबंध में एलआईसी अभिकर्ता दीपक चंद्र भट्ट ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को दिए गए पत्र में बताया कि जेबी होटल के समीप विद्युत पोल में करंट आने से दो गाय मर गई। बताया कि इस पूर्व भी कई बार इस प्रकार की घटनाएं घटित हो चुकी हैं। उन्होंने पत्र में बताया कि विद्युत पोलों में स्ट्रीट लाइट तथा अन्य केवल जिनमे करंट की संभावना बनी रहती है। उनको खुला छोड़ा गया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पालिका द्वारा लगाई गई स्ट्रीट लाइट के खुले तारों के चलते घटना घटित हुई है।

इस संबंध में आरटीआई कार्यकर्ता दीपक चंद भट्ट ने वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की है। इसकी प्रति उन्होंने उप जिलाधिकारी टनकपुर को भी भेजी है।

# मेले में आने वाले तीर्थ यात्रियों का करें मेहमान की तरह स्वागतः एसडीएम

■ विश्व प्रसिद्ध जोड़ मेले को लेकर व्यवस्थाओं को दिया गया अंतिम रूप

■ बैठक में गैर मौजूद अफसरों के विरुद्ध की जाएगी कार्रवाई



शाह टाइम्स संवाददाता

**रीठासाहिब।** मीठे रीठे के चमत्कार के लिए दुनिया में प्रसिद्ध गुरुद्वारा श्रीरीठासाहिब में 9 से 11 जून होने वाले सालाना जोड़ मेले हेतु आज एसडीएम नितेश डांगर ने जिला स्तरीय अधिकारियों एवं गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के बीच हुई बैठक में सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। इससे तीन सप्ताह पूर्व जिलाअधिकारी नवनीत पांडे द्वारा जिला कार्यालय में बैठक आयोजित कर सभी अधिकारियों को व्यवस्था की तैयारीयो की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके बाद 15 मई को उन्होंने अधिकारियों के साथ सड़क समेत तमाम व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया था।

जिलाधिकारी का मानना है कि यहां होने वाला मेला चंपावत जिले की दुनिया में अलग पहचान बनाता है, जिसे देखते हुए यात्रियों को सभी सुख सुविधाये देने में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आज गुरुद्वारा परिसर में एसडीएम डांगर द्वारा आयोजित बैठक में तय किया गया कि मैदानी क्षेत्र से कोई भी डबल डेकर वाहन इस मार्ग में संचा. लित नहीं किए जाएंगे। सूखीढांग से रीठासाहिब तक 50 किलोमीटर लंबे सड़क मार्ग को पीएमजीएसवाई एवं लोनिवि अपने-अपने क्षेत्र में सड़क को सुगम यातायात के लिए 30 मई तक बनाया जाए। इस मार्ग में पांच जेसीबी हर वक्त तैयार रहेंगी। परेवा पार्किंग स्थल में तीर्थ यात्रियों के लिए पेयजल, शौचालय, रैनबसेरो का निर्माण किया जाएगा। जबकि स्नान घाट में महिला तीर्थ यात्रियों के वस्त्र बदलने के लिए पांच स्थान निर्धारित किए गए हैं। गुरुद्वारा परिसर के आसपास उरेडा द्वारा हाय मास्क व स्ट्रीट लाइट लगाई जाएगी। यात्रा मार्ग में जहां सिख संगत द्वारा लंगर लगाए जाते हैं वहां पेयजल,शौचालय एवं स्वच्छता का पुख्ता बंदोबस्त किया जाना चाहिए। बड़े वाहनों के लिए सूखीढांग से रीठासाहिब के लिए प्रतिबंधित किया गया है। एसडीएम ने विभिन्न स्थानों में साइन बोर्ड लगाने, टान में 10 बेड का चिकित्सालय शुरू हो जाएगा तथा अन्य मार्गो में एम्बुलेंस सेवा दी जाएगी। दो पहिया वाहनों में साइलेंसर हटाया जाएगा।

एसडीएम ने सभी कार्यों को पूरा करने के लिए 30 मई की समय सीमा निर्धारित करते हुए कहा कि यह ऐसा मेला है जिसमें बाहरी क्षेत्र के लोग तीर्थ यात्री के रूप में आते हैं। उन्हें किसी भी प्रकार की दिक्कत नहीं होनी चाहिए। उनका एक मेहमान की तरह स्वागत एवं अच्छा व्यवहार किया जाना चाहिए। बैठक में मौजूद सीओ एसएस राणा ने कहां की सुरक्षा के तगड़े बंदोबस्त किए जाएंगे, सिविल वर्दी में पुलिस की तैनाती के साथ हर स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल 24 घंटे तैयार रहेगा। बैठक में गुरुद्वारा प्रबंधक बाबा श्याम सिंह जी दिल्ली से कार सेवा प्रमुख बाबा सुरेंद्र सिंह के प्रतिनिधि चरणजीत सिंह ने चर्चा में भाग लिया। उन्होंने कहा गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी एवं अधिकारियों के सहयोग एवं समन्वय के बल पर यह मेला शांतिपूर्वक संचालित किया जाता रहा है। बाबा श्याम सिंह ने बताया की मेले में एक लाख से अधिक लोगो के आने का अनुमान है। बैठक में एआरटीओ मनोज बघेलिया, पीएमजीएसवाई के बीएस बोरा, जल संस्थान के बिलाल यूनुस के अलावा लोनिवि के पंकज राय, विद्युत विभाग के एई भंडारी, डेयरी प्रबंधक पुष्कर नगरकोटी, जिला पंचायत के एई रावत, शिक्षा विभाग बीईओ भारत जोशी , सिंचाई विभाग के मनोज भट्ट, थानाध्यक्ष कमलेश भट्ट के अलावा सीएनडीएस के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद थे। गुरुद्वारा प्रबंधक श्याम सिंह ने मेले का उद्घाटन पूर्व की तरह माननीय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हाथो कराने का जिला प्रशासन से अनुरोध किया।

## दो बाइकों की भिड़ंत, एक की मौत, दो घायल

शाह टाइम्स संवाददाता



**रामनगर।** रामनगर में एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए,यह हादसा गर्जिया मार्ग पर रिंगौड़ा के पास हुआ, जहां दो बाइकों की आमने-सामने जबरदस्त टक्कर हो गई,घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने घायलों को तुरंत रामनगर के सरकारी अस्पताल पहुंचाया।

कोतवाल अरुण कुमार सैनी ने बताया कि मृतक युवक की पहचान कार्तिक उपाध्याय पुत्र विजय उपाध्याय उम्र 18 साल निवासी विजयनगर काशीपुर के रूप में हुई है,कार्तिक अपने दोस्तों सुहेल और एक अन्य युवक के साथ बाइक से रामनगर घूमने आया था, दूसरी ओर से रामनगर से ग्राम ढिकुली की ओर जा रही बाइक पर चंपावत जिले के रहने वाले रमेश बिष्ट सवार थे। जो ढिकुली स्थित एक रिसॉर्ट में कार्यरत थे,दोनों बाइकों की आमने-सामने टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हादसे के बाद तीनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से रामनगर के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने कार्तिक उपाध्याय को मृत घोषित कर दिया। जबकि सुहेल और रमेश बिष्ट की हालत गंभीर होने पर चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया है। कोतवाल ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस को एक पक्ष से तहरीर प्राप्त हो गई है और अब मामले की जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी,उन्होंने यह भी बताया कि दुर्घटना में शामिल बाइकों को कब्जे में ले लिया गया है और हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है। इस दर्दनाक हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर है, कार्तिक उपाध्याय की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा हुआ है।पुलिस ने बुधवार सुबह सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

## दुग्ध व्यवसाय ने लगाए भविष्य की आशाओं में पंख

■ ग्रामोत्थान परियोजना ने गरीब महिला के जीवन में जोड़े नए आयाम



शाह टाइम्स संवाददाता

**लोहाघाट।** बाराकोट ब्लॉक अंतर्गत गल्ला गांव की आशा देवी की आशाओं में ग्रामोत्थान योजना से उसके भविष्य की आशाओं में पंख लग रहे हैं। कालसन बाबा स्वयं सहायता समूह से जुड़ी इस महिला ने जब गांव में होने वाली सामूहिक बैठक में सुना की बगैर ब्याज के 35 हजार रुपये मिल रहे हैं, जिससे गाय भैंस बकरी आदि पालकर अपने लिए आजीविका का साधन जुटाया जा सकता है।

आशा ने बगैर देर किए गाय पालने के लिए अपने समूह में आवेदन कर दिया। यह एक ऐसा संयोग था कि आशा को परियोजना से रुपए मिलने के साथ ही एक गांव में उसे अच्छी दुधारू गाय भी मिल गई। इस गाय से अब आशा को पांच हजार रुपये की अतिरिक्त मासिक आमदनी होने लगी है । जहां पहले वह हाड़तोड़ मेहनत करने के बावजूद भी नहीं कमा पाती थी, अब वह डेयरी में दूध बेचने के साथ अपने बच्चों को घी, दही, मट्ठा भी खिला रही है, तथा उसके सब्जी आदि में खर्च होने वाले पैसों की भी बचत हो रही है। आशा को पहले ही प्रयास में मिली आशातीत सफलता से उत्साहित आशा एक और गाय का जुगाड़ करने में लगी है। आशा को मिली कामयाबी को देखते हुए अन्य महिलाएं भी प्रेरित हो रही है।

## रामनगर महाविद्यालय में आओ हम सब योग करें अभियान शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता



**रामनगर।** पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में नि:शुल्क योग शिविर शुरू हुआ।योग एवं वैकल्पिक चिकित्सा विभाग द्वारा ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में जन जागरूकता अभियान आओ हम सब योग करें के तहत निशुल्क योग शिविर का आयोजन महाविद्यालय प्रांगण में किया जा रहा है।

शिविर का शुभारंभ प्राचार्य प्रो. एम.सी.पाण्डे के निर्देशन में हुआ। सर्वप्रथम माॅ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया गया।योग शिविर में योग प्रशिक्षक डॉ.मुरलीधर कापड़ी द्वारा प्रथम दिवस पर सरल योग आसन,प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। इसके पूर्व समारोहक डॉ.डी. एन.जोशी ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने शिविर के उद्देश्यों एवं लक्ष्यों पर प्रकाश डाला। डॉ.दीपक खाती ने मानव जीवन में योग के महत्व को बताकर शिविर के आयोजन के लिए बधाई दी।वहीं प्रथम दिवस पर महाविद्यालय प्रांगण के साथ-साथ आर्मी स्कूल हेमपुर के पास योग प्रशिक्षक हरजीत सिंह ,पंपापुरी भैरव मंदिर के पास में योग प्रशिक्षिका विनीता एवं निर्मला, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दोह. नियां कोटाबाग में योग प्रशिक्षक राज. ेंद्र सिंह, किसान इंटर कॉलेज पीरुमदारा में योग प्रशिक्षिका अंकिता नेगी एवं विनीता, दुर्गापुरी मंदिर रामनगर में योग प्रशिक्षिका मधु, सरस्वती विहार कानिया में योग प्रशिक्षिका सुष्मिता,लडुआचौड़ ढिकुली में योग प्रशिक्षिका, दीक्षा जोशी,लखनपुर चुंगी रामनगर में मो. निका द्वारा निशुल्क योग शिविरों का संचालन कर आम जनमानस को स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर रहे हैं। निरंतर एक माह 21 मई से 21जून तक आयोजित होने वाले योग शिविर के निदेशक महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर एम.सी.पाण्डे ने सभी विद्यार्थियों,प्राध्यापकों, शिक्षणेत्तर कार्मिकों सहित स्थानीय जनमानस को शिविर में प्रतिभाग कर स्वास्थ्य लाभ लेने के लिए आमंत्रित किया है। शिविर समन्वयक चीफ प्रॉक्टर प्रो. एस.एस.मौर्य, शिविर संयोजक योग प्रभारी डॉ. सुमन कुमार,डॉ.मूल चंद्र शुक्ल, योग शिक्षक डॉ.नितिन ढोमणे,योग प्रशिक्षक डॉ.मुरलीधर कापड़ी ने शिविर में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया।योग शिविर में प्रशिक्षण के लिए सपना शर्मा, मीनाक्षी रौतेला, विनीता सैनी, मो. निका, निर्मला विनीता, कल्याणी,पूजा, सोनी, आदित्य, हरजीत सिंह, मनीष गोला, संतोष सिंह आदि मौजूद रहे।

## दलित एकता मंच ने मनाया अरविंद पांडे का जन्मदिन

शाह टाइम्स संवाददाता




**रुद्रपुर।** दलित एकता मंच के जिला अध्यक्ष एवं बाबा भीमराव अंबेडकर युवा मंच के जिला अध्यक्ष रामचंद्र सागर की तरफ से कल पूर्व शिक्षा मंत्री उत्तराखंड सरकार अरविंद पांडे के जन्मदिन पर आदर्श कॉलोनी घासमंडी में एक सभा का आयोजन किया गया रामचंद्र सागर भी अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ अरविंद पांडे के जन्मदिन के शुभ अवसर पर घास मंडी में शामिल हुए। उन्होंने पूर्व शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे को जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी तथा केक काटकर जन्मदिन मनाया और शुभकामनाएं दी एवं मिष्ठान वितरित किया। इस अवसर पर सोमवती, लक्ष्मी, शकुंतला, गीता देवी, अनीता देवी सहित सैकड़ों समर्थक उपस्थित रहे।

## किसान क्रेडिट कार्ड से अधिक संख्या में जोड़ने की दिशा में करें ठोस प्रयास : डीएम

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी।** 21 मई : जिलाधिकारी डॉ मेहरबान सिंह बिष्ट ने बैंकर्स को ऋण-जमा अनुपात में सुधार लाने के साथ-साथ किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने की दिशा में ठोस प्रयास करने के निर्देश दिये है।

बुधवार जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में बुधवार को जिला परामर्शदात्री एवं जिला पुनरीक्षण समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में वित्तीय समावेशन,कृषि ऋण, सरकारी योजनाओं की प्रगति तथा बैंकिंग सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने बैंकर्स को ऋण-जमा अनुपात में सुधार लाने के साथ-साथ किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड से अधिक से अधिक संख्या में जोड़ने की दिशा में ठोस प्रयास करने के निर्देश दिए। ताकि किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना जैसे लाभकारी योजनाओं से जुड़ सके। जिलाधिकारी ने युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने हेतु स्वरोजगारपरक योजनाओं से जोड़ने के लिए उद्यमिता विकास आधारित प्रशिक्षण संचालित करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री शहरी स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर योजना के अंतर्गत छोटे उद्यमियों को भी वृहद स्तर पर बैंकिंग सहायता से जोड़ते हुए बैंकों को ऋण वितरण प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना,प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना,अटल पेंशन योजना,राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना,वीर चंद्र सिंह गढ़वाली पर्यटन स्वरोजगार योजना, दीनदयाल उपाध्याय होम स्टे योजना,प्रधानमंत्री अजय योजना, प्रधानमंत्री शहरी स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर योजना आदि योजनाओं एवं कार्यक्रमों की गहनता से समीक्षा की। बैठक में मुख्य प्रबंधक अग्रणी बैंक राजीव कुमार, प्रबंधक रजनीश सैनी,एजीएम नाबार्ड पारित गुप्ता,निदेशक आरसेटी अमित लाल,मुख्य कृषि अधिकारी सचिन कुमार, महाप्रबंधक उद्योग केंद्र शैली डबराल,जिला पर्यटन अधिकारी के. के.जोशी एवं बैकर्स के शाखा प्रबंधक व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## पांच जून को सभी पोलिंग बूथों पर होगा पौधारोपण

**रुद्रप्रयाग।** आगामी पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जनपद में विशेष पौधारोपण अभियान चलाया जाएगा। इस विशेष अभियान में पंईया, सहजन, बैंबू, पांगर, दालचीनी, कचनार, सेमल, नीम जैसे पर्यावरण के लिए उपयोगी पौधों का चयन किया गया है। इसके साथ ही स्थानीय भौगोलिक और जलवायु परिस्थितियों के अनुसार अन्य उपयुक्त पौधों की पहचान कर रोपण किया जाएगा।

**सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा**

**विश्वविद्यालय की वैबसाइट संचालन हेतु निविदा**

सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा एवं इसके 04 परिसरों की वेबसाइट निर्माण एवं संचालन हेतु दिनांक: 05-06-2025 तक दी गयी शर्तो के अधीन मुहरबंद निविदा कुलसचिव कार्यालय सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा में आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र का मूल्य रु0 3000 (रु0 तीन हजार मात्र) जी0एस0टी0 सहित होगा, जो डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में वित्त अधिकारी सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय, अल्मोड़ा के नाम से देय होगा। निविदा शर्ते एवं प्रपत्र को विश्वविद्यालय की आधिकारिक वैबसाइट www.ssju.ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

कुलसचिव

पत्रांक: SSJU/2024-25/सा0/946 दिनांक: 21-05-2025

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, खटीमा ऊधमसिंह नगर**

eepwdkhatima.com फैक्स नं0:-05962-230033

पत्रांक : 1009/5ए0सी0 दिनांक:- 20.05.2025

**निविदा सूचना (e-tendering)**

महामहिम राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधिशासी अभियन्ता, नि0ख0, लो0नि0वि0, खटीमा (ऊधमसिंह नगर) द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन, सिंगल-बिड सिस्टम के अन्तर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचनायें वेबसाईट http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 22-05-2025 से उपलब्ध होगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की वैधता (दिवस) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | फर्म/ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राज्य योजना के अन्तर्गत जनपद ऊधमसिंह नगर के विधानसभा सितारगंज में ग्राम तिलियापुर में धन्नी के घर से परदेशी के घर तक मार्ग का निर्माण कार्य। | 75,000.00 | 2500.00 +18% GST | 60 दिन | 09 माह | उत्तराखण्ड राज्य के लो0नि0वि0 में मार्ग कार्य श्रेणी 'डी0' एवं उच्चतर श्रेणी में पंजीकृत होना अनिवार्य है। |

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, खटीमा।

# आर्थिक विकास की चुनौतियां, सम्भावनाओं पर चर्चा

## वित्त आयोग की बैठक में मसूरी और नैनीताल को स्मार्ट हिल स्टेशन के रूप में विकसित करने की सिफारिश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के दौरे पर पहुंची 16 वें वित्त आयोग की टीम ने जिले के भ्रमण के दौरान दूसरे दिन बुधवार को जिला मुख्यालय नैनीताल के नमः होटल में पर्यटन, उद्योग और व्यापार मंडल से जुड़े प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बता दें कि आयोग के अध्यक्ष डा. अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में आयोग की सदस्य एनी जॉर्ज मैथ्यू, मनोज पांडा, सौम्या कांति घोष, सचिव ऋत्विक पांडे, संयुक्त सचिव केके मिश्रा और संयुक्त निदेशक पी. अमरूथावर्षिनी उपस्थित रहे। बैठक का उद्देश्य राज्य में आर्थिक विकास की चुनौतियों और संभावनाओं पर चर्चा करना तथा उनसे जुड़े सुझाव प्राप्त करना था। बैठक में पर्यटन क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने कई महत्वपूर्ण विषयों पर अपनी बात रखी। होटल एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के वेद प्रकाश साह ने मसूरी, नैनीताल और अन्य पर्यटक स्थलों के आसपास बढ़ती जनसंख्या के कारण बुनियादी ढांचे पर बढ़ते दबाव को उजागर किया।



उन्होंने मसूरी और नैनीताल को स्मार्ट और सतत हिल स्टेशन के रूप में विकसित करने के लिए एक समग्र मास्टर प्लान तैयार करने की सिफारिश की जिसमें वर्षा जल संचयन, ठोस कचरा प्रबंधन व केबल कार जैसे पर्यावरण अनुकूल परिवहन साधनों और पीपीपी मोड में पार्किंग जैसी सुविधाओं को शामिल किया जाए साथ ही इन हिल स्टेशनों के इर्द गिर्द पर्यटन सर्किट विकसित करने का भी सुझाव दिया गया ताकि उत्तराखंड के अन्य क्षेत्रों में इन मॉडलों को दोहराया जा सके। उन्होंने स्थानीय वनस्पति और जीवजंतुओं के संरक्षण और पारंपरिक पर्यटन स्थलों से परे पर्यटन के विस्तार पर भी बल दिया। नैनीताल होटल एंड रैस्टोरैंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने सड़क, रेल और हवाई संपर्क को बेहतर बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पर्यटन पलायन को रोकने में सहायक हो सकता है और पर्यटकों की बढ़ती संख्या को संभालने के लिए दो लेन सड़कों का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। इसके साथ ही उन्होंने उत्तराखंड की झीलों और प्राकृतिक स्थलों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए समर्पित धनरा. शि आवंटित करने का प्रस्ताव रखा। एस्ट्रो टूरिज्म क्षेत्र के राम आशीष राय ने उत्तराखंड में नक्षत्र सभा की सफलता का उल्लेख करते हुए भूतिया गांवों और दूरदराज क्षेत्रों को डार्क नाईट जोनों के रूप में संरक्षित करने का सुझाव दिया। ट्रेक द हिमालयास के राकेश पंत ने रोमांचक पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु पारंपरिक धार्मिक ट्रेकिंग मार्गों के पुनरुद्धार और वन संरक्षण की बात कही। ओम कल्याण ग्रुप के सचिन त्यागी ने वैलनेस टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए पीपीपी मोड में एक कौशल विकास अकादमी की स्थापना का सुझाव दिया। टिहरी क्रूज के विजय सिंह बिष्ट ने पलायन रोकने में पर्यटन की भूमिका को रेखांकित किया और झीलों में क्रूज पर्यटन, पर्यटक स्थलों तक बाईपास रोड और दिल्ली से दूरस्थ क्षेत्रों तक रेलवे कनेक्टिविटी की मांग रखी। उद्योग के प्रतिनिधि ने टैक्स हॉलिडे और संतुलित औद्योगिक विकास की आवश्यकता बताई।

इंडस्ट्रीज एसोसिएशन ऑफ उत्तराखण्ड के प्रतिनिधि पंकज गुप्ता ने ब्लॉक स्तर पर कौशल संस्थानों की स्थापनाए आपदा बीमा कोष और विनियमन में ढील जैसे सुझाव दिए। उन्होंने लॉजिस्टिक पार्क और आपदा रोधी ढांचे के विकास की भी सिफारिश की। कुमाऊँ गढ़वाल चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि अशोक बंसल ने राज्य में औद्योगीकरण की उच्च लागत को उजागर करते हुए केंद्र सरकार की पुरानी सब्सिडी योजनाओं की बहालीए कर छूट और 5000 करोड़ रुपएं के विशेष औद्योगिक फंड की मांग की। साथ ही एसएएमयू के हरेंद्र गर्ग ने पहाड़ी क्षेत्रों के लिए राष्ट्रीय भवन संहिता में संशोधन, जीएसटी रिफंड की पारदर्शी व्यवस्था और राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा संस्थानों के विकास पर जोर दिया। बैठक में सीएलएल के हर्षित गुप्ता ने नए औद्योगिक क्षेत्रों, विशेष आर्थिक क्षेत्र की पहुंच में विस्तार और आपदा प्रबंधन नीति में एमएसएमई को शामिल करने की सिफारिश की वहीं लघु उद्योग भारती के राहुल देवदंड ने ग्रीन बोनस बजट में हिल इंडेक्स और पहाड़ी राज्यों के लिए एक अलग मंत्रालय की मांग की। प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधिए नवीन वर्मा ने हिमालय के संरक्षण हेतु विशेष आर्थिक पैकेज की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि हिमालयी नदियां भारत की जल व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं लेकिन पर्यावरणीय असंत. ुलन के कारण उनका जल स्तर घट रहा है। इसके संरक्षण और अनुसंधान के लिए त्वरित आर्थिक सहायता आवश्यक है। नवीन वर्मा ने यह भी बताया कि उत्तराखंड के व्यापारी विषम भौगोलिक परिस्थितियों में कार्य करते हैं जहां प्राकृतिक आपदाओं का खतरा बना रहता है। ऐसे व्यापारियों के लिए विशेष राहत पैकेज की मांग की गई। सीमावर्ती जिलों के व्यापारियों को परिवहन सब्सिडी तथा राज्य को पॉलिथीन मुक्त बनाने और पारिस्थितिक संत. ुलन को बनाए रखने हेतु विशेष पर्यावरणीय सहायता पैकेज की सिफारिश की गई। बैठक में सचिव वित्त दिलीप जावलकर, सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे, आयुक्त कुमाऊं दीपक रावत, अपर सचिव सोनिका, जिलाधिकारी नैनीताल वंदना सिंह, अपर सचिव हिमांशु खुराना, मुख्य विकास अधिकारी नैनीताल अना. मिका सहित पर्यटन एवं उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक का संचालन महानिदेशक उद्योग प्रतीक जैन व अपर निदेशक पर्यटन पूनम चंद द्वारा किया गया।

### महत्वपूर्ण सुझावों पर किया जाएगा विचार

16 वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डा. डा. अरविंद पनगढ़िया ने सभी प्रतिभागियों को उनके महत्वपूर्ण सुझावों के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि कई सुझाव केंद्र और राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में आते हैं और सभी पर विचार किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आयोग 31 अक्टूबर 2025 शुक्रवार तक अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। आयोग सीमित कर राजस्व के न्यायपूर्ण और संतुलित वितरण के लिए प्रतिबद्ध है और उत्तराखंड जैसे राज्यों की विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखा जाएगा।

## एक नजर

### नवनियुक्त तहसीलदार पूजा शर्मा ने चार्ज संभाला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**



**धारी।** नैनीताल जिले के धारी तहसील में बुधवार को नव नियुक्त तहस. ीलदार पूजा शर्मा ने कार्यभार संभाल लिया है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता क्षेत्र में जनता की समस्याओं का समाधान करना रहेंगी। इसके साथ ही जमीनों पर अवैध रूप से खरीद फरोख्त पर रोक लगाई जायेगी तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाएगा।कहा कि रात में बिना परमिशन के जो लोग जेसीबी का प्रयोग करते नजर आएंगें उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### शराब के नशे में पर्यटकों से भिड़ा टैक्सी चालक

**नैनीताल।** घुमाने ले गए टैक्सी चालक ने शराब के नशे में पर्यटकों से अभद्रता कर दी। रोकटोक करने पर चालक कई स्थानीय लोगों से भी अभद्रता पर उतर आया। पुलिस ने चालक के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। बता दें कि मल्लीताल निवासी नीरज के साथ टैक्सी में पर्यटकों का परिवार घूमने के लिए बारापत्थर तथा स्नो व्यू क्षेत्र गया था। स्नोव्यू में पर्यटक घूमने के लिए टैक्सी से उतरे तो टैक्सी चालक अपने दोस्तों के साथ शराब पीने लगा। घूमने के बाद जब पर्यटक टैक्सी के पास वापस पहुंचे तो चालक नशे की हालत में मिला। पर्यटकों ने जब उनको वापस छोड़ने की बात कही तो टैक्सी चालक मना करने लगा। इस दौरान पर्यटकों व टैक्सी चालक के बीच विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो वह पर्यटकों से भिड़ गया। इस दौरान बीच बचाव करने पहुंचे स्थानीय लोगों से भी उसने अभद्रता शुरू कर दी। लोगों की सूचना पर एसआई दीपक कार्की मौके पर पहुंचे और चालक को कोतवाली ले आए। एसआई दीपक कार्की ने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाने पर चालक के खिलाफ एमवी एक्ट के तहत चालान किया गया है।

### पत्थर गिरने से मजदूर हुआ चोटिल

**नैनीताल।** नगर के अति संवेदनशील क्षेत्र बलियानाला में काम के दौरान मजदूर के ऊपर पत्थर गिरने से वह चोटिल हो गया। गनीमत रही कि बड़ा हादसा होने से टल गया। जानकारी के अनुसार पश्चिम बंगाल निवासी राहुल मिया (23) बलियानाला में मजदूर का काम करता है। बुधवार को वह बलियानाला की तलहटी पर कार्य कर रहा था। इस दौरान पहाड़ी से पत्थर मजदूर के ऊपर गिर गया। कंधे के पास बड़ा पत्थर गिरने से मजदूर चोटिल होकर गिर गया। इस दौरान मजदूर के साथियों ने घायल मजदूर को आनन॰ ानन में सड़क तक पहुंचाया। जहां से वाहन की मदद से मजदूर को राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उपचार के बाद घायल का एक्सरे कराया। जिला अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक डा. नरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मजदूर के हाथ पैर में कोई फ्रेक्चर नहीं है। प्राथमिक उपचार के बाद मजदूर को बैड रेस्ट बताते हुए छुटी दे दी है।

### नैनीताल में हुई मूसलाधार बारिश

**नैनीताल।** सरोवर नगरी नैनीताल में बुधवार को तेज हवाओं के साथ भीषण पानी बरसा। ओलावृष्टि भी हुई और नाले उफना गए। बारिश की वजह से जीवनदायिनी नैनी झील में भी नालों के माध्यम से काफी कूड़ा समा गया। बता दें कि नगर में बुधवार को दिन में मौसम सामान्य बना हुआ था हालाकि बादल रोजाना की तरह छाए हुए थे मगर शाम को तीन बजे के बाद से मौसम का मिजाज बदलने लगा बाद में चार बजे से ओलावृष्टि के साथ तेज बारिश शुरू हो गई। वर्षा का वेग इतना तीव्र था कि लोग जहां के तहां ठिठकने को मजबूर हो गए। वर्षा का क्रम लगभग दो घंटे जारी रहा। इस बीच थोड़ी देर के लिए वर्षा थम गई।

# खिलाड़ियों ने पदक जीतकर कुविवि को राष्ट्रीय स्तर पर किया गौरवांवित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय की मिनी गोल्फ टीम का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा जिसके तहत पुरुष वर्ग में योगेश पांडेय एवं दीपक अधिकारी ने स्वर्ण पदक जीता। बता दें कि कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल की महिला एवं पुरुष वर्ग की मिनी गोल्फ टीमों ने 23 से 25 अप्रैल 2025 के दौरान जगदीश प्रसाद झबरमल टिबरेवाला विश्वविद्यालयए झुंझुनूं (राजस्थान) में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय मिनी गोल्फ प्रतियोगिता 2024-25 में भाग लिया और कुल 1 स्वर्ण एवं 5 रजत पदकों के साथ विश्वविद्यालय को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता टीम इवेंट आधारित थीए जिसमें विभिन्न विश्वविद्यालयों की टीमों ने विभिन्न प्रारूपो में भाग लिया। कुमाऊँ विश्व. विद्यालय के पुरुष वर्ग में स्ट्रोक डबल्स इवेंट में योगेश पांडेय एवं दीपक अधिकारी की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। इसके अतिरिक्त पुरुष टीम को टीम इवेंट में रजत पदक प्राप्त हुआ। महिला टीम ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीनों श्रेणियों टीम इवेंटए सिंगल्स इवेंट एवं डबल्स इवेंट में रजत पदक अर्जित किए। खिलाड़ियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने विजेता खिलाड़ियों एवं पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि जल्द ही विश्वविद्यालय स्तर पर खिलाड़ियों को सम्मानित किया जाएगा। विश्वविद्यालय के क्रीड़ा अधिक. ारी डा. नागेंद्र प्रसाद शर्मा के मुताबिकप्रतियोगिता में देश भर के 35 विश्व. विद्यालयों की महिला एवं पुरुष टीमों ने भाग लिया और कुमाऊँ विश्वविद्यालय की टीमों ने अनुशासित एवं संगठित खेल भावना के साथ शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि टीम के मैनेजर लोकेश पांडेय एवं श्वेता भाकुनी रहे। दूसरी ओर कुविवि के कुलसचिव डा. मंगल सिंह मंदरवाल, वित्त नियंत्रक अनीता आर्य, डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा, डीएसडब्ल्यू प्रो. संजय पंत समेत प्रो. संतोष यादव, प्रो. ललित तिवारी, प्रो. महेंद्र सिंह राणा, डा. रीतेश साह, प्रो. राजेश ऊभान, प्रो. एनएस बनकोटी, डा. पवन कुमार बक्शी, डा. राजेश कुमार, डा. सुरेंद्र सिंह एवं विश्वविद्यालय के अनेक अधिकारियों तथा शिक्षकों व कर्मचारियों ने टीम को बधाई दी।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया मंडल का विस्तार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रभारी राजेश कुमार व जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट की सहमति के बाद नैनीताल भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की ने मंडल का विस्तार कर दिया है। कार्यकारिणी में विक्रम सिंह राठौर, मोहित लाल साह, निखिल बिष्ट व ज्योति ढौंडियाल को मण्डल उपाध्यक्ष, आशीष बजाज व हरीश सिंह राणा को मण्डल महामंत्री जबकि विकास जोशी, प्रमोद आर्या, आशा आर्या व काजल आर्या को मण्डल मंत्री वहीं मनोज पंत को मण्डल कोषाध्यक्ष बनाया गया है। मंडल कार्यालय मंत्री की जिम्मेदारी भारत मेहरा जबकि मंडल मीडिया संयोजक आयुष भंडारी तथा मण्डल आईटी संयोजक कमल जोशी तथा मण्डल सोशल मीडिया संयोजक प्रखर रावत को बनाया गया है। इसके अलावा भुवन जोशी, तेज सिंह नेगी, प्रशान्त सिंह, विमल, हंसा रावत, सुमन दफौटी, चंदर प्रकाश सिंह, दीपक भारती, रमा बिष्ट, फैजान पाशा, हरीश विश्वकर्मा, उमेश बिनवाल, मनोहर सिंह कार्की, बबीता आर्या, पंकज राठौर, बहादुर सिंह रौतेला, रोहित जोशी, कैलाश बिष्ट, शिवशंकर मजूमदार, उमेश गडिया, प्रकाश चन्द्र, भारती कैड़ा, पद्म सिंह, रमा कान्त, ऋतिक कुमार, विकास जायसवाल, माया बिष्ट, रेनू पन्त, कमर खान तथा सुभाष कुमार को मंडल कार्यसमिति सदस्य बनाया।

# पुण्यतिथि पर याद आए राजीव गांधी

## संचार क्रांति के प्रणेता को कांग्रेसियों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुमित लोहानी तथा युवा नगर अध्यक्ष अफसर अली के नेतृत्व में बुधवार को भारत रत्न से सम्मानित, सूचना क्रांति के जनक व देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर भवाली में भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस मौके पर पूर्व दर्जा राज्य मंत्री व जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस खष्टी बिष्ट ने स्वर्गीय राजीव गांधी को देश के सबसे कम उम्र के युवा प्रधानमंत्री बताते हुए कहा कि संचार क्रांति के जनक एवं युवाओं व महिलाओं के पक्षधर राजीव गांधी 18 साल के युवा को



वोट देने का अधिकार से लेकर पंचायत में 33 फीसदी महिलाओं को आरक्षण देने से लेकर एक नए युग का सपना लिए हुए थे। कहा कि आज अगर वह जिंदा होते तो बिष्ट ने कहा युवाओं की दिशा और दशा ही कुछ और होती। इस मौके पर युवा कांग्रेस के नेतृत्व में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद शहीदों को श्रद्धांजलि भी अर्पित करते हुए यहां पर एक दिवसीय ब्लड डोनेट का कार्यक्रम चलाया गया। सभी युवाओं ने बहुत उत्साह के साथ लगभग 20 या 22 यूनिट ब्लड का दान किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष सुमित लोहनी, युवा नगर अध्यक्ष अफसर अली, जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस नैनीताल खष्टी बिष्ट तथा व्यापार मंडल अध्यक्ष नरेश पांडे ने सभी युवाओं का आभार प्रकट किया। रक्तदान करने वालों में आकाशदीप, नरेश पांडे, चंद्रवीर सिंह, रमेश कुमार, विश्वास नाथ, अफसर अली, सचिन कुमार, सौरभ, सुमित, राहुल रावत, अमित कुमार, नितिन शाह, हिमांशु मेहरा, पारस एवं पंकज आदि शामिल रहे। इस मौके पर चैरिटेबल ब्लड सेंटर से वीर सिंह, शुभम, अभिषेक शर्मा, वसीम साबरी, बिशप तथा उषा मंडल आदि उपस्थित थे।

# 4 जून को 134 वर्ष का हो जाएगा मां नयना देवी का मंदिर

## स्थापना दिवस पर होंगे धार्मिक अनुष्ठान



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल के श्री माँ नयना देवी मन्दिर का 143वां स्थापना दिवस अबकी बार 4 जून बुधवार को विधि विधान पूर्वक मनाया जाएगा। श्री मां नयना देवी मंदिर अमर उदय ट्रस्ट के मुताबिक विगत दो वर्षा की भाँति इस बार भी इस अवसर पर श्रीमद् देवी भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। यह कथा 27 मई मंगलवार से प्रारम्भ होगी और स्थापना दिवस के अवसर पर 4 जून बुधवार को इसका पारायण होगा। इस बार व्यास गद्दी पर उदयमान युवा कथावाचक बाल व्यास कपिल देव महाराज (सागर भट्ट) विराजमान होगें। कथा प्रतिदिन शाम को 3 बजे से 6 बजे तक होगी, उसके उपरान्त प्रसाद वितरण होगा। स्थापना दिवस के अवसर पर विगत वर्षों की भाँति 4 जून बुधवार को इस बार भी प्रात: ब्रह्ममूहूर्त में श्री माँ नयना देवी की पूजा होगी इसके उपरान्त प्रात: 7 बजे से कुल पूजा होगी जिसमें मन्दिर के निर्माता मोती राम शाह के वंशज भाग लेगे इसके पश्चात अन्य कार्यक्रम होगे। अपरान्ह 1 बजे से महाभण्डारा होगा तथा सांय 4 बजे से भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमे क्षेत्र के कुशल कलाकार भाग लेगे। इस समारोह को लेकर बुधवार को श्री मां नयना देवी मन्दिर अमर उदय ट्रस्ट एव मन्दिर सलाहकार समिति की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में समारोह को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने बारे में विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में यह तय किया गया कि इस वर्ष हरेला के अवसर पर डिकारे बनाने की एक कार्यशाला भी आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त ट्रस्ट द्वारा इस बार विरूण पंचमी का भी समारोह पूर्वक आयोजन किया जाएगाए पिछले वर्ष की भाँति श्रावण के हर सोमवार को रूद्राभिषेक होगा तथा अन्तिम सोमवार को पार्थिक पूजा की जाएगी। ट्रस्ट के ओर से समस्त श्रद्धालुओं से निवेदन किया गया कि मन्दिर स्थापना दिवस तथा श्रीमद् देवी भागवत मे अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कथा श्रवण करे। बैठक मे मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष राजीव लोचन साह, सचिव हेमन्त कुमार शाह, उपसचिव प्रदीप शाह, कोषाध्यक्ष किशन सिंह नेगी समेत सदस्य मनोज चौधरी, महेश लाल साह, शैलेश साह, डा. डीपी गंगोला तथा सलाहाकार सदस्य बृज मोहन जोशी, भीम सिंह कार्की, नितिन सिंह कार्की, राजीव गुरूानी, अमिता साह तथा सुमन साह तथा प्रशासनिक अधिकारी शैलेंद्र मेल. कानी उपस्थित रहे।

# महिषासुर यानि अहंकार का मर्दन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के शेर का डांडा में नव सांस्कृतिक सत्संग समिति द्वारा आयोजित देवी भागवत में धर्म मार्तण्ड व्यास श्री नमन कृष्ण महाराज ने आपके अन्दर के राक्षसों का संघार करने की आवश्यकता पर बल दिया। व्यास जी ने देवी की महिमा को मूर्त रूप में समझाते हुए कहा कि महिषासुर का शाब्दिक अर्थ महिष अर्थात अहंकार का मर्दन है। ऐसे ही देवी ने रक्तबीज का वध किया रक्तबीज हमारी अनंत कामनाएं हैं जो एक के बाद एक पैदा होती रहती हैं। मधु कैटभ प्रशंसा रूपी विकार हैं। इन्हीं सब से बचने का तरीका सत्संग और प्रार्थना है। देवी भागवत जैसे आयोजनों से व्यक्तियों को एवं समाज को प्रकाश मिलता है। देवी भागवत



के समापन अवसर पर होने वाले महा यज्ञ हेतु महिलाओं ने पारंपरिक ढंग से हवन वेदिका को गेरू लगाकर उसमें चावल पीस कर बने बिस्वार से ऐपण देकर तैयार किया। इसमें लता रावत, सुमन रावत, हिमांशु तिवारी के नेतृत्व में चित्रा पंत, ममता जोशी, बीना, कंचन चंदोला, तनुजा बिष्ट, पार्वती बिष्ट, बबीता उपाध्याय, हेमा पांडे, नीमा जोशी, रमा पाठक, सहित भजन संध्या में दीपा पांडे, बीना चंदोला, गीता दत्ता, विमला पंत, अनुराधा, चम्पा, कमला बुधलाकोटी, आशा बिष्ट, पूनम पांडे, कमला बिष्ट, ज्योति चौधरी, प्रेमा पांडे तथा गुड्डी आदि द्वारा वातावरण को भक्तिमय बनाने में योगदान दिया गया।

# फ्लोर मिलों से मंडी की वसूली पर सरकार से मांगा जवाब

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने हल्द्वानी व ऊधम सिंह नगर की मंडियों के द्वारा फ्लोर मिल मालिकों से नियम विरुद्ध जाकर शुल्क वसूलने के खिलाफ दायर कई फ्लोर मिलों के मामले पर सुनवाई की। मामलों की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक महरा की खण्डपीठ ने अगली सुनवाई हेतु 5 जून वीरवार की तिथि नियत की है। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं कि तब तक स्थिति से अवगत कराएं। मामले के अनुसार हल्द्वानी व उधमसिंह नगर की आशीवार्द एग्रो, द्वारिका रोलर फ्लोर मिल, गुरु नानक रोलर फ्लोर मिल, एसके फ्लोर मिल, महावीर रोलर फ्लोर मिल, उत्तरांचल रोलर फ्लोर मिल सहित अन्य के द्वारा याचिका दायर कर कहा है कि उनके ऊपर राज्य सरकार ने नियमों के विरुद्ध जाकर अतिरिक्त शुल्क लिया जा रहा है जबकि 2013 सर्वोच्च न्यायलय ने अपने आदेश में कहा था कि फ्लोर मिल जिस मंडी से गेहूं व अन्य सामग्री की खरीद करेगा वह उसी मंडी को शुल्क देगा न कि जिस मंडी में उसका रजिस्ट्रेशन है, लेकिन राज्य सरकार व मंडी परिषद नियमों के विरुद्ध जाकर उनसे यहां भी शुल्क वसूल कर रही है। याचिकाओं में यह भी कहा गया कि उनको दो जगह शुल्क देना पड़ रहा है इसलिए इस पर रोक लगाई जाए, जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने इसमें स्पस्ट दिशा निर्देश दिए हुए हैं। राज्य सरकार नियमावली में संशोधन नही कर सकती। दो जगह शुल्क देना नियमों के विरुद्ध है।

### गांवों में लगातार बारिश

**बागेश्वर।** जिले के ग्रामीण इलाकों में लगातार हो अनवरत बारिश हो रही है। बारिश के चलते जेठ माह में ही नदी नलों में पानी भरने लगा है। वही जिन इलाकों में खड़िया की खदानें है, वहां आलम और बत्तर होते जा रहा है। खड़िया के पीट पानी से लपालप भर चुके हैं। अब ठेकेदारों व ग्रामीणों को करोड़ों की मशीनें डूबने का डर सताने लगा है। इसके अलावा गड्ढों में भरा पानी से गावों के ऊपर भी खतरा मंडराने लगा है। बता दें कि ग्रामीणों प्रवेश में लगातार बारिश हो रही है। जहां बारिश से किसानों को फसल बुवाई में मदद मिल रही है। वही दूसरी ओर खड़िया के खदानों में भरा पानी गांव वासियों के लिए चिंता का सबब बनते जा रहा है। दुगनाकुरी तहसील के रीमा क्षेत्र में एन एस कारपोरेशन द्वारा संचालित खड़िया माइंस में जगह जगह पर गड्ढों में पानी भर चुका है।

# फसलों को भारी नुकसान

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिला मुख्यालय नैनीताल समेत भीमताल ब्लाक में बुधवार को दोपहर बाद हुई भारी ओलावृष्टि से किसानों की फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। बता दें कि भीमताल प्रशासक ब्लॉक प्रमुख डा. हरीश सिंह बिष्ट का विकास खंड सभागार में बुधवार को जनसंवाद कार्यक्रम चल रहा था कि इसी बीच हुई भारी ओलावृष्टि हो गयी। बाद में प्रशासक प्रमुख ने गांव के प्रशासक जनप्रतिनिधियों से ओलावृष्टि व बारिश से हुए नकुसान के बारे में जानकारी ली।

प्रमुख डा. बिष्ट ने सूबे के मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री तथा जिलाधिकारी को पत्र लिखा और कृषि, उद्यान व राजस्व विभाग के अधिकारियों को गांव में जाकर उचित मुआयना करने के निर्देश दिए। बिष्ट के मुताबिक बुधवार को लोग ओलों का साइज देखकर भी हैरान रह गए। किसानों ने बताया कि ओलों का साइज 50 ग्राम से 100 ग्राम तक था। उन्होंने कहा कि इतने बड़े ओलों के गिरने से खेतों में लगाई शिमला मिर्च, टमाटर, बीन तथा आलू, आडू, खुमानी पुलम की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। ओलावृष्टि से किसान को आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचा है। उन्होंने विकास भवन भीमताल के सहकारी समिति के सचिवों को निर्देशित किया तत्काल अपने क्षेत्र की रिपोर्ट सम्बंधित बीमा कंपनी एवं मुझे अवगत कराए जिससे किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ मिल सके। इस दौरान ब्लॉक सभागार में प्रशासक पूरन भट्ट, राधा कुल्याल, लता पलडिया, लक्ष्मण गंगोला, ललित मोहन, नवीन पलडिया, इंदर मेहता, धर्मेन्द शर्मा, संजय कुमार, प्रेम मेहरा, महेश भंडारी, ईश्वरी दत्त सहित अन्य प्रतिनिधियों ओलावृष्टि से हुए नुकसान का मुआवजा दिलाने की मांग की।

# सरस्वती विहार में अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नगर के दुर्गापुर स्थित प्रतिष्ठित सरस्वती शिशु मंदिर में अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता कराई गई जिसमें विद्यालय की कक्षा एलकेजी से लेकर कक्षा अष्टम तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में कक्षा एलकेजी से लवी, तनिष्का सिंह, दामिनी तथा कक्षा यूकेजी से सार्थक कुमार, सिद्धार्थ कोरंगा व काव्या तथा कक्षा प्रथम से दिव्यांशी ढोलगाई, आईजा व विनय चौसाली तथा कक्षा द्वितीय से अली राजा, तनिष्क चंद्र तथा निक्की एवं कक्षा तृतीय से इफराह खान, आलिया, कृतिका चम्याल तथा कक्षा चतुर्थ से आरती जोशी, दीपिका व मनुज बिष्ट जबकि कक्षा पंचम से नमन साह, यशस्वी जोशी, मोहम्मद जैनुल वहीं कक्षा षष्ठ से समृद्धि अधिकारी, अभय सिंह, साक्षी तथा कक्षा सप्तम से विद्या केवट, तनिष्का व यश कुमार तथा कक्षा अष्टम से मनीषा, पलक व मान्या बिनवाल ने अपना स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में मुख्य निर्णायक के रूप में हंसी नेगी (प्रधानाचार्या ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी भीमताल) तथा कृष्णकांत नेगी (सेवानिवृत दिल्ली पुलिस इंस्पेक्टर) रहे। दोनों निर्णायकों ने छात्र.छात्राओं के अंग्रेजी सुलेख की काफी प्रशंसा की। समस्त विद्यालय स्टाफ की इसके लिए सराहना कीऔर सुलेख के महत्व को विस्तार से समझाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीवान सिंह ने दोनों निर्णायकों का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता का संचालन विद्यालय की प्रतियोगिता प्रमुख कलावती ने किया। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# सेना के अदम्य साहस की सराहना

## हाईकोर्ट बार सभागार में अधिवक्ता सम्मान समारोह

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट बार सभागार में बुधवार को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा भारतीय सेना के अद्म्य साहस और वीरता से सफल आपरेशन सिंदूर के अवसर पर पूर्व रिटायर्ड सैनिक अधिकारियों व वर्तमान में उच्च न्यायालय में प्रैक्टिस कर रहे अधिवक्ताओं का सम्मान किया। सम्मान समारोह में रिटायर्ड कर्नल सुमन नेगी, रिटायर्ड कर्नल ललित कुमार, रिटायर्ड कर्नल एच. एस.शर्मा, सारजेंट पीके चौहान सहित रिटायर्ड ग्रुप कैप्टन ए. कुमार को प्रतीक चिह्व देकर सम्मानित किया गया। बता दें कि हाईकोर्ट बार एसोसिएशन में आयोजित सम्मान समारोह के दौरान उनके द्वारा



ऑपरेशन सिंदूर में तीनों सेनाओं के अदम्य साहस और सफलता पर अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि फौज द्वारा कोई भी कार्यवाही करने से पहले दुश्मनों की जान पर प्रहार करने की रणनीति तैयार की जाती है जिसकी पूरी जानकारी गुप्त होती है, इसमें भी गृह मंत्रालय व विदेश मंत्रालय की भूमिका अहम रहती है। उन्होंने कहा कि देश को बचना केवल फौजी का ही काम नही है बल्कि हम सभी का कर्तव्य है। कहा कि देश की संपत्ति को किसी भी प्रकार से नुकसान न पहुँचने पाए ताकि सैन्य शक्ति में कमी न आने पाए। देश के भीतर आपसी मतभेद न हो जिससे कि देश आर्थिक स्थिति कमजोर हो। वर्तमान में देश विकास की दौर में है। देश नहीं चाहेगा कि युद्ध से उसके आम नागरिकों की आर्थिक स्थित खराब हो फिर भी अगर देश के नागरिकों की सुरक्षा का मामला आता है तो देश की सेना हमेशा ततपर उनके साथ हैं। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता एमएस पाल, डीके शर्मा, पूर्व अध्यक्ष डीसीएस रावत, एमसी पंत, ईश्वर सिंह विष्ट सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एसोसिएशन के महासचिव वीरेंद्र सिंह रावत व कार्यक्रम का समापन एसोसिएशन के अध्यक्ष डीएस मेहता ने किया।

# गुजरात की नजर शीर्ष स्थान पर

**अहमदाबाद, वार्ता।** प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर चुकी गुजरात टाइटन्स गुरुवार को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ जीत दर्ज कर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 की अंक तालिका में शीर्ष पर अपनी पकड़ मजबूत करने मैदान में उतरेगी। वहीं क्वालीफिकेशन की दौड़ से बाहर हो चुकी लखनऊ लीग सत्र का सकारात्मक अंत करना चाहेगी।

शुभमन गिल की अगुवाई वाली गुजरात टाइटंस ने पिछले छह मैचों में पांच जीत दर्ज करते हुए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। आईपीएल के इस सत्र में गिल और साई सुदर्शन ने 12 पारियों में 76-3 की औसत से कुल 839 रन बनाए हैं। वह आईपीएल इतिहास में एक सत्र में किसी भी जोड़ी द्वारा बनाए गए सबसे अधिक रनों (939) के रिकॉर्ड को तोड़ने से महज 100 रन दूर है। गुजरात टाइटंस की हरफनमौला ताकत उसके खिताब जीतने ललक को दिखाती है। बल्लेबाजी क्रम में तीसरे नंबर पर खेलते हुए जॉस बटलर ने ओपनिंग और मध्यक्रम में

### सत्र का सकारात्मक अंत करने उतरेगा लखनऊ

खेलते हुए 11 पारियों में 71-4 की औसत और 164 के स्ट्राइक रेट से 500 रन बनाए हैं। दूसरी ओर ऋषभ पंत की अगुवाई वाली लखनऊ ने निराशाजनक सीजन का सामना किया है। पंत ने पूरे सत्र की 11 पारियों में 12-3 की औसत से मात्र 135 रन बनाए हैं। मैच जीतने के लिए उनका फॉम हासिल करना जरुरी है। एडन मारक्रम और मिशेल मार्श के बीच 115 रनों की जुझारू साझेदारी के बावजूद टीम खराब गेंदबाजी और सामरिक चूक के कारण प्रतिस्पर्धी स्कोर का बचाव करने में विफल रही। लखनऊ का मध्य क्रम दबाव में लड़खड़ता रहा है। निक. ोलस पूरन और आयुष बड़ोनी ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन उसने में निरंतरता की कमी रही। लखनऊ ने इस सत्र अपने तीन शीर्ष विदेशी बल्लेबाजों पर पूरा भरोसा किया और शुरुआत में उन्हें इसका लाभ हुआ। एडन मारक्रम, मिचेल मार्श और निकोलस पूरन ने 400 रनों का आंकड़ा पार किया है। आकाश दीप, आवेश खान और रवि बिश्नोई सहित गें. दबाज महत्वपूर्ण मौकों पर सफलता दिलाने में विफल रहे हैं। गुजरात टाइटंस की हरफनमौला ताकत उसके खिताब जीतने ललक को रेखांकित करती है। गुजरात की गेंदबाजी इकाई चरम पर है। दिलचस्प बात यह है कि वे अधिकतर ओवर पावरप्ले के बाहर फेंकते हैं, अरशद खान और राशिद खान प्रभावी रहे हैं, जबकि अनुभवी कैगिसो रबाडा और मोहम्मद सिराज ने गहराई और नियंत्रण जोड़ा है। प्रसिद्ध कृष्णा और साई किशोर ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

# भारत को 24 मई को मिल सकता है नया टेस्ट कप्तान

### इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान 24 मई को किया जा सकता है

**नई दिल्ली, वार्ता।** रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद यह चर्चा जोरों पर है कि भारतीय टेस्ट टीम का अगला कप्तान कौन होगा। भारत को अगले महीने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाना है और इसके लिए अगले कुछ दिनों में टीम घोषित हो सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान 24 मई को किया जा सकता है।

इस रिपोर्ट में बताया गया है कि शनिवार को चयन समिति की बैठक होगी जिसके बाद प्रेस कान्फ्रेंस भी हो सकती है। रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय टीम का एलान शनिवार को दोपहर 12 बजे हो सकता है। टेस्ट कप्तानी की दौड़ में जसप्रीत बुमराह, शुभमन गिल और ऋषभ पंत आगे चल रहे हैं। हालांकि, ऐसी भी खबरें आई थी कि बुमराह ने खुद को दावेदारी से अलग कर लिया है और अब गिल तथा पंत कप्तानी की दौड़ में हैं। कार्यभार प्रबंधन के चलते बुमराह का पांचों टेस्ट में खेलना मुश्किल है। स्काई स्पोर्ट्स की रिपोर्ट में बताया गया था कि एक चयनकर्ता गिल को कप्तानी सौंपने के पक्ष में नहीं है क्योंकि उनका मानना है कि गिल ने अभी तक टेस्ट टीम में जगह पक्की नहीं की है। यह सुझाव दिया गया कि उपकप्तान बनाना इस समय 25 वर्षीय खिलाड़ी के लिए बेहतर होगा। भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे से ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के अगले चक्र की शुरुआत करेगी। इस सीरीज में रविचंद्रन अश्विन, रोहित और विराट को. हली नहीं होंगे क्योंकि इन तीनों ने टेस्ट प्रारूप को अलविदा कह दिया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैचों की सीरीज के लिए भारत ए टीम का एलान किया था। इसके लिए करुण नायर और ईशान किशन जैसे खिलाड़ियों को जगह मिली थी, जबकि दूसरे टेस्ट के लिए गिल और साई सुदर्शन को भी टीम में शामिल किया गया था। माना जा रहा है कि इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में कुछ नए चेहरों को भी जगह मिल सकती है।

## रोहित-कोहली के बगैर भारत के लिए कठिन रहेगा इंग्लैंड दौरा



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम को अगले महीने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाना है। भारतीय टीम इस दौरे पर रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे खिलाड़ियों के बिना जाएगी जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इसे लेकर अब भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने अपनी राय रखी है और उनका कहना है कि भारत के लिए यह दौरा कठिन रहेगा। भारत और इंग्लैंड के बीच यह सीरीज 20 जून से शुरू हो रही है। भारत इसके साथ ही विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के नए चक्र की शुरुआत करेगा। राठौड़ ने कहा, यह दौरा कठिन होगा क्योंकि सीनियर खिलाड़ी संन्यास ले चुके हैं। युवा टीम जा रही है और नया कप्तान होगा। इन सभी चीजों से थोड़ा दबाव बनेगा। लेकिन युवाओं को अपनी प्रतिभा और क्षमता दिखाने का भी मौका मिलेगा। राठौड़ ने कहा, ये तीनों दिग्गज क्रिकेटर थे जो संन्यास ले चुके हैं। मैं चाहता था कि वे खेलते रहें लेकिन ये निजी फैसला है। मैं उन तीनों के करीब हूं। उन्होंने यह फैसला लिया है और हमें इसका सम्मान करना चाहिए। राजस्थान रायल्स के बल्लेबाजी कोच राठौड़ ने 14 वर्ष के वैभव सूर्यवंशी की तारीफ की जिसने सीएसके के खिलाफ जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने कहा, हम पिछले कुछ समय से उसके साथ काम कर रहे हैं। शायद तीन चार महीने से। दबाव के हालात में उसे इस तरह खेलते देखना शानदार है।

# एचएस प्रणॉय व किदांबी मलेशिया मास्टर्स के अगले दौर में, सिंधु बाहर







**● महिला एक वर्ग मुकाबले में वियतनाम की खिलाड़ी गुयेन थुई ने मैच पर पकड़ मजबूत करते हुए सिंधु को 21-11, 14-21 व 21-15 से हराया**

**मलेशिया, वार्ता।** एचएस प्रणॉय और किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को पुरुष वर्ग में अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्जकर मलेशिया मास्टर्स 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली है। वही भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह से हारकर महिला एकल वर्ग से बाहर हो गईं। यहां स्टेडियम एक्सियाटा एरिना केएल स्पोर्ट्स सिटी में खेले पाए मुकाबले में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु को शुरुआती गेम में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन दूसरे गेम में अच्छा प्रदर्शन करते हुए वह मैच को तीसरे गेम तक ले जाने में कामयाब रहीं।

एक घंटे तीन मिनट तक चले महिला एकल वर्ग मुकाबले में वियतनाम की गुयेन थुई लिन्ह ने आखिरी गेम पर अपनी पकड़ मजबूत करते हुए सिंधु को 21-11, 14-21, 21-15 से हराकर मैच जीत लिया। पीवी सिंधु के खिलाफ चार मैचों में गुयेन थुई लिन्ह की यह दूसरी जीत है। भारत के पुरुष खिलाड़ियों का कोर्ट पर अच्छा दिन रहा। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणॉय ने एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता जापान के केंटा निशिमोटो को मात दी। पहला गेम हारने के बावजूद एचएस प्रणॉय ने अगले दो गेम में वापसी करते हुए केंटा निशिमोटो को मुकाबले में 19-21, 21-17, 21-16 से हराया। एक अन्य मैच में किदांबी श्रीकांत ने भी चीन के लू गुआंगजू को हराकर अगले राउंड में जगह बनाई। पुरुष एकल रैंकिंग में 65वें स्थान पर काबिज किदांबी श्रीकांत ने दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी और छठे वरीय लू गुआंगजू को 23-21,13-21, 21-11 से हराया। सतीश करुणाकरण ने भी चीनी ताइपे के चोउ टिएन-चेन को 21-13, 21-14 से हराकर टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### लविशा का भारतीय वॉलीबॉल टीम में प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन

**उदयपुर, वार्ता।** राजस्थान में उदयपुर के सेंट ग्रिगोरियस सीनियर सेकेण्डरी स्कूल की छात्रा लविशा डाँगी का बालिका वर्ग के अन्डर-16 में भारतीय वॉलीबॉल टीम के प्रशिक्षण शिविर के लिए चयन हुआ है। उप प्रधानाचार्य अनिल गोस्वामी ने बताया कि उदयपुर से इस शिविर के लिए चयनित होने वाली लविशा एकमात्र छात्रा है। समस्त देश से मात्र 20 खिलाड़ियों का चयन लविशा एवं विद्यालय ही नहीं, अपितु शहर के लिए भी गर्व का विषय है। वॉलीबॉल कोर्ट में सेंटर अटेकर की पोजीशन पर अपने खेल को नई ऊँचाइयों पर पहुँचाने वाली लविशा प्रतिदिन आठ घंटे की कघी मेहनत करती है।

### पाक ने बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए टीम की घोषित

**कराची, वार्ता।** पाकिस्तान ने बांग्लादेश के खिलाफ आगामी तीन टी-20 मैचों की सीरीज के लिए घोषित 16 सदस्यीय टीम में पूर्व कप्तान बाबर आजम, अनुभवी विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी को जगह नहीं दी है। चयनकर्ताओं ने बल्लेबाज सलमान अली आगा को टीम का कप्तान, ऑलराउंडर शादाब खान को उपकप्तान बनाया है इसके अलावा अनुभवी फखर जमान, हारिस रऊफ और नसीम शाह को भी टीम में शामिल किया गया है।

# शानदार पारी के बाद वैभव सूर्यवंशी ने छुए महेन्द्र सिंह धोनी के पैर



**नई दिल्ली, वार्ता।** राजस्थान रायल्स के युवा सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने महेंद्र सिंह धोनी के पैर छुए और आशीर्वाद के साथ आईपीएल 2025 सीजन का समापन किया।

राजस्थान और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच मंगलवार को नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में मुकाबला हुआ। राजस्थान का इस सीजन यह आखिरी मुकाबला था और 14 साल

### वैभव ने आशीर्वाद के साथ आईपीएल का समापन किया

के वैभव इस मैच में भी अपना प्रभाव छोड़ने में सफल रहे। मैच के बाद जब दोनों टीमों के खिलाड़ी एक दूसरे से मिल रहे थे, तब धोनी और वैभव का सामना हुआ और इस युवा बल्लेबाज ने माही के पैर छुए। धोनी हालांकि उन्हें रोकते नजर आए। वैभव आईपीएल में खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं और उन्होंने अपने पहले ही सीजन में काफी सुर्खियां बटोरी। वैभव को इस सीजन सात मैचों में खेलने का मौका मिला और उन्होंने 206.56 के स्ट्राइक रेट और 36 के औसत से 252 रन बनाए। राजस्थान ने मेगा नीलामी में वैभव को खरीदा था और यह बल्लेबाज टीम की उम्मीदों पर खरा उतरा। हालांकि, राजस्थान की टीम प्लेआफ में जगह नहीं बना सकी और उसका सफर ग्रुप चरण में ही थम गया। वैभव सूर्यवंशी और संजू सैमसन की 90+ रनों की साझेदारी के दम पर राजस्थान रायल्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को छह विकेट से हरा दिया। इस मुक. ाबले में टास हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स ने 20 ओवर में आठ विकेट खोकर 187 रन बनाए। जवाब में राजस्थान ने 17.1 ओवर में चार विकेट गंवाकर 188 रन बनाए और टूर्नामेंट की चौथी जीत दर्ज की।

# पीकेएल: जयवीर गुजरात के मुख्य कोच बने

### वरिंदर सिंह संधु टीम का सहायक कोच नियुक्त किया

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात जायंट्स ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) 2025 के लिए 31 मई और एक जून को होने वाली खिलाड़ियों की नीलामी से पहले बुधवार को कोचिंग सदस्यों में बदलाव करते हुए दिग्गज जयवीर शर्मा को मुख्य कोच और वरिंदर सिंह संधू को टीम का सहायक कोच नियुक्त किया।

अडानी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली गुजरात जायंट्स ने नए सीजन से पहले रणनीतिक बदलाव करते हुए यह नियुक्तियां की है। जयवीर भारतीय कबड्डी में सबसे सम्मानित हस्तियों में से एक हैं। वह 1992 से भारतीय खेल प्राधिकरण के साथ काम कर रहे हैं, कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ियों के करियर को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। उनके मार्गदर्शन में, भारतीय टीम ने एशियाई खेलों, कबड्डी विश्व कप और कई मार्की कबड्डी चैंपियनशिप सहित प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों में स्वर्ण पदक जीता है। गुजरात जायंट्स का मुख्य कोच बनाये जाने पर जयवीर ने कहा कि मैं गुजरात जायंट्स में शामिल होने के लिए उत्साहित हूं। मैं टीम को भीतर से निडर बनाने को उत्सुक हूं, हमारा उद्देश्य टीम को पीकेएल में सबसे मजबूत दावेदारों में से एक बनाना है। मुझ पर भरोसा रखने और यह रोमांचक अवसर देने के लिए मैं अडानी स्पोर्ट्सलाइन का आभारी हूं। मैं पीकेएल नीलामी और एक मजबूत, प्रतिस्पर्धी टीम बनाने का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। सहायक कोच बनाये जाने पर वरिंदर ने कहा कि मैं गुजरात के परिवार में शामिल होने के लिए वास्तव में उत्साहित हूँ। दुनिया की सबसे बड़ी कबड्डी लीग में से एक का हिस्सा बनना एक अविश्वसनीय अवसर है। मैं पहली बार खिलाड़ियों की नीलामी का अनुभव और नए सत्र के लिए एक ठोस टीम बनाने के लिए उत्सुक हूँ। नए कोचिंग सदस्यों का स्वागत करते हुए अदानी स्पोर्ट्सलाइन के चीफ बिजनेस ऑफिसर संजय अडेसरा ने कहा कि जयवीर शर्मा और वरिंदर का गुजरात टीम में स्वागत करते है।

## पीकेएल नीलामी में रिकॉर्ड 10 बांग्लादेशी खिलाड़ी शामिल

**● बांग्लादेश कबड्डी महासभा ने 20 मई की समय सीमा से पहले खिलाड़ियों की सूची को अंतिम रूप देकर प्रस्तुत किया**

**ढाका, वार्ता।** भारत के मुम्बई में 31 मई और एक जून को होने वाली प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) सीजन 12 की नीलामी के लिए बांग्लादेश के 10 खिलाड़ियों का चयन किया गया है।

प्रो कबड्डी लीग का नया सीजन अगस्त 2025 में शुरू होगा और लीग में रिकार्ड 10 खिलाड़ियों का शामिल होना बांग्लादेश का कबड्डी में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। बांग्लादेश कबड्डी महासंघ ने 20 मई की समय सीमा से पहले 10 खिलाड़ियों की सूची को अंतिम रूप देकर प्रस्तुत कर दिया है। महासंघ के अनुसार, पीकेएल नीलामी में विचार के लिए प्रस्तुत बांग्लादेशी खिलाड़ियों की यह अब तक की सबसे अधिक संख्या है। चयनित खिलाड़ियों के नाम इस प्रकार हैं:- **मिजानुर रहमान, लिटन अली, आरिफ रब्बानी, रसेल हसन, राजीब अहमद, रोमन हुसैन, दीपायोन गोल्डार, मोनिरुल चौधरी, अल अमीन और शाह मोहम्मद शाहन।** पीकेएल नीलामी के लिए मांगे गए खिलाड़ियों की संख्या के मामले में बांग्लादेश, ईरान के बाद दूसरे स्थान पर है। महासंघ के महासचिव एसएम नेवाज शोहाग ने कहा कि इस साल की शुरुआत में छह बांग्लादेशी खिलाड़ियों ने नेपाल फ्रेंचाइजी कबड्डी लीग में भाग लिया था।

# रेणुकाचार्य-दीक्षा ने तैराकी में जीते स्वर्ण पदक

**दीव, वार्ता।** कर्नाटक के रेणुकाचार्य होदमनी और महाराष्ट्र की दीक्षा यादव ने बुधवार को खेलो इंडिया बीच गेम्स की पुरुष और महिला वर्ग की 10 किमी खुले पानी की समुद्री तैराकी स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। यहां कर्नाटक के रेणुकाचार्य होदमानी और महाराष्ट्र की दीक्षा यादव ने अरब सागर में आयोजित 10 किमी ओपन स्पर्धाओं में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। रेणुकाचार्य ने दो घंटे नौ मिनट और 40 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पश्चिम बंगाल के प्रत्यय भटाचार्य ने दो घंटे 12 मिनट 31 सेकेंड के समय के साथ रजत तथा महाराष्ट्र के चैतन्य लशदे ने दो घंटे 13 मिनट 14 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता। वहीं महिला वर्ग में दीक्षा ने दो घंटे 18 मिनट और नौ सेकंड का समय लेकर शीर्ष स्थान, तमिलनाडु की अरन एमपी ने दो घंटे 33 मिनट 38 सेकेंड में रेस पूरी करते हुए रजत पदक तथा महाराष्ट्र की पूर्वा गावड़े ने दो घंटे 33 मिनट 52 सेकेंड के साथ कांस्य पदक हासिल किया। स्वर्ण पदक विजेता 17 वर्षीय रेणुकाचार्य ने सात साल की उम्र में तैराकी शुरू की थी, लेकिन तीन साल पहले ही उन्होंने ओपन वॉटर में कदम रखा।

## हरियाणा व दिल्ली ने मणिपुर को हराकर सेपक टकरा टीम वर्ग का स्वर्ण पदक जीता

**दीव, वार्ता।** हरियाणा और दिल्ली की महिला और पुरुष वर्ग की ट्रीयो टीम ने बुधवार को वर्षा बाधित फाइनल मुकाबले में पारंपरिक सेपक टकरा की मजबूत मणिपुर को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किये।

यहां घोघला बीच पर खेले पाए दोनों फाइनल में बारिश के कारण एक घंटे का ब्रेक रहा। महिलाओं के फाइनल में हरियाणा ने अनुभवी मणिपुर की टीम के खिलाफ 2-1 से जीत हासिल की। मणिपुर को भारत में सेपक टकरा का गढ़ माना जाता है। कप्तान 20 वर्षीय मोनिका की अगुवाई में हरियाणा की महिला सेपक टकरा टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शीर्ष सम्मान हासिल किया।

# पिकलबॉल में हाथ आजमा रहे कोहली-अनुष्का

**● कार्तिक-दीपिका भी दिखे, आरसीबी ने साझा किया पोस्ट, आरसीबी का अब सनराजर्स हैदराबाद से सामना है होना**



**दिल्ली, वार्ता।** टीम इंडिया के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और अनुष्का शर्मा की जोड़ी पिकलबाल खेलती नजर आई। रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के टीम बान्डिंग इवेंट में कोहली-अनुष्का की जोड़ी ने पिकल. बाल खेला और जोड़ीदार के तौर पर इसमें हिस्सा लिया। आरसीबी का अब सनराइजर्स हैदराबाद से सामना होना है और इस मैच से पहले टीम के सदस्यों ने पिकलबाल में हाथ आजमाया। पिकलबाल खेलने के लिए आरसीबी के खिलाड़ियों के अलावा सहायक स्टाफ और उनके परिवार के सदस्य भी आए। आरसीबी ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है जिसमें कोहली अंक हासिल करने के बाद अनुष्का को बधाई देते दिख रहे हैं। इन दोनों के अलावा आरसीबी के बल्लेबाजी मेंटर दिनेश कार्तिक और उनकी पत्नी दीपिका पल्लीकल भी मौजूद रहीं। दीपिका भारत की स्टार स्क्वाश खिलाड़ी हैं। सनराइजर्स के खिलाफ मुकाबले से पहले आरसीबी ने सभी खिलाड़ियों और उनके परिवार को इस इवेंट के लिए बुलाया था। आरसीबी के लिए मौजूदा आईपीएल सीजन काफी शानदार रहा है और टीम प्लेआफ के लिए क्वालिफाई कर चुकी है। सनराइजर्स और आरसीबी के बीच मुकाबला बंगलूरू में होना था, लेकिन बारिश की संभावना को देखते हुए इसे लखनऊ स्थानांतरित कर दिया था। इससे पहले उसका कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ 17 मई को खेला गया मुकाबला बारिश में धुल गया था। आरसीबी और हैदराबाद के बीच आईपीएल 2025 का 65वां मुकाबला बंगलूरू में खेला जाना था, लेकिन अब इसे लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल विहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में कराने का फैसला लिया गया है। आईपीएल ने बताया कि बंगलूरू में खराब मौसम को देखते हुए लखनऊ में इस मैच को स्थानांतरित करने का फैसला किया गया है। आरसीबी की टीम को बंगलूरू में बारिश के कारण परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।

## वर्षा प्रभावित मैचों के लिए दो घंटे का अतिरिक्त समय

**मुम्बई, वार्ता।** देशभर में मानसून की शुरुआत को देखते हुए आईपीएल के लीग चरण के बारिश से प्रभावित होने वाले मैचों के लिए दो घंटे का अतिरिक्त समय दिया जायेगा। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की शासकीय परिषद ने बारिश के कारण बाधा होने की स्थिति में पूरे 40 ओवर का मैच कराये जाने के लिए 120 मिनट का अतिरिक्त समय दिये जाने निर्णय लिया है। इससे पहले केवल प्लेऑफ मैचों में दो घंटे का अतिरिक्त समय दिया जाता है। लेकिन देश भर में मॉनसून की शुरुआत को देखते हुए आईपीएल ने यह निर्णय लिया है। इस निर्णय के तहत अब दो घंटे के अतिरिक्त समय के साथ पूरा 20 ओवर का मैच के लिए दोपहर होने वाले मैच को शाम 5-30 बजे तथा शाम को होने वाले मैच को 9-30 बजे रात तक शुरू किया जा सकता है।

CMYK



# बारात में दो पक्षों में संघर्ष, एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** बारात में दो पक्षों के बीच हुए विवाद ने आज खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। इस खूनी संघर्ष में एक पक्ष से एक युवक की मौत और दो घायल हो गए। पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है वहीं घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है।





जानकारी के अनुसार मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के पठानपुरा मोहल्ले से मंगलवार को एक बारात उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर गई थी जिसमें मोहल्ले के कुछ व्यक्ति भी शामिल थे। बताया गया है कि बारात में मोहल्ले के उन व्यक्तियों का दूल्हे के कुछ आए हुए मेहमानो के साथ विवाद हो गया। वहां मामला गर्म हुआ तो लोगों ने बीच बचाव कर शांत कर दिया। बारात भी शाम को वापस लौट आई। बताया गया है कि उसके बाद रात करीब डेढ़ बजे दूल्हे के मेहमान व्यक्तियों ने पठानपुरा मोहल्ले के व्यक्तियों पर चाकुओं से हमला कर दिया। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता तब तक तो मामला बहुत बढ़ चुका था। हमले में समर पुत्र समरदराज की मौके पर ही मौत हो गई और ओवैस पुत्र राशीद, सलमान और समद पुत्र समरदराज घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने समद और ओवेश की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया। कोतवाली प्रभारी शांति कुमार ने बताया कि गुलजार पुत्र गुलबहार निवासी पठानपुरा मंगलौर शाह आलम पुत्र अनवर, अब्दुल रहमान पुत्र इमरान, फैजु पुत्र अनवर निवासीगण मुजफ्फरनगर व साहिल पुत्र रियासत निवासी हापुड़ हाल निवासी मंगलौर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जल्द आरोपी पुलिस गिरफ्त में होंगे।

# आईआईटी शिक्षण संस्थान में शांति भंग करने पर तीन युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** कोतवाली रुडकी पुलिस द्वारा 03 व्यक्तियो को आई0आई0टी0 शिक्षण संस्थान के बाहर गेट के पास शांति भंग करने पर गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार दिनाँक 20.05.2025 को रूडकी पुलिस को सूचना प्राप्त हुयी की तीन लडके आइआइटी के गेट के बाहर हंगामा कर माहौल खराब कर रहे थे। सूचना पर चेतक कर्मगण हेकानि0 321 प्रवीण मौके पर जाकर समझाने का प्रयास किया लेकिन व्यक्ति नही माने और तीनो व्यक्तियो को उनके जुर्म धारा 170 (1) बीएनएसएस से अवगत कराते हुए समय करीब 21.30 बजे हस्व कायदा हिरासत पुलिस लिया गया। अभियुक्तगण को परगना न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण अभय तिवारी पुत्र अनिल तिवारी निवासी डी एम-169 दीनदयाल नगर वाटर टैंक के पास थाना महाराजपुरा जिला ग्वालियर म0प्र0 उम्र 28 वर्ष एवं इन्द्रवीर दोहरे पुत्र सीताराम निवासी ग्राम व पोस्ट बाराकला थाना देहात भिण्ड जिला भिण्ड मध्य प्रदेश उम्र 26 वर्ष, तथा अविनाश शर्मा पुत्र ब्रजमोहन म0न0 82 कांटे साहब का बाग गोल पहाडिया लस्कर थाना इन्द्रगंज जिला ग्वालियर मध्य प्रदेश उम्र 27 वर्ष है। पुलिस टीम में अ0उ0नि0 अषाढ सिह पंवार कोतवाली रूडकी हे0का0 प्रवीन कोतवाली रूडकी होगा0 प्रदीप कोतवाली रूडकी आदि शामिल रहे।

# राजेश बने मा.शि.सं. राष्ट्रीय इंटर कॉलेज भलसवागाज के शाखा अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चुड़ियाला।** उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद हरिद्वार में राष्ट्रीय इंटर कॉलेज भलसवागाज शाखा के चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुए चुनाव में राजेश कुमार अध्यक्ष व मुकुल चौहान मंत्री चुने गए।



जानकारी के अनुसार उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा हाईस्कूल व इंटरमीडिएट कॉलेजों में शाखा के चुनाव संपन्न करायें जा रहे है । इसी क्रम में बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय इंटर कॉलेज भलसवागाज में चुनाव संपन्न हुए चुनाव अधिकारी पुष्पराज चौहान व सहायक चुनाव अधिकारी धन्नजय सिंह की देखरेख में चुनाव संपन्न हुए चुनाव में कॉलेज के प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह पुण्डीर की ओर से अध्यक्ष पद पर ,राजेश कुमार मंत्री पद पर मुकुल चौहान उपाध्यक्ष पद पर सुधीर कुमार उपमंत्री पद पर मीनू एवं कोषाध्यक्ष पद पर गीता रौतेला के नाम का प्रस्ताव रखा जिसका सभी सदस्यों ने समर्थन किया। जिसके बाद चुनाव अधिकारी ने उपरोक्त सभी के निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा की। विधालय के प्रधानाचार्य एवं उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह पुण्डीर ने निर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलाने के साथ ही वहां उपस्थित संघ पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया ओर बधाई एवं शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर ,दिग्विजय सिंह , अश्विनी कुमार, मोहिनी पुण्डीर, अंजू त्यागी, दुर्वेश त्यागी , विश्वास कुमार , पंकज कुमार, सुनील कुमार , गीता रौतेला, सुरभि, साधना , मोनिका, मीनू, मीनाक्षी , प्रदीप कुमार , रिया आदि मौजूद रहे।

# लंढौरा सरकारी अस्पताल में जल्द मिलेंगी सुविधाएं : निदेशक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** स्वास्थ्य निदेशक डॉ. मनोज उप्रेती ने लंढौरा सरकारी अस्पताल का निरीक्षण किया। इसदौरान निदेशक ने कहा कि जून माह में अस्पताल को नई बिल्डिंग में शिफ्ट करने के साथ जरूरी सुविधाएं शुरू कर दी जाएंगी।



लंढौरा सरकारी अस्पताल में वर्ष 2021 में करीब सात करोड़ रुपये स्वीकृत कर नई बिल्डिंग का निर्माण शुरू किया गया था। बिल्डिंग का निर्माण को पूरा हुए एक साल से अधिक समय बीत चुका है। लेकिन अभी तक अस्पताल को नई बिल्डिंग में शिफ्ट नहीं किया गया। और न ही स्पेसलिस्ट डॉक्टरों की तैनाती हो पाई है। बुधवार को स्वास्थ्य निदेशक डॉ. मनोज कुमार उप्रेती ने सीएमओ डॉ. आरके सिंह के साथ लंढौरा सरकारी अस्पताल और बनकर तैयार हो चुकी नई बिल्डिंग का निरीक्षण किया। इसदौरान हैल्थ डायरेक्टर ने कहा कि जून माह में अस्पताल को नई बिल्डिंग में शिफ्ट कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि नई बिल्डिंग में अस्पताल शिफ्ट होने के साथ एक महिला डॉक्टर और दो तीन स्पेसलिस्ट डॉक्टरों की तैनाती भी की जाएगी। हैल्थ डायरेक्टर ने बताया कि नई बिल्डिंग में अस्पताल के शिफ्ट होने के बाद क्षेत्र के लोगों को जरूरी स्वास्थ्य सेवा का लाभ यहीं पर मिलना शुरू हो जाएगा अभी तक लोगों को जरूरी स्वास्थ्य सेवा लेने के लिए रुड़की या मंगलौर जाना पड़ता था। निरीक्षण के दौरान डॉ. विक्रांत सिरोही, डॉ. एसके सिंह और अस्पताल का स्टाफ तैनात रहा।

# ट्रक की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** दिल्ली हरिद्वार हाईवे पर कोर इंजीनियरिंग कॉलेज के पास ट्रक की चपेट में आकर एक बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार सिविल लाइन कोतवाली को सूचना मिली कि कोर कॉलेज/ राजा ढाबा के पास से आ रही मोटर साइकिल स्पलेंडर रोड पर चल रहे ट्रक संख्या 0543 से टकरा गया जिसमें घायल 1-विक्रम पुत्र जगपाल निवासी थाना कोतवाली देहात सहारनपुर (गंभीर रूप से घायल) 2-अरुण पुत्र अतर सिंह निवासी लूंडी थाना रामपुर सहारनपुर (साधारण घायल) हो गए जिन्हें 108 व प्राइवेट एम्बुलेंस से सरकारी अस्पताल भेजवाया गया जिसमे विक्रम उपरोक्त को डॉक्टर द्वारा मृत घोषित किया गया। मौके पर विक्रम उपरोक्त का परिजन मौजूद है। मृतक के शव को पंचनामा कार्यवाही की जा रही है।

# फैक्ट्रीकर्मी के खाते से 38 हजार की रकम उड़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** फैक्टरीकर्मी को झांसा देकर उसके खाते से साइबर ठग ने 38 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित को ठग ने डेबिट कार्ड ब्लॉक होने का झांसा दिया था। पुलिस को मामले में तहरीर मिली है।

गंगनहर कोतवाली क्षेत्र के कृष्णानगर निवासी रोहित सिडकुल स्थित एक फैक्टरी में कर्मचारी है। रोहित का शहर के एक बैंक में खाता है। उसके फोन पर रविवार शाम को अज्ञात नंबर से फोन आया था। फोन करने वाले ने रोहित को बताया कि वह मुम्बई स्थित एक बैंक के मुख्य कार्यालय से बोल रहा है। झांसा दिया था कि डेबिट कार्ड की अवधि समाप्त हो चुकी है। कुछ जानकारी साझा करने पर या तो नया कार्ड बनवा सकते हैं या नवीनीकरण करा सकते हैं। इस बीच ऑनलाइन नवीनीकरण कराने के लिए व्हाट्सएप पर एक लिंक भेजा गया। इसके बाद व्हाट्सएप पर आए लिंक पर क्लिक कर दिया। क्लिक करते ही 38 हजार रुपये की रकम साफ हो गई थी। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि लोगों को कभी अज्ञात से कोई भी जरूरी जानकारी साझा करने से बचाना चाहिए।

# बाजार से लौट रहे युवक को पीटा, की फायरिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** एक युवक ने चार युवकों पर रास्ते में रोककर धारदार हथियार से हमला करने और तमंचे से फायरिंग करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

लक्सर कोतवाली के बहादरपुर खादर गांव निवासी युवक शान ने पुलिस को बताया कि वह बाइक पर बाजार से लौट रहा था। मार्ग में पहले से मौजूद कुछ युवकों ने गाली-गलौज करते हुए उसे रोक लिया और धारदार हथियार से हमला किया। आरोपियों ने उसे बुरी तरह से पीटा। इसके बाद जाते समय उन्होंने तमंचे से फायरिंग की। आरोपी अब उसे जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़ित ने हमलावर युवकों में चार की पहचान करते हुए उनके नाम मोनू उर्फ बच्ची, लव, रितिक और काव्य निवासी लक्सर बताए हैं। इंस्पेक्टर राजीव रौथाण ने बताया कि तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# चोरी के सामान के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** कोतवाली रूडकी पुलिस ने चोरी के सामान के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से चार दिन पूर्व चोरी मोबाइल फोन व कंप्यूटर संबंधित सामान बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर न्यायालय में पेश कर दिया है। 17 मई को सरस्वती एनक्लेव निवासी अरविंद शर्मा ने पुलिस को बताया था कि 14/15 मई की रात में चोरों ने उसके घर से दो मोबाइल फोन, एक कैमरा व छह हजार रुपये चोरी कर लिए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। देर शाम एक सूचना पर पुलिस ने संदिग्ध अवस्था में नहर पटरी से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी की बात कबूल की। उसके पास से एक मोबाइल फोन व कंप्यूटर का सामान बरामद हुआ। उसने पुलिस को बताया कि ये सामान उसने अपने साथी के साथ मिलकर सरस्वती एन्क्लेव के एक मकान से चोरी किया था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम अक्षय कुमार निवासी झबरपुर थाना पुरकाजी जनपद मुजफ्फरनगर बताया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शांति कुमार गंगवार ने बताया कि आरोपी अक्षय कुमार का चालान कर न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

# किसानों के तीन ट्यूबवेल के मोटर चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के तांशीपुर में चोरों ने धावा बोलते हुए तीन ट्यूबवेल से मोटर चोरी कर लिए। किसानों द्वारा सूचना पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी है। किसानों का कहना है कि जनवरी माह में भी यहां से मोटर चोरी हो चुकी है।

मंगलौर कोतवाली क्षेत्र के तांशीपुर के खेतों में मंगलवार रात चोरों की चलकदमी ने हड़कंप मचा दिया। किसानों को इसका पता सुबह तब लगा जब वह सुबह खेतों में गए और ट्यूबवेल से मोटर चोरी मिले। बात फैली तो पता लगा कि गांव के तीन किसानों आदेश पुत्र चमलाल, सोनू पुत्र राजपाल और अरविंद पुत्र जयलाल के खेतों से ट्यूबवेल से मोटर चोरी हुए हैं। वहीं किसानों द्वारा 112 के माध्यम से सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# ट्रेन से कटकर युवक की दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** झबरेडा थाना क्षेत्र के इकबालपुर के पास ट्रेन से कट कर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पीएम को भिजवाया। पुलिस के प्रयास से मृतक की पहचान फाजिलपुर निवासी 24 वर्षीय आकाश के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार इकबालपुर चौकी इंचार्ज नितिन बिश्ठ ने बताया कि मंगलवार देर रात इकबालपुर फाटक के पास ट्रेन से कट कर एक युवक की मौत हो गयी। सूचना पर तुरत पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे ओर शव का पंचनामा भर पीएम के लिए भिजवायां।

**अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ केस दर्ज :** रूडकी। पुलिस ने अज्ञात डंपर चालक के खिलाफ साहिल की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया जिसमें सालियर चौकी के पास टक्कर मार दी थी उसके चाचा को गंभीर रूप से घायल कर दिया था और फरार हो गया था।

# डूबे युवक का शव बरामद, भगवानपुर क्षेत्र में सड़क किनारे मिला अज्ञात शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी/भगवानपुर।** भगवानपुर थाना क्षेत्र में सडक किनारे एक अज्ञात शव मिला है। वहीं गंगनहर में डूबकर लापता हुए 32 वर्षीय युवक का शव पुलिस ने बरामद कर लिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। गंगनहर कोतवाली पुलिस को 16 मई को सुमित शर्मा निवासी पुरानी तहसील ने सूचना दी थी कि राहुल उम्र 32 वर्ष निवासी अंबाला सुंदर नगर थाना पड़ाव हरियाणा अपनी मौसी के घर पुरानी तहसील आया हुआ था। वह शाम के वक्त गंगनहर किनारे पहुंचा था और वहां पर फिसलने से गंगनहर में डूबकर लापता हो गया था। इसके बाद से परिवार और पुलिस राहुल की तलाश में थे। मंगलवार को शव मोहम्मदपुर झाल से बरामद हुआ। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि गंगनहर में डूबकर लापता हुए युवक राहुल का शव मोहम्मदपुर झाल से बरामद कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

तो भगवानपुर थाना क्षेत्र में भी सडक किनारे एक अज्ञात शव मिला है जिसकी पहचान नहीं हो पायी है। प्रभारी निरीक्षक सूर्यभूषण ने बताया कि तेजुपुर गांव से यूपी जाने वाली सडक से अज्ञात शव मिला।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र शमशाद का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने शमशाद को अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है आज के बाद शमशाद के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**जमशेद पुत्र फरजंद अली नि. पाडली गुर्जर, थाना गंगनहर तह. रूडकी, जिला हरिद्वार।**

# झगड़ा करने पर दस का चालान

**मंगलौर।** मंगलौर कोतवाली पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर झगडा कर रहे दस लोगों का शांतिभंग में चालान किया है।

मंगलौर व नारसन में कुछ लोग झगडा कर रहे थे पुलिस के समझाने पर हिरासत में लिया जिसमें रामधन, अमन, रिशभ, अमित, बिलकिस, अभिषेक, लाल कमल अरविंद निवासी लिब्बरहेडी व परिक्षित, यशपाल आदि का शांतिभंग में चालान कर तीन बाइक सीज की।

# अनियंत्रित ट्रक ने फार्म हाउस की दीवार तोड़ी, केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रूडकी।** तीव्र गति से आ रहा एक ट्रक अनियंत्रित होकर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित एक फार्म हाउस की दीवार तोड़कर अंदर जा घुसा। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत चौधरी चरण सिंह कॉलोनी निवासी विरेन्द्र कुमार एड ने पुलिस को बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित लिब्बरहेड़ी गांव के पास उनका फार्म हाउस है। 16 मई को सुबह करीब 5:30 बजे एक ट्रक मुजफ्फरनगर की ओर से तीव्र गति से आ रहा था जो अनियंत्रित होकर उनके फार्म हाउस की दीवार तोड़कर अंदर घुस गया। ट्रक के अंदर घुसने से चौकीदार बाल-बाल बच गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को कब्जे में ले लिया। कोतवाल शांति कुमार गंगवार ने बताया कि तहरीर के आधार पर ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

**अश्लील मैसेज भेजने का आरोप : रूडकी।** एक महिला ने अज्ञात पर अश्लील मैसेज भेजने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। बताया कि उसकी फेसबुक आइडी पर अन्य फेसबुक आईडी से अश्लील मैसेज आ रहे हैं जिसको संपर्क कर मना भी किया लेकिन वह बाज नहीं आ रहा है। तहरीर के बाद पुलिस ने महिला की तलाश शुरू कर दी है। जांच की जा रही है।

# एएचटीयू ने जनता को साइबर अपराध व यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** एण्टी हयुमन ट्रैफिकिंग यूनिट की तरफ से आमजन को साइबर अपराध से बचाव यातायात नियमों का पालन तथा नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने का अभियान लगातार जारी है।



अभियान के तहत राष्ट्रीय इंटर कॉलेज भलसवागाज हरिद्वार में एएसआई देवेन्द्र कुमार की टीम ने कालेज के विद्यार्थियों को साइबर अपराध से सुरक्षा,यातायात के नियमों का पालन,बाल श्रम,नशे के दुष्प्रभाव व मानव तस्करी आदि के बारे में जानकारी दी। एएसआई देवेन्द्र कुमार ने कहा कि आपके माता-पिता बहुत मेहनत से पैसे कमाते हैं। जरा सी लापरवाही के कारण अक्सर लोग ऑनलाइन ठगी का शिकार हो जाते हैं,इसलिए हमें किसी भी सूरत में बैंक खातों से संबंधित कोई भी जानकारी व पासवर्ड या ओटीपी किसी के साथ भी शेयर नहीं करना चाहिए। किसी के पास किसी भी प्रकार का कोई अज्ञात मैसेज आता है तो उस पर क्लिक नहीं करना है। अगर फिर भी किसी के साथ साइबर क्राइम की घटना घट जाती है तो तुरंत साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 व डायल 112 पर संपर्क करें। साइबर ठगी से सुरक्षा खुद की जागरूकता में ही निहित है। हेड कांस्टेबल मुकेश कुमार ने कहा कि यातायात के नियमों का पालन करके हम सड़क दुर्घटनाओं को रोक सकते हैं। दीपक चन्द ने बताया कि नशा एक भयानक बीमारी है हम सभी को इससे दूर रहना चाहिए। क्योंकि युवा नशा करके आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हो जाते हैं। हमें अपने समाज को नशे व साइबर क्राइम से बचाना है। कॉलेज के प्रधानाचार्य जितेन्द्र सिंह पुण्डीर ने टीम का धन्यवाद करते हुए विधार्थियों को बताएं गये नियमों का पालन करने का आह्वान किया। इस दौरान हैंड कांस्टेबल सुरजीत कौर,शशिबाला,विश्वास चौधरी,मुकुल चौहान,दुर्वेश त्यागी,अश्विनी कुमार,सुनील राणा आदि मौजूद रहे।

# लंढौरा में विरोध के चलते बैरंग लौटी ऊर्जा निगम की टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** कस्बे में हाईटेंशन लाइन खींचने के लिए पोल लगाने पहुंची ऊर्जा निगम की टीम भारी विरोध का सामना करना पड़ा। जिसके चलते टीम को पोल लगाए बिना ही बैरंग वापस लौटने पर मजबूर होना पड़ा।



लंढौरा में काली मंदिर के पास से ग्यारह हजार बिजली की लाइन मदरसा इमदादुल इस्लाम की साइड जा रही है। उक्त लाइन के नीचे कुछ लोगों के घर भी आ रहे है। दो दशक पहले मकान का लेंटर डाल रहा था। इसी दरमियान हाईटेंशन करंट लगने से किशोर की मौत हो गई थी। कुछ समय पहले लोगों ने खानपुर विधायक से हाईटेंशन लाइन को किसी दूसरे स्थान से निकालने की मांग की थी। जिस पर दूसरे जगह से लाइन को निकालने का एस्टीमेट बनाया गया है। मंगलवार को ऊर्जा निगम के जेई मुकेश कुमार पुलिस बल के साथ टीम को लेकर लाइन के लिए पोल लगाने पहुंचे थे। इसीदौरान मोहल्ला पठान के लोगों इसका जमकर विरोध शुरू कर दिया। मोहल्ले के लोगों का कहना कहना था कि आबादी में घरों सामने से हाईटेंशन लाइन खींचे जाने हादसे होने की संभावना बढ़ जाएगी। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि आबादी के पीछे सरकारी नाले की जमीन खाली पड़ी हुई है। लाइन को उक्त सरकारी जमीन से खींचने से किसी को कोई आपत्ति नहीं है। मोहल्ले के लोगों के विरोध के चलते ऊर्जा निगम की टीम को पोल लगाए बिना ही बैरंग लौटने पर मजबूर होना पड़ा है। एसडीओ गुलशन बुलानी का कहना है कि विवाद के चलते अभी कार्य को रोक दिया गया है। दोबारा एस्टीमेट बनवा कर किसी उपयुक्त जगह से लाइन को खींचा जाएगा। पोल लगाने का विरोध करने वालों में पूर्व सभासद खलील अहमद, शाहेजमा, वसीम, अरशद, शमीम, इकबाल आदि लोग शामिल रहे।

CMYK


# सम्पादकीय

गुरुवार, 22 मई 2025

## अभिव्यक्ति की आजादी

बुधवार को उच्चतम न्यायालय ने अशोका विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सोशल मीडिया पर की गई उनकी विवादित टिप्पणी के मामले में यह सशर्त अंतरिम जमानत दी है। प्रो. अली खान अशोका विवि. में राजनीतिक विज्ञान विभाग के प्रमुख हैं। उनको एक विवादित टिप्पणी को लेकर हरियाणा पुलिस ने रविवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। उनके विरुद्ध दो मामले दर्ज किए गए थे। ध्यान रहे कि उन्होंने अपनी पोस्ट में कहा था कि वह कर्नल सोफिया कुरैशी की प्रशंसा करते हैं और इतने सारे दक्षिणपंथी टिप्पणीकारों को देखकर बहुत खुश हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा था कि शायद वह उतने ही जोर से यह भी मांग कर सकते हैं कि भीड़ द्वारा हत्या, मनमाने ढंग से बुल्डोजर कराने और भाजपा के नफरत फैलाने के शिकार अन्यों को भारतीय नागरिक के रूप में संरक्षित किया जाए। हरियाणा पुलिस के साथ-साथ हरियाणा राज्य महिला आयोग ने भी प्रोफेसर की इन टिप्पणियों की आलोचना की थी। आयोग ने उनकी टिप्पणियों को भारतीय सशस्त्र बलों में महिला अधिकारियों के प्रति अपमानजनक बताया, साथ ही आयोग का मानना था कि ये टिप्पणियां सांप्रदायिक विद्वेष को बढ़ावा देने वाली हैं। प्रो. अली खान महमूदाबाद की गिरफ्तारी भारतीय राजनीति में एक चर्चा का विषय भी बन गई। ऐसे लोगों की भी कमी नहीं है जिनका मानना है कि प्रो. ने अपनी टिप्पणियों में ऐसा कुछ भी नहीं कहा, जिससे लगे कि उन्होंने देश के विरुद्ध जाकर कोई काम किया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी प्रोफेसर की गिरफ्तारी और हिरासत से संबंधित मीडिया रिपोर्ट का संज्ञान लेने हुए हरियाणा के पुलिस महानिदेशक को नोटिस जारी कर एक सप्ताह में विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का मानना है कि रिपोर्ट प्रथम दृष्टया इस बात का खुलासा करती है कि उक्त प्रोफेसर के मानवाधिकारों और स्वतंत्रता का उल्लंघन किया गया है। असल में यह एक चलन सा हो गया है, जो कोई भी सरकार के कामकाज को लेकर उसकी आलोचना करता है, उसको देश के प्रति आला. चना मान लिया जाता है। सबसे बड़ी चिंता की बात यह है कि अभिव्यक्ति के नाम पर दी गई टिप्पणियों के विरुद्ध जो कार्रवाई होती है वह सिलेक्टिव होती है, जबकि कानून सभी के लिए समान होना चाहिए। ऑपरेशन सिंदूर के बाद मध्य प्रदेश के दो मंत्रियों की बेहद निंदनीय टिप्पणी आई, जिसमें एक मंत्री महोदय कर्नल सोफिया को आतंकवादी की बहन तक बता रहे हैं, तो दूसरे मंत्री भारतीय सेना को प्रधानमंत्री मोदी के चरणों में समर्पित होने की बात कह रहे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने मंत्री की टिप्पणियों को लेकर सख्त नारा. जगी जताई है। अभी तक कोई कार्रवाई तो दूर उनका त्यागपत्र भी नहीं लिया गया है। जबकि चारों ओर से यह मांग उठ रही है। कोर्ट के आदेश पर जो रिपोर्ट दर्ज भी हुई है, वह बेहद लचीली है, जिस पर कोर्ट ने नाराजगी जताई है। लोकतंत्र में कानून सभी के लिए समान होना चाहिए।

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल पीआर स्टंट



प्रधानमंत्री मोदी की तरफ से ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अंतर्राष्ट्रीय दौरों पर सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजना एक पीआर स्टंट और ध्यान भटकाने की कोशिश है, सरकार ने अभी तक पहलगाम आतंकी हमले और चीन-पाकिस्तान जैसे गंभीर मुद्दों पर संसद का विशेष सत्र नहीं बुलाया है, हम आतंकवाद, पाकिस्तान और चीन के मुद्दों को लेकर गंभीर हैं, तो संसद का विशेष सत्र क्यों नहीं बुलाया जा रहा, विपक्षी पार्टियां 22 अप्रैल से ऑल-पार्टी मीटिंग की मांग कर रही हैं, दो बैठकें तो हुई, लेकिन पीएम उसमें शामिल नहीं हुए, इसके बाद पीएम को पत्र लिखकर संसद सत्र बुलाने की मांग की गई, पाक के आतंकवाद को समर्थन देने और उसके चीन से रणनीतिक रिश्तों को संसद में चर्चा का विषय बनाना चाहिए था, पर सरकार ने ध्यान हटाने के लिए जातीय जनगणना और अब ये विदेशी दौरे शुरू कर दिए हैं। **-जयराम रमेश, वरिष्ठ कांग्रेस नेता**

# विलुप्त होती प्रजातियां: जीवन के अस्तित्व पर संकट की दस्तक

विश्व जैव विविधता दिवस पर विशेष

मनुष्यों की ही भांति जीव-जंतु और पेड़-पौधे भी इस धरती के अभिन्न अंग हैं लेकिन विडंबना यह है कि मनुष्य ने अपने स्वार्थों और तथाकथित विकास की दौड़ में इनके अस्तित्व पर ही संकट खड़ा कर दिया है। जंगलों की अंधाधुंध कटाई, शहरीकरण, औद्योगीकरण और अनियंत्रित मानवीय गति. विधियों के चलते वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास उजड़ चुके हैं और वनस्पतियों की कई प्रजातियां लगभग समाप्ति की कगार पर हैं। पारिस्थितिकी तंत्र, जिसमें सभी जैविक और अजैविक तत्व एक-दूसरे पर निर्भर होते हैं, अब असंतुलित होता जा रहा है। यह असंतुलन न केवल जीव-जंतुओं के जीवन चक्र को प्रभावित कर रहा है बल्कि मनुष्य के अस्तित्व के लिए भी गंभीर खतरा बन चुका है। दुनियाभर में हजारों वन्य प्रजातियां या तो पूरी तरह विलुप्त हो चुकी हैं या विलुप्त होने के कगार पर हैं। वनस्पतियों की स्थिति भी कुछ अलग नहीं है। जब किसी पारिस्थितिकी तंत्र से एक भी प्रजाति लुप्त होती है तो उससे जुड़ी कई अन्य प्रजातियों की कड़ी भी प्रभावित होती है, जिससे पूरी जैव श्रंखला खतरे में पड़ जाती है। इस जैव विविधता की क्षति का असर सीधे-सीधे मानव जीवन पर भी पड़ रहा है, जिसे अब नजरअंदाज करना आत्मघाती सिद्ध हो सकता है।

वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवन में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। आज मानवीय क्रियाकलापों तथा अतिक्रमण के अलावा प्रदूषण वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं तथा वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। प्रदूषण मुक्त सांसें पुस्तक में विस्तार से यह उल्लेख है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। दरअसल विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण जिस प्रकार असंतुलित हो रहा है, वह पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बना है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है।

लगभग हर देश में कुछ ऐसे जीव-जंतु और पेड़-पौधे पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं, लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते जीव-जंतुओं के आशियाने लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं, वहीं वनस्पतियों की कई प्रजातियों का भी अस्तित्व मिट रहा है। हालांकि जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों की विविधता से ही पृथ्वी का प्राकृतिक सौन्दर्य है, इसलिए भी लुप्तप्राय: पौधों और जीव-जंत. ुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है।

इसीलिए पृथ्वी पर मौजूद जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए तथा जैव विविधता के मुद्दों के बारे में लोगों में जागरूकता और समझ बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 22 मई को अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है।

20 दिसम्बर 2000 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा प्रस्ताव पारित करके इसे मनाने की शुरुआत की गई थी। इस प्रस्ताव पर 193 देशों द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। दरअसल 22 मई 1992 को नैरोबी एक्ट में जैव विविधता पर अभिसमय के पाठ को स्वीकार किया गया था, इसीलिए यह दिवस मनाने के लिए 22 मई का दिन ही निर्धारित किया गया। अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस इस वर्ष 'प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास' विषय के साथ मनाया जा रहा है।



पेड़-पौधों की संख्या पृथ्वी पर जिस तेज गति के साथ घट रही है, उसने न केवल पर्यावरण का संतुलन बिगाड़ रहा है बल्कि अनेक जीव-जंतुओं और पक्षियों को उनके प्राकृतिक घरों से भी वंचित होना पड़ रहा है। परिणामस्वरूप, अनेक प्रजातियां विलुप्त होने के कगार पर पहुंच चुकी हैं। पर्यावरण विशेषज्ञों की स्पष्ट चेता. वनी है कि यदि अब भी इस संकट की अनदेखी की गई तो निकट भविष्य में ऐसी भयावह स्थिति उत्पन्न होगी कि न केवल पेड़-पौधों की दुर्लभ प्रजातियां समाप्त हो जाएंगी बल्कि अनेक पशु-पक्षी भी धरती से सदा के लिए मिट जाएंगे। माना कि विकास आवश्यक है लेकिन वह ऐसा हो, जो प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाए रखे। प्रदूषण मुक्त सांसें पुस्तक में यह गंभीर चेतावनी दी गई है कि यदि विकास की दौड़ में जंगलों की कटाई और जीव-जंत. ुओं के आवासों का विनाश जारी रहा तो वह दिन दूर नहीं जब मनुष्य स्वयं अपने अस्तित्व को खतरे में डाल देगा। तेजी से बढ़ती आबादी और शहरीकरण ने मनुष्य को इस हद तक स्वार्थी बना दिया है कि उसने यह तक भूलना शुरू कर दिया है कि उसका जीवन भी प्रकृति के सहारे ही संभव है। खेतों में कीटों को नियंत्रित करने वाले चिड़िया, तीतर, कौआ, गिद्ध, मोर जैसे पक्षी भी आज विलुप्ति के कगार पर हैं। यह पक्षी न केवल किसानों के मित्र माने जाते रहे हैं बल्कि जैव विविधता की श्रंखला में एक महत्वपूर्ण कड़ी हैं। धरती पर जीवन को सुचारु और संतुलित बनाए रखने में जैव विविधता की बहुत अहम भूमिका है, इसलिए यदि हम आज ही सजग नहीं हुए और इन दुर्लभ प्रजातियों तथा उनके प्राकृतिक निवास की रक्षा नहीं की तो आने वाले समय में न केवल पर्यावरणीय संकट और तेजी से गहराएगा बल्कि मानव जीवन भी संकट में पड़ जाएगा। अब समय आ गया है कि हम विकास और संरक्षण के बीच संतुलन साधें। **-अतुल गोयल**

### विश्व की प्रमुख संकटग्रस्त प्रजातियां

**सुमात्रा राइनो**- इंडोनेशिया में पाई जाने वाली यह गैंडे की प्रजाति विलुप्ति के कगार पर है।
**अमूर तेंदुआ**- रूस और चीन की सीमा पर पाई जाती है, केवल कुछ दर्जन बचे हैं।
**जावन राइनो**- जावा द्वीप में कुछ ही बचे हैं।
**सीगिंग गोरिल्ला**- अफ्रीका में पाई जाने वाली यह प्रजाति भी खतरे में है।
**वैक्सन डॉल्फिन ( वाकिता )**- मेक्सिको के समुद्री क्षेत्र में पाई जाती है, केवल 10.20 के बीच बचे हैं।
**एशियाई चीता**- ईरान में पाई जाती है, गिने-चुने ही शेष हैं।
**गैंगेटिक डॉल्फिन**- भारत और नेपाल में पाई जाती है, संकट में है।
**ऑरंगुटान्स ( बोर्नियो और सुमात्रा )**- जंगलों की कटाई से आबादी घट रही है।

### भारत की प्रमुख संकटग्रस्त प्रजातियां

भारत में भी कई वन्य प्रजातियां संकट के दौर से गुजर रही हैं। उनमें से कुछ इस प्रकार हैं-
**हिम तेंदुआ**- अत्यधिक ठंडे क्षेत्रों में पाई जाती है, इनकी संख्या घटती जा रही है।
**हाथी**- जंगलों के विनाश और मानव-पशु संघर्ष के कारण संकट में हैं।
**कस्तूरी मृग**- अवैध शिकार के कारण संकटग्रस्त।
**गंगा डॉल्फिन**- प्रदूषण और अवैध शिकार का शिकार।
**बंगाल बस्टर्ड**- घास के मैदानों के विनाश के कारण बहुत कम बचे हैं।
**लाल पांडा**- सीमित क्षेत्रों में पाया जाता है, आवास खतरे में हैं।
**वन बिल्ली**- राजस्थान, गुजरात आदि में पाई जाती है, विलुप्ति की ओर अग्रसर।

**गर्मी के मौसम में सत्तू केवल ठंडा और सेहतमंद पेय नहीं, बल्कि एक बहुपयोगी खाद्य सामग्री है जिससे कई स्वादिष्ट और पारंपरिक व्यंजन बनाए जा सकते हैं। चाहे लड्डू हो, शरबत या कचौरी सत्तू हर रुप में स्वाद और स्वास्थ्य दोनों का ख्याल रखता है। इस गर्मी, सत्तू को अपने आहार का हिस्सा बनाएं और स्वाद के साथ-साथ सेहत भी पाएं।**

# गर्मी में सत्तू: स्वाद और सेहत का संगम

गर्मियों की तेज लू और चिलचिलाती धूप से राहत पाने के लिए शरीर को ठंडक पहुंचाने वाले और पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थ बेहद जरूरी हैं। ऐसा ही एक परंपरागत और चमत्कारी सुपरफूड है सत्तू। यह भुने हुए चने या जौ को पीसकर बनाया जाता है और सदियों से पंजाब, राजस्थान, बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और बंगाल में इसका उपयोग किया जा रहा है।

सत्तू का सेवन गर्मी में शरीर को ठंडक देने, हाइड्रेट रखने और ऊर्जा बनाए रखने के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। इसमें प्रोटीन, फाइबर, आयरन, कैल्शियम और मैग्नीशियम जैसे जरूरी पोषक तत्व मौजूद होते हैं। सत्तू पाचन सुधारता है, पेट की जलन और अपच से राहत दिलाता है। इसे शरबत के रूप में ही नहीं, बल्कि कई स्वादिष्ट व्यंजनों में भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

### सत्तू के लड्डू

**सामग्री-**
सत्तू- 250 ग्राम
बूरा या पिसी चीनी-200 ग्राम
घी-200 ग्राम
इलायची-7-8 (पाउडर बना लें)
काजू-20-25
बादाम-20-25
पिस्ता-10-12
**विधि**-कढ़ाई में घी गर्म करें और उसमें सत्तू डालकर धीमी आंच पर 5-6 मिनट तक भूनें। गैस बंद करके मिश्रण को अलग बर्तन में निकाल लें और ठंडा होने दें। काजू, बादाम और पिस्ता बारीक काट लें। ठंडे सत्तू में बूरा, इलायची पाउडर और कटे हुए मेवे मिलाएं। सब कुछ अच्छे से मिलाकर मनचाहे आकार के लड्डू बना लें और ऊपर से पिस्ते से सजाएं। स्वादिष्ट और पोषक सत्तू के लड्डू तैयार हैं।

### सत्तू का मीठा और नमकीन शर्बत

**मीठा सत्तू ड्रिंक-**
सामग्री-
चने का सत्तू-कप
पानी-1 कप
नींबू- 1
पिसी चीनी- 2 टेबल स्पून
काला नमक-टीस्पून
**विधि**- सत्तू में थोड़ा पानी डालकर गुठलियां खत्म होने तक घोलें, फिर बाकी पानी मिलाएं। उसमें नींबू का रस, पिसी चीनी और काला नमक डालकर अच्छी तरह मिलाएं। ठंडा-ठंडा मीठा सत्तू शरबत तैयार है।

### नमकीन सत्तू ड्रिंक

**सामग्री-**
सत्तू-कप
पानी-1 कप
नींबू-1
काला नमक-टीस्पून
साधारण नमक-स्वादानुसार
भुना जीरा-टीस्पून
हरी मिर्च बारीक कटी-1
पुदीना- 6-7 पत्ते
**विधि**- सत्तू को थोड़े पानी में घोलें, फिर उसमें बाकी पानी डालें। अब इसमें नींबू रस, नमक, काला नमक, भुना जीरा, हरी मिर्च और पुदीना डालकर मिलाएं। ठंडा कर सर्व करें। यह ड्रिंक शरीर को ठंडक और ताजगी से भर देता है।

### सत्तू की कचौरी

सामग्री- आटा गूंधने के लिए- गेहूं का आटा-2 कप, तेल-4 टेबल स्पून, नमक-स्वादानुसार, पिट्ठी (भरावन) के लिए-सत्तू-150 ग्राम, घी-3-4 टेबल स्पून
हींग-2 पिंच, जीरा- टीस्पून, धनिया पाउडर-1 टीस्पून, सौंफ पाउडर-1 टीस्पून, हरी मिर्च-2 (बारीक कटी), अदरक-1 इंच (कद्दूकस किया हुआ), लाल मिर्च पाउडर, गरम मसाला, अमचूर- प्रत्येक-टीस्पून, हरा धनिया-1 टेबल स्पून (कटा हुआ), नमक- स्वादानुसार
**विधि-**
सबसे पहले आटे में तेल और नमक मिलाकर नरम आटा गूंध लें और ढककर 20 मिनट के लिए रख दें। पिठी के लिए कढ़ाई में घी गर्म करके उसमें हींग और जीरा तड़काएं। फिर अदरक, हरी मिर्च, सत्तू, सौंफ और धनिया पाउडर डालें और हल्का भूनें। अब बाकी मसाले और नमक मिलाकर मिश्रण ठंडा करें। आटे की छोटी लोइयां बनाएं, बीच में पिट्ठी भरें और कचौरी का आकार दें। बेलकर गर्म तेल में सुनहरा होने तक तलें। गरमागरम कचौरी को हरी धनिया की चटनी या आम के अचार के साथ परोसें।

# विकास उड़ गया आंधी में



निर्मल रानी



दिल्ली-एनसीआर को गत दिनों तेज आंधी, बारिश व तूफान का सामना करना पड़ा। इस तेज आंधी में नई दिल्ली स्टेशन के करीब नबी करीम क्षेत्र में एक निर्माणाधीन मकान की दीवार गिर गई, जिसमें दब जाने से 3 लोगों की मौत हो गई और 3 लोग घायल हो गए, जबकि कई जगहों पर पेड़ उखड़ने का भी समाचार है परन्तु शायद इस आंधी का सबसे अधिक प्रकोप न्यू अशोक नगर रैपिड मेट्रो स्टेशन को झेलना पड़ा। दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ रैपिड रेलवे ट्रांजिट सिस्टम के बीच आने वाले इस स्टेशन के एक बड़े हिस्से की छत ही तेज हवा के चलते उड़ गई।

छत की कई टीन नीचे सड़क पर जा गिरी तो कई हवा में लटकने लगीं। गौरतलब है कि अभी करीब चार माह पूर्व ही 5 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिल्ली-मेरठ रेपिड रेलवे ट्रांजिट सिस्टम के 13 किलोमीटर लंबे जिस सेक्शन का उद्घाटन किया था, न्यू अशोक नगर स्टेशन भी उसी सेक्शन के बीच आने वाला एक प्रमुख स्टेशन है और यह नवनिर्मित स्टेशन आंधी-तूफान का एक झटका भी नहीं झेल पाया। दिल्ली के न्यू अशोक नगर को उत्तर प्रदेश के साहिबाबाद से जोड़ने वाली इस परियोजना में 4,600 करोड़ रुपए की लागत आई है। न्यू अशोक नगर रैपिड मेट्रो स्टेशन पर हुए इस हादसे के बाद सुरक्षा के दृष्टिगत नमो भारत ट्रेन की सेवाओं के आवागमन को अगले आदेश तक स्थगित करना पड़ा था। इस हादसे के बाद एक बार फिर स्टेशन की छत के निर्माण की गुणवत्ता पर प्रश्न उठने लगे हैं। यहां एक बात यह भी काबिले गौर है न केवल प्रधानमंत्री नई ट्रेन को झंडी दिखा कर रवाना करते हैं बल्कि पुल,हाईवे एक्सप्रेसवे के छोटे से नवनिर्मित हिस्से जैसी परियोजनाओं का भी वे स्वयं उद्घाटन करते हैं बल्कि ऐसे अवसरों पर प्राय: कांग्रेस की सरकार को कोसने और अपनी पीठ थपथपाने से भी नहीं चूकते। मिसाल के तौर पर गत वर्ष द्वारका एक्सप्रेसवे के उद्घाटन के समय प्रधानमंत्री ने तंज करते हुए कहा था कि कांग्रेस ने 7 दशक तक जो गड्ढे खोदे थे वे अब तेजी से भरे जा रहे हैं। उसी समय उन्होंने यह भी कहा था कि मैं न छोटा सोच सकता हूं, न मैं मामूली सपने देखता हूं और न ही मैं मामूली संकल्प करता हूं। मुझे जो चाहिए विराट चाहिए, विशाल चाहिए और तेज गति से चाहिए क्योंकि 2047 में मुझे देश को विकसित भारत के रूप में देखना है। परन्तु उन्होंने यह नहीं कहा कि मुझे हर परियोजना का निर्माण टिकाऊ व मजबूत भी चाहिए। याद कीजिए 16 जुलाई को प्रधानमंत्री ने जिला जालौन के कैथेरी में पूरे प्रचार-प्रसार के साथ जिस बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन किया था वह एक्सप्रेस-वे उद्घाटन के केवल 5 दिन बाद ही जगह-जगह से धंस गया था और उसमें कई जगह बड़े बड़े गड्ढे पड़ गए थे। जिसके कारण कई वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गए थे। चित्रकूट के भरतकूप से शुरू होकर इटावा के कुद. रेल में मिलने वाले इस बुन्देलखंड एक्सप्रेस वे के निर्माण पर करीब 14 हजार करोड़ की लागत आई थी। इसके एक वर्ष बाद फिर इसी एक्सप्रेस वे पर पुन: चित्रकूट को जाने वाली लेन पर करीब एक दर्जन गड्ढे हो गए थे। इन गड्ढों में पानी भरने से एक्सप्रेस वे से निकलने वाले कई वाहनों को दुर्घटना का शिकार होना पड़ा था। उस समय भी मीडिया में इस परियोजना की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए गए थे और काफी घटिया निर्माण के चलते सरकार की काफी फजीहत हुई थी। जाहिर है यह गड्ढे कांग्रेस के समय के नहीं थे। इसी तरह देश के सबसे लंबे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर दौसा जिले के भांडारेज के पास पर भारी वाहन गुजरने से सड़क धंस गई, जिससे बड़ा गड्डा हो गया था। इस परियोजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ड्रीम प्रोजेक्ट बताया गया था। यहां भांडारेज टोल के पास भारी वाहन गुजरने मात्र से सड़क धंस गई थी जिससे सड़क के बीचों-बीच 15 फुट गहरा गड्ढा हो गया था । इस एक्सप्रेस वे पर गड्ढे होने के बाद इसमें भी घटिया निर्माण सामग्री के इस्तेमाल तथा लापरवाही का आरोप लगा था। इस परियोजना के निर्माण पर भी लगभग 1 लाख करोड़ रुपए की लागत आई थी। 12 फरवरी 2023 को इस का भी प्रधानमंत्री मोदी ने ही उद्घाटन किया था और उद्घाटन करते हुए इसे भी देश की आधारभूत संरचना का एक उत्कृष्ट उदाहरण बताया था, लेकिन उद्घाटन के कुछ ही महीनों में बारिश ने इस उत्कृष्ट निर्माण की वास्तविकता को उजागर कर दिया था। इस तरह के दर्जनों ऐसे उदाहरण हैं जो या तो निर्माण के समय ही ध्वस्त या क्षतिग्रस्त हो गए या उद्घाटन के कुछ समय बाद ही उनकी असलियत उजागर हो गई। अभी गत वर्ष बिहार में इसतरह एक के बाद एक कई बड़े पुल ढह गए। गत वर्ष अयोध्या नगरी में कई जगह सड़कें धंस गईं। चंडीगढ़ से राजस्था को जाने वाला अंबाला से होकर गुजरने वाला हाइवे अपने निर्माण के कुछ ही समय बाद क्षतिग्रस्त हो गया था। इसपर बने कई पुल भारी वहां गुजरने पर आज भी थरथर हिलते हैं। यह सारे गड्ढे विक. सित राष्ट्र के मार्ग में पड़ने वाले गड्ढे हैं जिनकी जिम्मेदारी न ही कांग्रेस की है न ही पंडित नेहरू की। सवाल यह है कि इस तरह के घटिया निर्माण के पीछे का रहस्य आखिर क्या है? कौन हैं इन कंपनीज के मालिक जो जनता के टैक्स के पैसों की इस तरह खुलकर लूट करते हैं? जनधन की लूट खसोट का यह सिलसिला आखिर कभी खत्म भी होगा या नहीं?

इन लुटेरी निर्माण कंपनियों को किसकी शह मिली हुई है? क्या वजह है कि जिन मुगलों को विदेशी व आक्रांता बताकर दिन रात वोट बटोरने की राजनीति की जाती है उनके समय के बनाए हुए हजारों निर्माण आज भी पूरी मजबूती के साथ अपना सिर बुलंद किए खड़े हैं। इसी तरह अंग्रेजों के शासनकाल के अनेक महत्वपूर्ण निर्माण आज तक क्षतिग्रस्त नहीं हुए। उदाहरणार्थ 18 जनवरी 1927 को तत्कालीन गवर्नर-जनरल लॉर्ड इरविन द्वारा उद्घाटित व ब्रिटिश वास्तुकारों एडविन लुटियंस और हर्बर्ट बेकर द्वारा डिजाइन किए गए पुराने संसद भवन का आज तक बाल भी बांका नहीं हुआ जबकि सेन्ट्रल विस्टा परियोजना के अंतर्गत बना नया संसद भवन जिसका उद्घाटन 28 मई 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था उसमें पहली बारिश के दौरान ही पानी टपकने लगा था। निश्चित रूप से यह इस भवन की गुणवत्ता या निर्माण में कमी के कारण ही था। इससे नए संसद भवन की प्रतिष्ठा को भी ठेस पहुंची थी। परन्तु आश्चर्य है कि भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस व विकास का हर वक्त ढिंढोरा पीटने वाली सरकार का विकास कहीं गड्ढों में घुसा जा रहा है तो कहीं आंधी में उड़ा जा रहा है?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पाकिस्तान में स्कूल बस पर विद्रोहियों का हमला, पांच की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार जिले में बुधवार को विद्रोहियों ने एक स्कूल बस पर हमला किया, हमले में तीन छात्रों सहित पांच लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इस बीच पाकिस्तानी सेना की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने 'स्कूल जाने वाले निर्दोष बच्चों' पर विद्रोहियों के इस हमले की कड़ी निंदा की और हमले के 'योजनाकारों, उकसाने वालों और इसे अंजाम' देने वालों का पता लगाकर उन्हें न्याय के कटघरे में खड़ा करने का संकल्प जताया। खुजदार के उपायुक्त यासिर इकबाल दश्ती ने बताया कि जिले के जीरो पॉइंट इलाके में स्कूल बस के पास एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन में विस्फोट किया। हमले में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और छात्रों

> ■ खुजदार के उपायुक्त यासिर इकबाल दश्ती ने बताया जिले के जीरो पॉइंट इलाके में स्कूल बस के पास एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से लदे वाहन में विस्फोट किया

और कर्मचारियों सहित अन्य 40 घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने स्थानीय मीडिया को बताया कि शक्तिशाली विस्फोट के बाद बस के परखच्चे उड़ गए। विस्फोट की सूचना मिलने के बाद बचाव दल और कानून प्रवर्तन एजेंसियां घटनास्थल पर पहुंचीं और घायलों को पास के अस्पतालों में पहुंचाया गया है। पुलिस ने समूचे इलाके की घेराबंदी कर दोषियों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। अभी तक किसी संगठन ने इस विस्फोट की जिम्मेदारी नहीं ली है।



नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर वीर भूमि पर पुष्पांजलि अर्पित करते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

## पाकिस्तान-भारत के बीच मतभेदों को सुलझाने का स्वागतः चीन

बीजिंग। चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने कहा है कि चीन पाकिस्तान और भारत द्वारा बातचीत के माध्यम से अपने मतभेदों को ठीक से निपटाने, व्यापक और स्थाई युद्धविराम हासिल करने और मौलिक समाधान तलाशने का स्वागत करता है और उसका समर्थन करता है। चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य वांग ने पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार के साथ बातचीत करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि यह दोनों पक्षों के मौलिक और दीर्घकालिक हितों के अनुरूप है, जो क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए अनुकूल है और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय की आम अपेक्षा के अनुरूप भी है। वांग ने कहा कि चीन और पाकिस्तान ने पारंपरिक मित्रता को मजबूत करने, पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को मजबूत करने और चुनौतियों का संयुक्त रूप से समाधान करने पर घनिष्ठ रणनीतिक संचार बनाए रखा है, जो द्विपक्षीय संबंधों के उच्च स्तर को दर्शाता है।

## प्रदर्शनकारियों ने सिंध के गृहमंत्री का घर जलाया

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में प्रदर्शनकारियों ने सिंध के गृह मंत्री जियाउल हसन लंजर का घर जला दिया। प्रदर्शनकारियों ने घर की सुरक्षा में तैनात गाड्र्स को भी पीटा। रिपोर्ट के मुताबिक सिंध के नौशेहरो फिरोज जिले में पुलिस और एक राष्ट्रवादी संगठन के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई थी। इसमें कम से कम 2 लोगों की मौत हो गई।

इसके अलावा दोनों तरफ के कई लोग भी घायल हो गए। पाकिस्तान सरकार की योजना सिंध नदी पर नहर बनाने की है। इससे स्थानीय लोग नाराज हैं। उनका कहना है कि सरकार उनकी जमीन और पानी छीन रही है। जब प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर धरना देने की कोशिश की, तो पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। इसके तनाव बढ़ गया। नाराज होकर लोगों ने सिंध के गृह मंत्री के घर पर हमला कर दिया था। प्रदर्शनकारियों ने कुछ ट्रकों को लूट

> ■ सिंधु नदी का पानी डायवर्ट करने की स्कीम के खिलाफ प्रदर्शन, इसी दौरान भड़की हिंसा


लिया और उनमें से कुछ को आग लगा दी। पाकिस्तानी वेबसाइट जियो टीवी के मुताबिक सरकार की योजना सिंध नदीं पर नहरें बनाकर चोलिस्तान में हजारों एकड़ बंजर जमीन पर खेती करने की है। इसकी लागत करीब 211 अरब रुपये (63 अरब) है। हालांकि बिलावल भुट्टो की पार्टी पीपीपी इसके खिलाफ है। उनका कहना है कि सिंध को इससे नुकसान होगा और उनका पानी छीन लिया जाएगा। कुछ हफ्ते पहले एक समिति (काउंसिल ऑफ कामन इंटरेस्ट-सीसीआई) ने भी इस प्रोजेक्ट को खारिज कर दिया था। उनका कहना था कि जब तक सभी राज्यों (प्रांतों) की आपसी सहमति नहीं होगी, तब तक कोई नई नहर नहीं बनेगी।

# पाकिस्तान से अफगानिस्तान तक सड़क बनाएगा चीन

### विदेश मंत्रियों की बैठक में सहमति बनी, चर्चित सीपीईसी प्रोजेक्ट पर भारत अपित्त जता चुका है

**बीजिंग।** चीन, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के विदेश मंत्रियों की बुधवार को बीजिंग में हुई बैठक में चीन-पाकिस्तान इकोनामिक कारिडोर (सीपीईसी) का अफगानिस्तान तक विस्तार करने पर सहमति बनी है।

पाकिस्तान के फारेन आफिस (पीएफओ) ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। चीन के शिंजियांग से पाकिस्तान के बलूचिस्तान में ग्वादर पोर्ट तक बनने वाला यह कारिडोर अफगानिस्तान तक जाएगा। इस कारिडोर से चीन की प्लानिंग मिडिल-ईस्ट के देशों से सड़क कनेक्टिविटी बनाना है। सीपीईसी का विस्तार पाकिस्तान से अफगानिस्तान में कहां-कहां होगा, इसकी जानकारी अभी नहीं आई है।



पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मोहम्मद इशाक डार, चीन के विदेश मंत्री वांग ई और अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी ने आज बीजिंग में बैठक की। बैठक में तीनों मंत्रियों ने क्षेत्रीय सुरक्षा और आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए आपसी सहयोग को जरूरी माना। इसके साथ ही डिप्लोमैटिक कोआपरेशन आगे बढ़ाने और इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाने पर चर्चा की। चाइना-पाकिस्तान इकोनामिक कारिडोर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग की महत्वाकांक्षी योजना है। इसकी शुरुआत 2013 में की गई थी। इसमें चीन के शिंजियांग प्रांत से पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट तक 60 बिलियन डॉलर (करीब 5 लाख करोड़ रुपये) की लागत से आर्थिक गलियारा बनाया जा रहा है। इसके जरिए चीन की अरब सागर तक पहुंच हो जाएगी। सीपीईसी के तहत चीन सड़क, बंदरगाह, रेलवे और ऊर्जा प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहा है। 50 बिलियन डॉलर की लागत वाला सीपीईसी पाकिस्तान के बलूचिस्तान में मौजूद ग्वादर पोर्ट और चीन के शिंजियांग को जोड़ेगा। सीपीईसी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के गिलगित-बाल्टिस्तान इलाके से भी गुजरता है, जिस पर भारत का दावा है। भारत का मानना है कि सीपीईसी के जरिए चीन विस्तारवाद की नीति पर चल रहा है और भारत को घेरने की कोशिश कर रहा है।

## लश्कर के को-फाउंडर आमिर हमजा के घायल होने की चर्चा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में कुख्यात आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का को-फाउंडर आमिर हमजा एक हादसे में घायल हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उसे उसे पाकिस्तानी एजेंसी आईएसआई की सुरक्षा में लाहौर के एक मिलिट्री हास्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक घर में हुए एक हादसे में उसे चोट लग गई थी, जिसके बाद उसे इलाज के लिए ले जाया गया। वहीं, कुछ सोशल मीडिया पोस्ट्स में यह दावा किया गया है कि आमिर हमजा पर हमला हुआ है और उसे गोली मारी गई है।

हालांकि, अभी तक इसकी पुष्टि नहीं हुई है। 2 दिन पहले लश्कर-ए-तैयबा और जमात का आतंकवादी रजुल्लाह निजामनी उर्फ अबू सैफुल्लाह के मारे जाने की जानकारी आई थी। आतंकी आमिर हमजा 1987 में लश्कर-ए-तैयबा की स्थापना में

> **पाकिस्तान के मिलिट्री अस्पताल में भर्ती, हाफिज सईद का करीबी, 2014 में ग्लोबल टेररिस्ट घोषित**

शामिल 17 लोगों में से एक है। वह आतंकी गतिविधियों, प्रचार, फंड जुटाने और लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े कई अखबारों और पत्रिकाओं का संपादन करता था। वह लश्कर की सेंट्रल एडवाइजरी कमेटी का सदस्य भी रहा है और अन्य आतंकी समूहों के साथ संबंध स्थापित करने में एक्टिव रहा है। हमजा ने हाफिज सईद के नेतृत्व में लश्कर-ए-तैयबा को दूसरे आतंकी समूहों से जोड़ने का काम किया। वह लश्कर से जुड़े एक चौरिटी संगठन का नेतृत्व करता था और लश्कर के यूनिवर्सिटी ट्रस्ट के बोर्ड में शामिल था, जिसे पहले हाफिज सईद संभालता था। हमजा ने 1980 के दशक में अफगानिस्तान में सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में हिस्सा लिया था।

## ट्रम्प ने कर और व्यय विधेयक पर समर्थन के लिए रिपब्लिकन सांसदों से की अपील

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कर और व्यय विधेयक का समर्थन करने के लिए रिपब्लिकन सांसदों से अपील की है। ट्रम्प कैपिटल हिल गए और अपनी पार्टी के सांसदों से व्यक्तिगत रूप से कर कटौती और स्वास्थ्य सेवा कार्यक्रम में बदलावों वाले विधेयक का समर्थन करने की अपील की। कुछ सदस्य अब भी संशय में हैं। वहीं, ज्यादा खर्च कटौती की मांग कर रहे कट्टरपंथी नेताओं को उदारवादी रिपब्लिकनों से कड़ा विरोध झेलना पड़ रहा है। राष्ट्रपति का उद्देश्य अपने विधेयक के लिए समर्थन जुटाना था, जिसे वह एक बड़ी और महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखते हैं। उल्लेखनीय है कि यह विधेयक वर्ष 2017 के ट्रम्प टैक्स कटौती को आगे बढ़ाएगा, टिप्स और ओवरटाइम काम पर कोई टैक्स नहीं लगाएगा, तथा मेडिकेड कवरेज और खाद्य सहायता कार्यक्रमों में कटौती करेगा।

# अमेरिका के लिए नया डिफेंस सिस्टम बनवा रहे ट्रम्प

**वाशिंगटन।** इजरायली के आयरन डोम की तरह अमेरिका भी खुद का डिफेंस सिस्टम गोल्डन डोम बनाने जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगवलार को इसका ऐलान करते हुए कहा कि इसके लिए एक डिजाइन भी चुन लिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि गोल्डन डोम उनके कार्यकाल के आखिर तक चालू हो जाएगा।

एक बार तैयार होने पर यह मिसाइलों को रोकने में सक्षम होगा। भले ही उन्हें दुनिया के किसी भी हिस्से से लान्च किया जाए। ट्रम्प ने दावा किया कि गोल्डन डोम अंतरिक्ष से हुए हमलों को भी रोकने के काबिल होगा। स्पेस, जमीन और

> ■ गोल्डन डोम स्पेस से होने वाले हमले भी रोकेगा, इजरायली आयरन डोम से ज्यादा मजबूत होगा

समुद्र तीनों जगहों से होगी हिफाजत ट्रम्प का कहना है कि अमेरिकी मिसाइल डिफेंस सिस्टम में पिछले 40 साल से कोई बदलाव नहीं हुआ है। दुनिया में कई एडवांस तकनीक से लैस मिसाइलें बन रही हैं। अभी का डिफेंस सिस्टम ऐसे खतरों का मुकाबला करने के काबिल नहीं है। दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रम्प ने इससे जुड़े एक कार्यकारी आदेश पर दस्तखत भी किया था। उन्होंने पेंटागन को अमेरिकी मिसाइल रक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए 'नेक्स्ट जेनेरेशन मिसाइल डिफेंस सिस्टम' तैयार करने का आदेश दिया, ताकि चीन, रूस, उत्तर कोरिया या फिर किसी और देश से आने वाले बैलिस्टिक मिसाइल को रोका जा सके। गोल्डन डोम को अंतरिक्ष, जमीन और समुद्र, तीनों जगहों से काम करने के लिए डिजाइन किया जा रहा है। इसमें ऐसी तकनीक होगी जो दुश्मन की मिसाइल को लान्च होते ही पकड़ लेगी और रास्ते में ही उसे तबाह कर देंगी। इजरायली ने 2011 से मिसाइलें रोकने के लिए सिस्टम इस्तेमाल किया है।

## टेस्ला का नेतृत्व करने के लिए प्रतिबद्ध हैं मस्क

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी उद्योगपति एलन मस्क ने कहा है कि वह अगले पांच वर्षों तक टेस्ला ऑटोमोटिव कंपनी का नेतृत्व करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और भविष्य में राजनीतिक खर्च में कटौती करेंगे।

'ब्लूमबर्ग न्यूज' की जारी रिपोर्ट के अनुसार, कतर की राजधानी दोहा में आर्थिक मंच पर मस्क ने कहा कि उन्हें टेस्ला में 'कुछ अद्भुत' काम के लिए उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। उन्होंने

> ■ यह कंपनी के भविष्य पर एक उचित नियंत्रण की बात है: मस्क

डेलावेयर न्यायाधीश की आलोचना की, जिन्होंने 2018 में कंपनी की ओर से उन्हें दिए गए बड़े वेतन पैकेज के खिलाफ दो बार फैसला सुनाया और दोहराया कि वह धन के बजाय अधिकार के कारणों से टेस्ला के अधिक शेयर रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि यह पैसे की बात नहीं है। यह कंपनी के भविष्य पर एक उचित नियंत्रण की बात है। उद्योगपति ने कहा कि वह भविष्य में राजनीति पर अब कम खर्च करेंगे क्योंकि उन्हें लगता है कि उन्होंने इस पर काफी खर्च कर लिया है। उन्होंने कहा कि अगर मुझे भविष्य में राजनीतिक खर्च करने का कोई कारण दिखाई देता है, तो मैं ऐसा करूंगा। मस्क ने वर्ष 2008 से टेस्ला कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) हैं।

# राजनीति पर भविष्य में काफी कम खर्च करेंगे एलन मस्क

**दोहा।** अमेरिका के प्रमुख उद्योगपति एलन मस्क ने कहा है कि वह भविष्य में राजनीति पर पहले से काफी कम खर्च करेंगे।

ट्रम्प के राष्ट्रपति चुनाव अभियान और अन्य रिपब्लिक उम्मीदवारों को समर्थन देने के लिए 30 करोड़ से अधिक डॉलर खर्च करने के बाद मस्क ने दोहा की राजधानी कतर में एक आर्थिक मंच पर कहा कि मैं भविष्य में राजनीति पर पहले के मुकाबले काफी कम खर्च करूंगा, क्योंकि मुझे लगता है कि इस बार, राजनीति पर मैंने ज्यादा ही खर्च कर दिया है। मस्क ने हालांकि भविष्य में राजनीतिक चंदा देने से पूरी तरह से इन्कार नहीं किया है। उन्होंने कहा कि अगर मुझे भविष्य में राजनीति पर खर्च करने की कोई वजह दिखेगी, तो मैं जरूर करूंगा। ट्रंप के कट्टर समर्थक के रूप में उद्योगपति मस्क की भूमिका के कारण टेस्ला ऑटोमोटिव कंपनी को विरोध का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी बिक्री और शेयरों में गिरावट आई है। ट्रंप के शपथ ग्रहण के बाद से टेस्ला के शेयर में करीब 20 प्रतिशत की गिरावट आई है, हालांकि मस्क के मंगलवार के बयान के बाद इसमें 3.3 प्रतिशत की हल्की बढ़त देखी गई।



Contact for admission
Seats are Limited
Low Neet Score.... Low Budget Student's (Don't Worry)
Register Today....and Get Discount
Complete Your MBBS in just 20 to 23 Lakhs (Approx) Including
Tuition Fee, Hostel Fee, Food 3 Times, Visa Ext., Insurance
Medical, Transportation, Laundry & FMGE Coaching By
Experts Regularly (No Extra, No Hidden Charges
➤Russia ➤Georgia ➤Kazakistan ➤Kyragyzstan ➤Uzbekistan ➤Iran ➤Bangladesh ➤Nepal ➤China ➤Europe ➤Egypt ➤Armenia ➤U.K. ➤Canada ➤U.S.A.
Anjum Kaleem
8384872313
9457439020
No need to go Delhi or NCR, Come to Bijnor
100% Sure and Safe
India's Leading Education Consultancy
M.B.B.S./M.D BHMS, BAMS BDS, BUMS
Since 2010
ABROAD ADMISSION & COUNSELLING FOR INDIA
Top Govt. Universities NMC, WHO, WFME, UNESCO, US Assmebly Approved Universities
Indian Hostel And Mess Available
Lowest Price Packages
www.mbbsbijnor.com
M.B.B.S. ABROAD CONSULTANCY
Office Add. : Moin ka Chauraha Opposite Tiranga Enterprise, Chahshreen B-21, Bijnor

## यूएई, इजरायल गाजा में तत्काल मानवीय सहायता शुरू करने पर सहमतः नाह्यान

**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और इजरायल ने यूएई से गाजा पट्टी तक तत्काल मानवीय सहायता फिर से शुरू करने पर सहमति जताई है। यूएई के विदेश मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाह्यान और इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने फोन में हुई बातचीत में यूएई से गाजा पट्टी तक तत्काल मानवीय सहायता आपूर्ति फिर से शुरू करने सहमति व्यक्त की है।

दोनों देशों के मंत्रियों के बीच हुई इस बातचीत के बाद यूएई विदेश मंत्रालय के यहां जारी एक बयान के मुताबिक यह सहायता शुरुआती चरण में गाजा पट्टी में लगभग 15,000 नागरिकों की खाद्य जरूरतों को पूरा

> ■ गाजा पट्टी में लगभग 15000 नागरिकों की खाद्य जरूरतों को पूरा करेगी

करेगी। यूएई की मानवीय सहायता में बेकरी को चालू रखने के लिए आवश्यक आपूर्ति और शिशु देखभाल के लिए आवश्यक वस्तुएं शामिल होंगी। बयान के मुताबिक दोनों पक्षों ने मानवीय संघर्ष विराम को फिर से शुरू करने, युद्ध विराम सुनिश्चित करने और बंधकों की रिहाई के लिए क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों पर भी चर्चा की। गौरतलब है कि इजरायल ने पिछले शुक्रवार को ऑपरेशन 'गिदोन रथ' के तहत गाजा पट्टी में फिर से हमला शुरू कर दिया था।

Recruitment For Teaching Staff
Assistant professor Law
Qualification: (A) B.A.LL.B/LL.B and LL.M with 55% marks
(B) UGC NET or Ph.D (Law)
Salary As per Govt. Norms
Eligible candidates are invited to send their resumes to idcdeoband@gmail.com and appear for the interview within 15 days with original documents and a recent colored photograph.
❑ Experienced Candidates will be preferred.
ISLAMIA COLLEGE OF LAW
Deoband, Distt., Saharanpur
Contact No. : 9045143298, 8755525452
Email Id- idcdeoband@gmail.com